WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नव प्रदेश** प्रदेश के साथ पूरा देश...

बिलासपुर, रविवार, 12 जनवरी 2025 | शुक्ल पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 270 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | RNI NO.CHHHIN/2015/62431 | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

चट्टानों से बहती धारा अच्छी है पर नुकीली चट्टान खतरनाक

दूर से देखने पर और दर्शनीय हुआ देवपहरी

मनमोह लेती है जलप्रपात की बहती धारा

ईश्वर चंद्रा

कोरबा/नवप्रदेश। शहर से लगभग 60 ये 65 किलोमीटर दूर कोरबा ब्लॉक में मौजूद देवपहरी जल प्रपात का शानदान नजारा पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है। यहां के दर्शनीय नजारे को एक बार निहारने के बाद पर्यटकों के दिल और दिमाग में यहां का दृश्य इस तरह बस जाता है कि वे अगली बार मौका मिलते ही दोबारा भी इस खूबसूरत दृश्य को निहारने जरूर पहुंचते हैं। वे कभी अपने दोस्तों के साथ कभी परिवार के सदस्यों के साथ यहां आते हैं और दूध सी बहुत ही तेज गति में बहती जलधारा को देखते हैं और जलधारा की आवाज को महसूस करते हैं। आसपास का खुला वातावरण, दूर-दूर तक विशालयकाय चमकते चट्टानों के एक स्थान पर स्थिर टुकड़े और रेत पर बहुत ही स्वच्छ पानी के बीच शांति और सुकून का अहसास देवपहरी जलप्रपात जैसे स्थान को और भी पहचान दिलाती है। शेष पृष्ठ 6 पर

गंदगी न करें और अति उत्साही न बनें

देवपहरी जलप्रपात का खूबसूरत नजारा यहां आकर शांति, सुकून का अहसास कराता है। इस मनोरम दृश्य को निहारने के साथ यहां पर यादगार तस्वीर जरूर लें पर यहां आकर खाना पकाने और गंदगी फैलाने का कार्य न करें। यदि आप अपने साथ खाने की वस्तुएं लाएं भी है तो उन्हें अपने साथ किसी बैग में भरकर वापस ले जाएं और निर्धारित कचरे वाले स्थान पर फेंके। कुछ लोगां द्वारा फेंकी गई गंदगी, बोतले, चिप्स सहित अन्य खाद्य सामग्री की खाली पैकेट यहां की गंदगी को बढ़ाने के साथ अन्य पर्यटकों के लिए मुसीबत बनती है। बेहतर होगा कि आप घर से खाना बनाकर टिपिन में पैक कर लांए और यहां घूमने-फिरने के बाद किसी अच्छे स्थान पर बैठकर खाये। देवपहरी जलप्रपात देखने में जितना सुंदर है, उतना खतरनाक और जोखिम भरा भी है। कई बार अति उत्साह में कुछ लोग खतरनाक स्थानों पर चले जाते हैं। पानी में छलांग लगाना शुरू कर देते हैं। यहां खतरनाक और नुकीले चट्टान है, जो फिसलन वाले भी है। पानी की गहराई का भी किसी को अंदाजा नहीं होता। ऐसे में अति उत्साह में पानी में छलांग लगाना, जोखिम उठाते हुए सेल्फी के चक्कर में खतरनाक शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

अब तो चुनाव का सीधा सीधा हिसाब हो गया कि इस हाथ दे और उस हाथ ले। वो जमाना गुजर गया जब दारू की एक बोतल और चंद नोट के बदले वोट कबाड़ लिये जाते थे। दारू मुर्गा और पैसे अभी भी देने पड़ते हैं पर सिर्फ इससे काम नहीं चलता। अब मतदाताओं का एक बड़ा तबका यह देखता है कि किस पार्टी की सरकार पूरे पांच साल तक उन्हें मुफ्त में क्या क्या देगी? नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी राजनीतिक पार्टियों के बीच नोट के बदले वोट हथियाने की होड़ लगी है। जय हो नोटतंत्र की।

मुंगेली हादसा: रेस्क्यू ऑपरेशन, मलबे से तीन शव निकाले

मुंगेली/बिलासपुर/नवप्रदेश । मुंगेली जिले के सरगांव में ग्राम पंचायत रामबोड़ स्थित कुसुम प्लांट में साइलो हटाने के बाद कलेक्टर राहुल देव, एसपी भोजराम पटेल की उपस्थिति में जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, की टीम द्वारा पूरी रात चुनौतीपूर्ण रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। लगभग 40 घंटे चले इस ऑपरेशन में राखड़ के मलबे में फंसे तीन शवों को निकाल लिया गया है। मृतकों में अवधेश कश्यप, पिता निखादराम कश्यप निवासी तागा जांजगीर चांपा, प्रकाश यादव, पिता परदेशी यादव निवासी अकोली बलौदाबाजार, जयंत साहू, पिता काशीनाथ साहू निवासी जबड़ापारा सरकंडा बिलासपुर हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए बिलासपुर सिम्स भेजा गया है।

पहली बार बदले नियमों के तहत होगी नए सीईसी की नियुक्ति

सुप्रीम कोर्ट नए कानून पर करेगा विचार

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली में चुनाव की तारीखों का एलान हो चुका है। इस बीच मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने की तारीख भी करीब आ रही है। दिल्ली में मतदान और नतीजों के आने के कुछ दिन बाद ही सीईसी अपने पद से सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ऐसे में, राजीव कुमार के बाद पहली बार नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति बदले नियमों के तहत होगी। पहले मुख्य चुनाव आयुक्त के पैनल में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) भी होते थे। मगर नए कानून में सीजेआई को पैनल से बाहर रखा गया है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की नजर अब इसी नए कानून पर होगी। इस कानून की वैधता को चुनौती दी गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, जो दिसंबर 2023 में लागू हुआ, का पहला उपयोग मार्च 2024 में हुआ था, जब ज्ञानेश कुमार और एस एस संधू को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था। यह नियुक्ति अरुण गोयल के इस्तीफे और अनुप चंद्र पांडे के सेवानिवृत्त होने के बाद हुई थी।

इन लोगों के नामों पर संशय

ज्ञानेश कुमार और संधू में से किसी को चुना जाएगा। ज्ञानेश का कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक है, जब वे 65 वर्ष के हो जाएंगे। कानून के अनुसार, कानून मंत्री की अध्यक्षता वाली एक खोज समिति जिसमें दो केंद्रीय सचिव शामिल होंगे, चयन समिति के लिए पांच नामों का एक पैनल तैयार करेगी। चयन समिति, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करेंगे। इसमें प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल होंगे, राष्ट्रपति को मुख्य चुनाव आयुक्त या चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए एक नाम की सिफारिश करेगी।

18 फरवरी को होंगे रिटायर

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार 18 फरवरी को 65 वर्ष की आयु पूरी करने के साथ ही पद से सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इसके बाद, नए कानून के तहत पहली बार मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की जाएगी। कानून की धारा छह के अनुसार, चयन समिति के पास उन लोगों पर भी विचार करने का अधिकार है, जिन्हें कानून मंत्री के नेतृत्व वाली खोज समिति द्वारा शॉर्टलिस्ट नहीं किया गया है। सीईसी और चुनाव आयुक्तों पर 1991 का कानून उनके वेतन और सेवा शर्तों से संबंधित था, लेकिन नियुक्ति की विधि से संबंधित नहीं था। दो मार्च, 2023 के अपने फैसले में शेष पृष्ठ 6 पर

पहले कैसे होती थी नियुक्ति?

नए कानून के लागू होने से पहले, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा सरकार की सिफारिश पर की जाती थी। परंपरा के अनुसार, सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त को मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर पदोन्नत कर दिया जाता था। लेकिन इस बार प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली समिति नए चुनाव आयुक्त पर फैसला करेगी।

सीजीपीएससी भर्ती घोटाला

टामन के भतीजे और पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर को कोर्ट में किया पेश, 13 तक मांगी रिमांड

रायपुर/नवप्रदेश। सीजीपीएससी भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी के भतीजे नितेश सोनवानी और पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गनवीर को गिरफ्तार किया है. दोनों को सौम्या राय के कोर्ट में पेश किया गया। सीबीआई के वकीलों ने नितेश और ललित की 13 जनवरी तक रिमांड मांगी है। मामले में सुनवाई जारी है। बचाव पक्ष के वकील फैसल रिजवी ने कहा कि पूर्व में इस मामले में टामन सोनवानी और बजरंग पावर के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल की गिरफ्तारी हुई है. इस मामले में ही नितेश और ललित को गिरफ्तार किया गया है. सीबीआई ने कोर्ट में दोनों को रिमांड पर मांगी है. कोर्ट का जैसा आदेश होगा उसका पालन किया जाएगा।

डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी समेत कई पदों के लिए साल 2020 से 2022 के दौरान परीक्षा/साक्षात्कार में टामन सोनवानी के रिश्तेदार समेत कुछ वीआईपी लोगों के करीबी रिश्तेदारों के चयन पर सवाल उठे शेष पृष्ठ 6 पर

ये है पूरा मामला

सीजीपीएससी 2019 से 2022 तक की भर्ती में कुछ अभ्यर्थियों के चयन को लेकर विवाद है. ईओडब्ल्यू और अर्जुंदा पुलिस ने भ्रष्टाचार-अनियमितता के आरोप में मामला दर्ज किया है। सीजीपीएससी ने 2020 में 175 पदों पर और 2021 में 171 पदों पर परीक्षा ली थी. प्री-एग्जाम 13 फरवरी 2022 को कराया गया. इसमें 2 हजार 565 पास हुए थे. इसके बाद 26, 27, 28 और 29 मई 2022 को हुई मेंस परीक्षा में 509 अभ्यर्थी पास हुए. इंटरव्यू के बाद 11 मई 2023 को 170 अभ्यर्थियों की सिलेक्शन लिस्ट जारी हुई। आरोप है कि तत्कालीन चेयरमैन सोनवानी ने अपने रिश्तेदारों समेत कांग्रेसी नेता और ब्यूरोक्रेट्स के बच्चों की नौकरी लगवाई है।

विवेकानंद जयंती पर आज युवा दोस्तों से मिलेंगे पीएम

विकसित भारत समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा

नई दिल्ली(ए.)। हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई जाती है। इस खास मौके पर पीएम मोदी ने अपने कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा, भारत की युवा शक्ति को श्रद्धांजलि।

कल 12 जनवरी विशेष दिन है, क्योंकि इस दिन स्वामी विवेकानंद की जयंती हैं। इस खास मौके पर मैं अपना पूरा दिन विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 में अपने युवा दोस्तों के साथ समय व्यतीत करूंगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है।

नक्सलियों की कायराना करतूत

आईईडी ब्लास्ट में एक सीआरपीएफ जवान घायल

बीजापुर/नवप्रदेश । बीजापुर जिले में शनिवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक जवान घायल हो गया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विस्फोट महादेव घाट इलाके में उस वक्त हुआ जब सीआरपीएफ की 196वीं बटालियन की एक टीम सुबह इलाके में निगरानी अभियान पर निकली थी। उन्होंने कहा कि गश्त के दौरान सीआरपीएफ जवान का कदम अनजाने में प्रेशर आईईडी पर पड़ गया, जिससे विस्फोट हो गया।

नौ नक्सलियों ने किया सरेंडर

दो महिला नक्सली समेत नौ माओवादियों ने सरेंडर किया है। छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति एवं ''नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में दो पर आठ-आठ लाख, चार नक्सली पर पांच-पांच लाख, एक महिला नक्सली पर तीन लाख, एक महिला और पुरूष नक्सली पर दो-दो लाख रुपये का यानी कुल 43 लाख रूपये का इनाम घोषित था।

अंतरिक्ष सम्मिलन

परीक्षण के लिए प्रेषित इसरो के दोनों यान होल्ड मोड में

नयी दिल्ली (वार्ता)। अंतरिक्ष में भेजे गए दो अलग-अलग उपग्रहों या यानों को परस्पर मिलने की स्वदेशी स्पेस डॉकिंग प्रौद्योगिकी (स्पाडेक्स) को सिद्ध करने के भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मिशन के अंतर्गत प्रक्षेपित किए गए दोनों यानों को अंतरिक्ष में दोनों के बीच 1500 मीटर के फासले पर विराम की मुद्रा में ला दिया। इसरो ने कहा है कि इनकी डॉकिंग (परस्पर पर जोडऩे) की कवायत से पहले इन्हें शनिवार को इनके बीच की दूरी घटकर 500 मीटर तक की जाएगी। इसरो ने शुक्रवार शाम एक बयान में कहा, दोनों अंतरिक्ष यान वर्तमान में 1.5 किलोमीटर दूर स्थित हैं और होल्ड मोड में काम कर रहे हैं। यह परिचालन स्थिति इंगित करती है कि वे आगे नहीं बढ़ रहे हैं और अपनी वर्तमान दूरी बनाए हुए हैं।

इसरो ने कहा है अंतरिक्ष यानों को करीब लाने और दूरी को घटाकर 500 मीटर करने की योजना बनाई जा रही है। यह बदलाव कल सुबह तक होने की उम्मीद है। ये दोनों यान इसरो के उपग्रह प्रक्षेपण रॉकेट पीएसएलवी से 30 दिसंबर को प्रक्षेपित किए गए थे।

भाजपा का झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन

पांच फरवरी को आप-दा मुक्ति का दिन : अमित शाह

नई दिल्ली (ए.)। आप विधायक महेंद्र गोयल को दिल्ली पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया दिल्ली पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड दस्तावेज मामले में जांच में शामिल होने के लिए आप विधायक मोहिंदर गोयल और उनके कार्यालय के कर्मचारियों को नोटिस भेजा है। जिसमें कुछ बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया था। फर्जी आधार कार्ड बरामद किए गए थे। भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भाजपा के चुनाव प्रचार गीत पर कहा, यह एक बहुत ही सुंदर गीत है। इस गीत में खूबसूरती के साथ-साथ दिल्ली के 10 सालों की बदहाली का जिक्र है। जो दर्द दिल्ली जी रही है, वह दर्द इस गाने में हैं। मुझे लगता है दिल्ली की जनता इस सच्चाई के साथ 5 फरवरी को इसका जवाब देगी और दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनेगी।



गरमा-गरम

रामायण पर महाभारत | सोशल मीडिया में वायरल छत्तीसगढ़ के रामायण' के पात्रों को लेकर विवाद

रामायण में सीएम साय को राम दर्शाने पर साव भी सहमत नहीं...

रायपुर/नवप्रदेश। सोशल मीडिया में वायरल छत्तीसगढ़ के रामायण' के पात्रों को लेकर शुरू हुए विवाद पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को उस रूप में दिखाया गया है, तो उन्हें सोचना चाहिए. विष्णु का सुशासन केवल नारा नहीं है, हमने वास्तव में इसे करके दिखाया है।

छत्तीसगढ़ के रामायण में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को राम के तौर पर दर्शाए जाने पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि इस पर मेरी कोई टिप्पणी नहीं है, लेकिन यह कल्पना सही है कि जिस तरह से राज्य में हमारी सरकार काम कर रही है। जिस प्रकार से हम जरूरतमंद को सेवा कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने वहीं नगरी निकाय चुनाव में कांग्रेस की तैयारी नहीं दिखने पर कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता अपनी पार्टी के बारे में विचार करने की बजाय इधर-उधर की बातें करके जनता में भ्रम फैलाने का काम करते हैं। कांग्रेस के नेता अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी निश्चित रूप से लोग काम करने के लिए तैयार नहीं हो रही है। जनता तो दूर जा ही चुकी है, कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता भी पार्टी से दूर जा रहे हैं।



विष्णु की सरकार राम राज्य के कितने करीबः इसके साथ विष्णु की सरकार राम राज्य के कितने करीब हैं, इस पर अरुण साव ने कहा कि जिस राज्य में गरीबों की सेवा हो, जरूरतमंदों को मदद हो और सरकार का काम निष्पक्ष और पारदर्शी हो, इसी से राम राज्य की कल्पना की जा सकती है। पारदर्शिता शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम कुछ भी हो सकते हैं पर भगवान नहीं



छत्तीसगढ़ के रामायण नाम से वायरल वीडियो में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को भगवान राम और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को रावण बताया गया है. इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री, आप कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन भगवान नही। 'छत्तीसगढ़ के रामायण' के सोर्स को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। इस वीडियो के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पीआर टीम को जिम्मेदार ठहराया है।

पवित्रता का संकल्प, एकता की विरासत..

कुंभ स्नान का महत्वः प्रयागराज का संगम क्षेत्र जहां गंगा में मिलती हैं यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ-2025 का आयोजन होने को है। देश ही नहीं दुनिया के कोने-कोने से सनातन की इस परंपरा में आस्था रखने वालों का त्रिवेणी के संगम पर खूबसूरत जमघट लगेगा। यह वह हुजूम है जो एक साथ एक ही समय में नदी की धारा में डुबकी लगाएंगे और हर डुबकी के साथ होने वाला हर-हर गंगे का उद्घोष एकता का संचार करेगा।

मां गंगा से पाप धुल देने की प्रार्थना

गंगाजल से भीगे शरीर ये साबित करेंगे कि शरीर के ऊपर से कपड़ों की ही तरह अन्य आडंबरों को भी हटा दिया जाए तो असल में हैं तो सभी एक ही। सब एक ही ढांचे में बने और सभी के भीतर बसने वाला प्राण एक ही है।

इसलिए करते हैं स्नान

ग्रहों और राशियों के विशेष योग में लगने वाला महाकुंभ पर्व इसी विश्वास को बल देता है कि गंगा माता हमारे सारे पाप धुल देती हैं। यह विश्वास भी उस पौराणिक कथा के कारण आता है जो कहती है कि गंगा में अमृत की बूंदे मिल गई। अमृत वह दैवीय तरल है जो अमर कर देता है। सिर्फ अमर ही नहीं, यह जन्म-मृत्यु का चक्र तोड़ देता है। थोड़ी मात्रा गंगा नदी में मिल जाने का प्रभाव यह है कि गंगा जल स्नान अमरता न भी दे तो कम से कम पापों को धो दे और मनुष्य नवजीवन का अनुभव कर सके।

फिर अचानक ही उन्हें ग्लानि होगी कि आज तक इस आवरण के फेर में पड़कर उन्होंने कितने पाप किए। अब जब अगली डुबकी लगेगी, तब इसका आशय होगा, पश्चाताप, बाहरी आवरण के मद में रहकर किए गए पापों का पश्चाताप। प्रार्थना होगी कि, हे मां गंगा।।। हमारे अपराध क्षमा करना।। हमारे पाप धुल देना।

महामुनि व्यास ने पुराणों में क्या लिखा है?

एक बड़ा ही रोचक और प्रसिद्ध श्लोक है, अष्टादश पुराणेषु, व्यासस्य वचनद्वयं, परोपकाराय पुण्याय पापाय परपीडनम्। यानी कि 18 पुराणों के सार में महामुनि वेदव्यास एक ही तथ्य कहते हैं। किसी के साथ परोपकार करना पुण्य है और किसी को जरा सा भी कष्ट देना पाप है। धरती पर मानव जीवन की शुरुआत के साथ ही पाप और पुण्य दो सबसे बड़ी भावनाओं का भी जन्म हुआ। यह दोनों ही मनुष्य की छाया बनकर उसके साथ ही चलते रहे। जैसे ही किसी मनुष्य की जीवन यात्रा शुरू होती है, पाप और पुण्य की भी यात्रा प्रारंभ हो जाती है।

संसार की हर परंपरा में है पाप-पुण्य की अवधारणा

यह एक ऐसा तथ्य या ऐसी बात है कि संसार का कोई भी धर्म और पंथ इसे नकार नहीं सकता है। सिर्फ, सनातन परंपरा में ही नहीं, बल्कि दुनिया की हर संस्कृति जो जहां भी पनपी, वहां पाप और पुण्य साथ-साथ पनपे। ईसाई समाज में यही बात एडम और ईव के जरिए कही गई है, जो परमेश्वर के मना करने के बावजूद भी सेब खा लेते हैं। इस्लाम कहता है कि आदमी के दायें और बाएं कंधे पर एक-एक फरिश्ते बैठे होते हैं। दाएं कंधे पर बैठा फरिश्ता अच्छे काम लिख लेता है और बाएं कंधे पर बैठा फरिश्ता बुरे कामों को दर्ज कर लेता है।

व्यास मुनि ने पुराणों के आख्यान में बताया है महत्व

ऋषि वेद व्यास ने अलग-अलग पुराणों में गंगा स्नान के महत्व बताए हैं। भविष्य पुराण कहता है कि गंगा स्नान पापों को नष्ट कर देता है। ब्रह्म पुराण कहता है कि कुंभ जैसे विशेष पर्व और तिथियों में गंगा स्नान से अश्वमेध यज्ञ जैसा फल मिलता है क्योंकि आप अपने पापों की बलि दे रहे होते हैं। अग्नि पुराण कुंभ स्नान को गोदान जैसा पवित्र बताता है। स्कंद पुराण में कुंभ के दौरान स्नान को इच्छा पूर्ति और शुभ फल पाने का जरिया बताया गया है। कूर्म पुराण कहता है कि कुंभ स्नान से पाप नष्ट होते हैं। इसके साथ ही यह पुराण यह भी कहता है कि सिर्फ पाप नष्ट करने के लिए कुंभ स्नान करना फलदायी नहीं होता है, बल्कि आप यह संकल्प भी लें कि अब कोई पाप नहीं करेंगे। इस तरह का प्रण लेने और संकल्प करने से वाकई पुराने पाप कटते हैं और पुण्यों में वृद्धि होती है। स्कंद पुराण कहता है कि माघ मास में गंगा में स्नान करने वाले व्यक्ति के पितर युगों-युगों तक स्वर्ग में वास करते हैं। माघे मासे गंगे स्नानं यः कुरुते नरः। युगकोटिसहस्राणि तिष्ठंति पितृदेवताः।। वहीं, पद्म पुराण कहता है कि, जो धर्मात्मा प्रयाग, पुष्कर और कुरुक्षेत्र में स्नान करता है, वह परम धाम को प्राप्त करता है।

पवित्र जल, कहीं आब-ए-जमजम, कहीं गंगा जल

पुण्य और पाप की मान्यता होने के साथ ही हर सेस्कृति में शुचिता (शुद्धि) की भी मान्यता रही है। कोशिश रही है कि संसार में पुण्य बढ़े और पाप अगर हैं तो उन्हें मिटाया या हटाया जा सके। यही अवधारणा हर संस्कृति में हमें जल की ओर ले जाती है। वह जल जो पवित्र कर देता है। जो पाप को मिटा देता है और जो फिर से एक पुण्य आत्मा बना देता है। इस्लाम में इसे आब-ए-जमजम कहा गया है और सनातन परंपरा इसे गंगा मैया कहती है। गंगा, जिसमें अशुद्ध को शुद्ध कर देने की ताकत है और पाप को मिटा देने की शक्ति है। शर्त ये है कि पवित्रता की चाहत रखने वाला कोई भी व्यक्ति यह संकल्प ले कि वह अब पाप नहीं करेगा। इस संकल्प के साथ उसके अब तक के पाप गंगा में बह जाएं। सनातन ऐसा नहीं कहता है कि आप हर बार पाप करके गंगा में उसे धो लें।

शिवजी पर क्यों चढ़ाया जाता है जल, क्या है महाकुंभ से कनेक्शन?

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज का संगम तट श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है। गंगा-यमुना के साथ अदृश्य सरस्वती के मिलन का ये पावन तट सदियों पुरानी उस परंपरा और विरासत का साक्षी बनने वाला है, जिसने 'सर्वे भवंतु सुखिनः' और 'वसुधैव कुटुंबकम्' जैसा मंत्र दिया है। संगम तट पर स्नान की परंपरा महज धार्मिक आस्था और रिवाज का अनुपालन नहीं है, बल्कि यह एकजुट होने की संस्कृति है। अपने समाज से घुलने-मिलने का जरिया है। यह तट वह जगह है, जहां सारे आवरण मिट जाते हैं और सिर्फ 'हर हर गंगे' के समवेत स्वर आकाश में गूंजते हैं। एकता का यही समागम सभ्यताओं का निचोड़ है और मानवता जो जीवित रखने वाला अमृत है।

अमृत की खोज का परिणाम है महाकुंभ का आयोजन

महाकुंभ का आयोजन इसी अमृत की खोज का परिणाम है। इसके लिए सदियों पहले सागर के मंथन का उपक्रम रचा गया था। मंदार पर्वत की मथानी बनी, वासुकी नाग की रस्सी बनाई गई और जब यह मंदार पर्वत सागर में समाने लगा तो उसे स्थिर करने के लिए भगवान विष्णु ने कूर्म (कछुआ) अवतार लिया। उन्होंने मंदार पर्वत को अपनी पीठ पर स्थिर किया और फिर सागर मंथन शुरू हो सका।

नागराज वासुकि की रस्सी और मंदार पर्वत की मथानी

एक तरफ से देवता वासुकि को अपनी ओर खींच रहे थे और दूसरी ओर से असुर। सागर के बीच में मंदार पर्वत एक स्पिन व्हील की तरह घूमता रहा। इस प्रक्रिया को कई दिन बीत गए। मंदार पर्वत मंथर गति से सागर में घूमता रहा। देवता-असुर वासुकि नाग की रस्सी को अपनी-अपनी ओर खींचते हुए मंथन के लिए श्रम करते रहे। अभी तक सागर तल से कुछ बाहर नहीं निकला था। मंथन की प्रक्रिया जारी थी। इसी बीच एक दिन सागर तल से तेज गंध युक्त ज्वार उठा। फिर तो पूरे विश्व में अंधकार छा गया। देवता-असुर सभी विष के प्रभाव से जलने लगे। धरती पर भूचाल आ गया और प्रकृति की हवा जहरीली होने लगी।

सबसे पहले निकला हलाहल विष

इस विष को कौन साधे? इसका प्रभाव कैसे कम हो और संसार की रक्षा कौन करे? अमृत की खोज में जुटे सभी लोग, उसे पाने की प्रक्रिया से निकले विष को देखकर भागने लगे थे। समुद्र मंथन से प्राप्त हुआ यह पहला रत्न था, लेकिन इसे लेने के लिए कोई भी तैयार नहीं था। हालांकि असुरों ने जिद की थी जो भी रत्न सबसे पहले निकलेगा उस पर पहले उनका अधिकार होगा। उन्हें लगा था कि सागर मंथन होते ही पहले अमृत ही निकल आएगा और इसके बाद मंथन की जरूरत ही नहीं होगी। इसलिए उन्होंने मंथन की हामी भरने से पहले ये शर्त रखी थी कि जो रत्न निकलेगा, उस पर उनका अधिकार होगा। इस नियम के तहत विष उन्हें ग्रहण करना चाहिए था, लेकिन उन्हें इससे साफ मना कर दिया।

महादेव का किया गया जलाभिषेक

विष के प्रभाव को शांत करने के लिए महादेव को शीतल करने के लिए कई बार उनका जल से अभिषेक किया गया। घड़े भर-भर कर उन्हें स्नान कराया गया। कहते हैं कि तभी से शिवजी के जलाभिषेक की परंपरा चल पड़ी। उन्हें हर शीतल औषधियां दी गईं। भांग, जिसकी तासीर ठंडी होती है और जो प्रबल निश्चेतक भी है। वह पिलाया गया। धतूरा, मदार आदि का लेप किया गया। दूध-दही, घी सभी पदार्थ उन पर मले गए। इस तरह महादेव विष के प्रभाव को रोक सके और संसार को नष्ट होने से बचाव लिया। अब सागर तट पर एक ही आवाज गूंज रही थी। हर-हर महादेव, जय शिव शंकर।

महाकुंभ 2025 : प्रयागराज में होगा 144 साल बाद अद्भुत संगम

महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज पूरी तरह तैयार है। उत्तर प्रदेश की इस धार्मिक नगरी में देश-विदेश से श्रद्धालु जुटने शुरू हो गए हैं। पौष पूर्णिमा के दिन से महाकुंभ में दिव्य स्नान की परंपरा शुरू हो जाएगी। अनुमान है कि इस बार 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु कुंभ स्नान के लिए पहुंचने वाले हैं। पुराण कथाएं कहती हैं कि महाकुंभ का आयोजन अमृत की खोज का परिणाम है, लेकिन यह कथा सिर्फ इतनी ही नहीं है।

देवताओं को मिला था श्राप

आज हम, जिस पवित्र अमृत धारा में अध्यात्म की डुबकी लगा रहे हैं। उसकी परंपरा का बनना इतना आसान नहीं था। असल में अब जो हमारे लिए वरदान साबित हो रहा है, वह एक श्राप का परिणाम था। ऐसा श्राप जो देवताओं को मिला, जिससे एक समय मानवता खतरे में पड़ गई थी, लेकिन समय के साथ वही श्राप मानव समुदाय के लिए वरदान साबित हुआ।

स्कंदपुराण में दर्ज है कथा

इस पूरी परंपरा के पीछे एक ऋषि का श्राप है जो आज वरदान बनकर हमारे सामने है। देवलोक से निकली इस परंपरा की धारा में मानवता के पुण्य का वरदान तो है ही, साथ ही यह नीति और नैतिकता की शिक्षा का आधार भी है। स्कंदपुराण में इस कथा का वर्णन है। इसके मुताबिक, स्वर्ग की राजधानी अमरावती हर सुखों से भरी थी और इन्हीं सुखों के कारण इसका स्वर्ग नाम सार्थक था। देवताओं ने कई वर्षों तक चले देवासुर संग्राम को जीत लिया था और इसके कारण उन्हें अब शत्रुओं का भय भी नहीं था।

स्वर्ग में होने वाली थी विपत्ति

कुल मिलाकर स्वर्ग में मन को प्रसन्न करने वाली हवा बह रही थी, उनमें फूलों की सुगंध घुली हुई थी और हर दिशा में नया संगीत था। इन सबका संयोजन इतना खूबसूरत होता कि कई बार गंधर्व अपनी तानों का गान छोड़कर उनका संगीत सुनने लग जाते थे। इसका असर ये था कि अब देवता भी धीरे-धीरे अपने कर्तव्यों को छोड़कर आमोद-प्रमोद में लगे रहते और उनके अधिपति इंद्र तो राग रंग में ऐसे डूबे थे कि अब उन्हें ज्ञात ही नहीं था कि संसार के प्रति भी उनका कुछ दायित्व है। वह गंधर्वों से दिन के आठों पहर नए-नए राग सुनते और सोमरस के मद में चूर रहते थे। एक बारगी तो यह सब सुख के चिह्न थे, लेकिन असल में यह आने वाली विपत्ति का शोर था।

अभिमानी हो गए थे इंद्रदेव

इन सबके पीछे का कारण था देव-दानवों का वह युद्ध, जिसमें देवराज इंद्र ने विजय पाई थी। हालांकि उन्हें विजय त्रिदेवों (ब्रह्मा-विष्णु-महेश) के कारण मिली थी, लेकिन विजय का अभिमान ऐसा हो गया कि वह अब सोच बैठे थे कि अब कोई आक्रमण होगा ही नहीं। देवगुरु बृहस्पति की चिंता भी यही थी। वह भविष्य की आशंका से कम चिंतित थे, लेकिन वर्तमान में संकट यह था कि राग-रंग में डूबे देवराज अब ग्रहमंडल की बैठक भी नहीं कर रहे थे। इससे एक बार फिर संसार का संतुलन बिगडऩे लगा था।

इंद्र को समझाने की कोशिश

सप्तऋषियों ने इसके लिए चिंता जताई थी, लेकिन अभी हुए युद्ध के कारण वह भी इस शांति को भंग नहीं होने देना चाहते थे। लेकिन कई पक्ष बीत जाने के बाद अब उन्हें चिंता होने लगी थी। ग्रहमंडल की बैठक नहीं हुई तो नक्षत्रों का सारा विधान रुक सकता था। संतुलन बिगड़ सकता था। इस चिंता को दूर करने ही देवराज इंद्र से बैठक बुलाने का अनुरोध करने ही ऋषि दुर्वासा सप्तऋषियों के प्रतिनिधि बनकर देवलोक की ओर बढ़े।

नारद मुनि से हुई मुलाकात

ऋषि दुर्वासा को इंद्र के अभिमान का अंदाजा तो था, लेकिन फिर भी वह सोच रहे थे संकट को समझाने पर वह इस स्थिति को जरूर समझ लेंगे। जब ऋषि दुर्वासा देवराज को समझाने चले तो रास्ते में उनकी मुलाकात देवर्षि नारद से हो गई। देवर्षि नारद के हाथ में बैजयंती पुष्पों की माला थी, जिसकी सुगंध तीनों लोकों तक फैलती थी और दिव्य ऐसी कि पहनने वाले को सम्मोहित कर देती थी। नारद मुनि ने उनके कार्य को महान बताते हुए माला उन्हें भेंट कर दी। ऋषि दुर्वासा ने इस माला को रख लिया और सोचा कि देवराज इंद्र को यह माला भेंट कर देंगे।

ऋषि का स्वर्ग में अपमान

ऋषि ने सोचा कि इंद्र अगर उनकी बात न भी समझें तो भी इस दुर्लभ उपहार से उन पर उनकी बात सुनने का एक दबाव जरूर पड़ेगा। इन्हीं बातों को सोचते-गुनते ऋषि देवलोक की पहुंच गए। देवलोक पहंचे दुर्वासा को प्रारंभ से ही अनिष्ट की आशंका लगने लगी।

वह इंद्र के मन में जगे अभिमान को समझ गए थे। द्वारपाल के सूचना दिए जाने के बाद भी वह अभी तक उन्हें स्वागत सहित सभा में ले जाने नहीं पहुंचे थे। ऋषि ने इन बात को बहुत छोटा मानकर ऐसे विचारों से झटक दिया।

न्यूज गैलरी

प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर भांचा राम को कोटि-कोटि प्रणाम: साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम वर्षगांठ पर भांचा राम को कोटि-कोटि प्रणाम प्रेषित किया है । श्रीरामलला के नवनिर्मित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा का वह ऐतिहासिक क्षण हर भारतीय के लिए रामयुग की वापसी का प्रतीक बन गया। छत्तीसगढ़ के घर-घर में दीप जलाकर, इस पावन अवसर पर श्रीराम ज्योति प्रज्वलित की गई और भांचा राम का उल्लासपूर्वक स्वागत किया गया। आइए, इस शुभ अवसर पर प्रभु श्रीराम के चरणों में नमन करें और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर सच्चे अर्थों में रामराज्य की स्थापना का संकल्प लें।

शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा 18 और 19 जनवरी को

रायपुर/नवप्रदेश। शीघ्र लेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा कौशल परीक्षा 18 और 19 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। शीघ्र लेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद सचिव ने बताया कि विभिन्न गति की कौशल परीक्षाओं में से 'अंग्रेजी' मुद्रलेखन गति 5000 की डिप्रेशन प्रतिघंटे के मान से 18 जनवरी शनिवार को तथा 19 जनवरी रविवार को 'हिन्दी' मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल गति 8000 की डिप्रेशन प्रतिघंटे के मान से 9 चयनित परीक्षा केन्द्रों पर तकनीकी कॉलेजों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर आयोजित की जाएगी।

रेलवे यार्ड में आगजनी अफरा-तफरी का माहौल

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग के गुड्स शेड में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। 9 नंबर लाइन पर खड़े एक कोच में अचानक आग लग गई, जिससे पूरे रेलवे यार्ड में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाडियां मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आग को बुझाने का काम शुरू किया। सूत्रों के मुताबिक, जिस लाइन पर आग लगी थी, वहां करीब 15-20 कोच खड़े थे, जिन्हें तुरंत उस स्थान से हटा लिया गया। फायर ब्रिगेड की सक्रियता से बड़ा हादसा टल गया।

10 हजार से अधिक फूलों की प्रजाति और 55 इंच की लौकी बनी लोगों के लिए आकर्षक का केंद्र

जिंदल स्टील और प्रकृति की ओर सोसाइटी द्वारा पुष्प, फल, सब्जी की प्रदर्शिनी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के गांधी उद्यान में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, उद्यानिकी विभाग एवं प्रकृति की ओर सोसाइटी द्वारा रायपुर स्थित गांधी उद्यान में फल,सब्जी,एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 10 जनवरी से 12 जनवरी तक किया जा रहा हैं,जहां प्रदेश स्तरीय फल, फूल,सब्जी प्रदर्शनी के साथ साथ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। राजधानी के अलग अलग जगह से आए प्रतिभागियों ने अपने अपने तरीके से फूलों के गुलदस्ते,सब्जियों की रंगोली,रंग बिरंगे फूल से उद्यान की शोभा बढाई,जहां हर कोई अपनी सेल्फी लेते नजर आए। पिछले बार 8000 से अधिक फूलों की वेराइटी ने अपना ध्यान अपनी ओर खींचा था तो वही इस साल 10 हजार से अधिक फूलों की प्रजाति लोगो के आकर्षक का केंद्र बनी हुई हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत कृषि मंत्री रामविचार नेताम द्वारा की गई। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए संस्था को बधाई दी साथ ही संस्था को स्कूल के बच्चों को कुछ समय यहां लाकर उन्हें भी प्रकृति से जोड़ने को कहा।

पिछले 15 वर्षों से इस कार्यक्रम का आयोजन जिंदल स्टील एवं प्रकृति की ओर सोसाइटी द्वारा लगातार किया जा रहा है। जहां हाई ब्रीड की सब्जियों,फल,एवं विभिन्न फूलों की वेराइटी बोनसाई पेड़ को एक ही जगह पर देखा जा सकता है इस बार उद्यान में 55 इंच की लौकी ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा जिसे जिंदल में कार्यरत राजेश अग्रवाल जी ने अपने घर पर ही उगाया है जिसका वजन 6 किलो हैं।

व्यापम की परीक्षाओं का कैलेंडर जारी, 32 से अधिक परीक्षाएं लेगा व्यापम

मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए खोला शासकीय सेवा का पिटारा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए शासकीय सेवा का पिटारा खोल दिया है। विभिन्न व्यावसायिक परीक्षा के लिए मंडल (व्यापम) ने 2025 का कैलेंडर जारी कर दिया है। व्यापम द्वारा जारी किए गए वार्षिक कैलेंडर में 32 से अधिक परीक्षाओं की संभावित तिथियां दी गई हैं, जिसमें उप अभियंता, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, मत्स्य निरीक्षक, एडीईओ से लेकर पुलिस कांस्टेबल, स्टॉफ नर्स, वार्ड ब्वॉय तक के पद शामिल हैं। ये परीक्षाएं 09 मार्च 2025 से शुरू हो कर 21 दिसम्बर 2025 तक चलेंगी।

लोक निर्माण विभाग में उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) पदों के लिए परीक्षा तिथि 13 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। इसी प्रकार जल संसाधन विभाग में उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) पद के लिए परीक्षा 20 जुलाई, आयुक्त आबकारी में आबकारी आरक्षक पद के लिए 27 जुलाई, उच्च शिक्षा संचालनालय में प्रयोगशाला परिचारक पद के लिए परीक्षा 03 अगस्त, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग में डार्करूम असिस्टेंट, पेस्टिंग बॉय, ऑग्जीलरी, इंकमैन/इंकर, जूनियर बाईडर, हमाल, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, भृत्य, हेल्पर (समूह-6) पदों के लिए परीक्षा 31 अगस्त तथा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) एवं 06 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में कनिष्ठ प्रबंधक-(2) (कंसट्रक्शन, मेंटनेंस), उप प्रबंधक (उपयंत्री), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (कृषि विशेषज्ञ), कनिष्ठ प्रबंधक-(2), (आईटी, प्रोग्रामर), कनिष्ठ संवर्ग (आईटी विशेषज्ञ), उप प्रबंधक (प्रोग्रामर) एवं सहायक प्रबंधक (सहायक प्रोग्रामर) पदों की परीक्षा तिथि 7 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई है।

9 मार्च से प्रयोगशाला सहायक की भर्ती परीक्षा से होगी शुरूआत

संचालनालय कृषि विभाग के अंतर्गत जिनमें प्रयोगशाला सहायक 09 मार्च 2025 और सहायक सांख्यिकी अधिकारी 13 अप्रेल 2025, संचालनालय मछली पालन विभाग के अंतर्गत मत्स्य निरीक्षक 23 मार्च 2025, लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग के अंतर्गत उप अभियंता (सिविल एवं वि/यां.), तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत पी.पी.टी. और प्री.एम.सी.ए. का 01 मई, पी.ई.टी. एवं पी.पी.एच.टी. की परीक्षाएं 08 मई 2025 को होगी। पीएटी-प्रीव्हीपीटी 15 मई, प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड 22 मई, बीएससी नर्सिंग 29 मई, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग की परीक्षाएं 05 जून 2025 को। इसी प्रकार सहायक विकास विस्तार अधिकारी 15 जून, नगर सैनिक का 22 जून 2025 को परीक्षा संभावित है।

निकाय चुनाव का सजा सियासी रण, भाजपा-कांग्रेस में दावेदारों की तीन तिकड़म

- **कांग्रेस कराएगी सर्वे, बीजेपी में संगठन नेतृत्व करेगा तय**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए आरक्षण की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। राजधानी रायपुर में इस बार महिला मेयर बनेगी। यह सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित की गई है। आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद दावेदार अपनी-अपनी दावेदारी पेश करने में जुट गए हैं। हालांकि टिकट किसे मिलेगा उसका फैसला उनकी पार्टी के प्रदेश और शीर्ष नेतृत्व को करना है। मेयर चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा और कांग्रेस रणनीति बनाने में जुट गई है। इस बार रायपुर में महापौर का चुनाव रोमांचक होने वाला है। क्योंकि इसमें कई बड़े नेता अपनी पत्नियों को भी चुनाव लड़ाने के जुगाड़ में लगे हैं। इसके लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों के दावेदार शीर्ष नेताओं की परिक्रमा करने में जुटे हैं। कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने नगरीय निकाय के कैंडिडेट को लेकर बातचीत में कहा कि पार्टी के लिए नगरीय निकायों में जीत सबसे अहम है, जो भी कैंडिडेट में जीत की सक्षमता और सक्रियता नजर आएगी।

इस बार प्रत्यक्ष होगा चुनाव

राज्य में इस बार मेयर का चुनाव सीधे जनता करेगी। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में मेयर के चुनाव अप्रत्यक्ष तरीके से हुए थे। जिसके बाद एजाज ढेबर रायपुर के मेयर बने थे। विष्णुदेव साय सरकार ने भूपेश बघेल सरकार के उस फैसले को पलट दिया था। इस बार जनता सीधे मेयर चुनाव के लिए वोटिंग करेगी। माना जा रहा है कि राज्य में अब जल्द ही निकाय चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो सकती है।

सुनो भाई उधो

लहूलुहान बस्तर

परमानंद वर्मा

सर्पों के बिलों, मधुमक्खियों के छत्तों और बाघों के मादों पर हाथ डालने वाले खतरे के खिलाड़ियों को दसों बार यह सोचना पड़ता है कि जो वे करने जा रहे हैं उसका गुलिशता-ए-अंजाम क्या होगा? बस्तर का वह आदिवासी बहुल इलाका जहां फन काढ़े सालों से काबिज काले-काले जहरीले नाग जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर रखा है ठीक उसी तरह जिस तरह जमुना नदी में कालिया नाग विष वमन कर रहा था। श्रीकृष्ण ने उसका मिजाज ठीक किया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी उसी पैटर्न में 'ऑपरेशन बस्तर शुरू किया है। जिससे सारे नाग-नागिन, घोड़ा करायत और बिच्छुएं तिलमिलाए हुए हैं। इस संदर्भ में पढ़िये यह छत्तीसगढ़ी आलेख...

धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः ।
मामकाः पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत संजय।।
गीता।

छत्तीसगढ़ महतारी संजय ला पूछते- हे संजय, बस्तर(कुरुछेत्र)म मोर अउ मोर बहिनी के बेटा मन के का हाल हे। तब ओहर बताथे- दाई ओ महाभारत म तो अर्जुन ह नइ लड़ई करव कहिके धनुष-बाण अउ गांडीव ला पटक दे रिहिस हे फेर ये पइत के अर्जुन (अमित शाह) अटियावत हे, ललकारत? हे। भारी मार-काट, खून-खराबा मचे हे। मियाद दे दे हे अमुक साल,महीना,तिथि-तारीख तक हथियार डाल दव नइते फेर रंगझाझर मच जाहि। छत्तीसगढ़ महतारी सिर धर के बइठ जाथे, सोंचथे का होही ये लाइका मन के?

'आंखी-आंखी देखत हौं, पांव-पांव खुंदत हौं, ए छत्तीसगढ़ी हाना हे। एकर अरथ आज कोनो नइ बता सकय। जउने एकाध झन पहिली समे के सियान मन होही उही मन बता सकत हे। एकरअरथ होथे- छांव (छाया) पहिली छोटे-छोटे राहन तब दाई-बहिनी, काकी,दादी मन अइसने हाना जनावय, कहां कहां के कइसन ढंग ले एक ले बढ़के एक किस्सा कहिनी सुनावय। हाना,जनउला, कहावत सुनावय, बतावय, आज ओ समे नइ रहिगे। नवा जुग आगे, नवा-नवा जानकारी देके साधन, सूचना तंत्र आगे। जुन्ना सब नंदागे। बात शुरू होय रिहिसे- 'आंखी-आंखी देखत हौं, पांव-पांव खुंदत हौं तउन मेर ले। बात काहे, केन्द्रीय मंतरी हे अमित शाह। दिल्ली मं बइठे हे फेर ओकर नजर छत्तीसढ़ ऊपर हे, उहू हा बस्तर मं खासे। आदिवासी मन के करलई ओकर से देखे नइ जात हे। जइसे जमुना नदी मं कालिया नाग हा, भयंकर जहरीला सांप हा कब्जा जमा के एकछत्र राज करत रिहिसे। पानी अतेक जहरीला होगे रिहिसे के नदी के जतका जीव-जन्तु अउ बाहिर के माल-मवेशी मन पानी पीतिन तेन मन मर जात रिहिन हे।

ए बात के जानकारी जब कृष्ण ला होइस तब कलिया नाग ला पकड़िस, नाथिस अउ ओकर मान-मरदन करत मुड़ी मं नाचत नदी के ऊपर आगे। दांत ला निपोर दीस, नाग-नागिन अउ गलती बर हाथ जोर के माफी मांगिन के अब दुबारा अइसन गलती नइ करबो।

अइसने कस हाल बस्तर के हे। बहुत खून-खराबा होवत हे, लहूलुहान होगे हे बस्तर मं, आदिवासी मन के मरे बिहान हे। जब ये हाल देखिस गृह मंत्री अमित शाह तब ओकर से ये दुख देखे नइ गिस अउ परन कर लिस फेर काम कोनो अतेक आसान नइ हे, जउने खतरा ले खेल सकत हे या फेर खतरा खेले के खिलाड़ी हे उही मन अइसन कदम उठा सकथे।

सांप के बिला मं हाथ डारना, मधुमक्खी के छत्ता मं हाथ डारना, अउ बघुवा मन के मांद में घुसना हंसी मजाक के खेल नोहय। सियान मन बताथे- अइसन ठउर मं जेमन जाथे, लहुट के नइ आवय। अब अमित शाह हा व्यूह रचना तो रच डरे हे चक्रव्यूह बरोबर। ऑपरेशन शुरू होगे हे।

झारखंड, उड़ीसा, महाराष्ट्र अउ छत्तीसगढ़ के पुलिस संग केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवान मन के संयुक्त ऑपरेशन जब शुरू करेगिस तब बिला मं खुसरे भुसंड-भुसंड नाग-नागिन अउ सांप-बिच्छी मन अपन-अपन बिला ले निकल के देखथे तब ओकर मन के आंखी चकरा जथे। अचानक छापामार कार्रवाई ला देख के जइसे युद्ध के मैदान के लड़ाकू मन घबरा जथे अउ 'पोजिशन मं आथे तइसे ये सब नाग-नागिन अउ सांप-बिच्छू मन हरकत में आगे।

चारो मुड़ा ले जब घेरागे, बाचे के भागे के थोरको रद्दा नइ दिखिस तब दांत ला निपोर दीन, सोचे लगिन, का करे जाय। तब बचाव करे खातिर भीतर के गुफा मं खुसरगे हे अउ छिप-छिप के वार करत हे। गृह मंत्री अमित शाह के साहस के तारीफकरे जाही के पूरा ऑपरेशन के नेतृत्व उही करत हे। एक-दू रात बस्तर के बीहड़ जंगल मं घला बिताय हे अउ पूरा कार्रवाई के जायजा ले हे।

नाग अउ घोड़ा करायत मन घला अब फार्म मं आगे हे 'मरता का नइ करता के रूप अख्तियार कर ले हें। हमर बहादुर जवान मन ला गोली के निशाना बनावत हे, ब्लॉस्ट करके बस्तर ला खूनाखून करत हे। छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णुदेव साय ला पंदोली दे देहे। दूनो मंत्री मिल के 'सांप मुक्त बस्तर के मियाद के घला ऐलान कर दे हे। अइसन कहूं हो जही तब बस्तर म बहार ही बहार आ जही। दबे-कुचले आदिवासी मन के जीवन मं एक नवा अंजोर,सुख के उदय हो जही।

ये सांप मन ले बस्तर ला चतवारे खातिर पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी. चिदम्बरम् घला कदम उठाय रिहिसे, फेर ओकर ऑपरेशन धरे के धरे रहिगे, सफल नइ हो सकिस। तब ले ये नाग अउ घोड़ा करायत मन के हौसला बाढ़गे रिहिसे। एक छत्र अइसे राज करत रिहिन हे, जइसे रावन के लंका मं डंका बजत रिहिसे।

अति जादा दिन नइ चलय, कोनोहोय। एक न एक दिन ओकर नाश होबे करथे। बस्तर के आदिवासी मन गुलामी के जिंदगी बसर करत रिहिन हे। अंधियारी सदा दिन नइ राहय, कभू तो अंजोर आबे करही। सुख के सुरुज उगबे करही। इही टकटकी लगाये देखत हें उहां के आदिवासी भाई-बहिनी, दाई-ददा मन। जब अइसन हो जही तब ओमन गांही, नाचही ये दे गीत ला गावत-

दुख भरे दिन बीते रे भइया अब सुख के दिन आयो रे। रंग जीवन में नया लायो रे दुख भरे दिन बीते रे भइया हां... हां... बीते रे भइया अब सुख के दिन आयो रे रंग जीवन में नया लायो रे।।

महाकुंभ आस्था, अध्यात्म,परंपरा, और संस्कृति का दिव्य महापर्व

महाकुंभ करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। महाकुंभ सिर्फ एक मेला नहीं है बल्कि यह आस्था, परंपरा और हिंदू संस्कृति का संगम है। श्रद्धालुओं के लिए यह एक पवित्र एहसास है। जिसका इंतजार सभी श्रद्धालुओं को बेसब्री से रहता है। इस साल 13 जनवरी से लगने जा रहा महाकुंभ का मेला कई मायनों में बेहद खास होने वाला है। इस बार 144 साल बाद पूर्ण महाकुंभ लग रहा है। सरल शब्दों में समझें तो 12 साल लगातार 12 वर्षों के तक लगने के बाद पूर्ण महाकुंभ लगता है। जो 144 साल बाद आता है। महाकुंभ का आयोजन इस बार प्रयागराज में हो रहा है।

मिलिए 9 वर्ष के नागा संन्यासी की अद्भुत है कहानी...

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 का आरंभ हो चुका है। यह सृष्टि पर्व 13 जनवरी 2025 से शुरू होकर 26 फरवरी 2025 तक चलेगा। महाकुंभ में इन दिनों देशभर के अखाड़ों से साधु-संत पहुंच रहे हैं। बड़ी संख्या में नागा साधु भी आए हैं। नागा साधुओं में सबसे छोटे नागा साधु गोपाल गिरी जी भी संगम की रेती पर भगवान शिव की भक्ति में लीन हैं। उनकी उम्र महज 9 साल है। इतनी छोटी उम्र में तन पर राख लगाकर धुणी रमाए नागा साधु गोपाल गिरी महाकुंभ 2025 में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। नागा संन्यासी गोपाल गिरी महाराज हिमाचल के चंबा में रहते हैं और महाकुंभ पर्व में भाग लेने के लिए प्रयागराज पहुंचे हुए हैं।

महाकुंभनगर।*2025 सनातन क्या है? उसकी आत्मा क्या है? भारत को अखंड क्यों कहते हैं? यह अनेकता में एकता का देश कैसे है? यदि आप इन प्रश्नों के उत्तर जानना और समझना चाहते हैं, तो आपको किसी गुरु की आवश्यकता नहीं है और न ही किसी पुस्तक को पढ़ने में समय गंवाने की जरूरत। बस, थोड़ा समय निकालिए और आइए तीर्थराज प्रयाग। यहां किसी स्थान पर खड़े होकर जब आप महाकुंभ के अद्भुत दृश्यों को देखेंगे, तो पाएंगे कि यही दृश्य समग्र रूप में भारत की पहचान है। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के त्रिवेणी तट पर तंबुओं की नगरी में सनातन के वैभव, शौर्य और संस्कार का रंग हर रोज चटख होता जा रहा है। यहां की हर धड़कन, हर रंग, हर स्वर, यही सब मिलकर अखंड भारत का चित्रण कर रहे हैं। संगम की रेती पर 45 दिनों के लिए एक अलौकिक संसार आकार ले चुका है। महाकुंभ-2025 का आयोजन दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेला बनने को आतुर है। संतों और श्रद्धालुओं की भक्ति से ओत प्रोत आस्थाएं गंगा तट पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, मानो यह पवित्र स्थल एक नई ऊर्जा से जागृत हो उठा हो। संगम का तट अखाड़े, विविध स्वरूपों के शिविर, भक्ति विह्वल विदेशी, कथाएं-प्रवचन और देव समर्पण का हिलोर मारते समंदर यह सब मिलकर एक ऐसा आध्यात्मिक वितान रच देते हैं जिसे देख केवल निहाल हुआ जा सकता है।*



13 अखाड़ों का अद्भुत संसार

प्रयागराज आने के बाद श्रद्धालुओं की प्राथमिकता संगम तट पर डुबकी लगानी होती है। इसके बाद ही वे दूसरे दर्शनीय स्थलों की ओर उन्मुख होते हैं। हिमालय की कंदराओं और जंगलों में धूनी रमाने वाले नागा संत भी आ चुके हैं। ये बाबा और संतों के अखाड़ों की दुनिया भी श्रद्धालुओं के उत्सुकता और रोमांच का केंद्र रहती है। अखाड़ा नगर में कुल 13 अखाड़े हैं, जिनके महामंडलेश्वर, श्रीमहंत से लेकर कोतवाल तक वहां रहते हैं।

आस्था और संस्कृति का संगम

महाकुंभ भारत का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है, जो हर 12 साल में चार पवित्र स्थानों–प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक–में आयोजित होता है. करोड़ों श्रद्धालु गंगा, यमुना, सरस्वती, गोदावरी और क्षिप्रा नदियों के पवित्र जल में स्नान करके अपने पापों से मुक्ति पाने और मोक्ष प्राप्ति की कामना करते हैं। महाकुंभ का आयोजन धार्मिक मान्यताओं, ज्योतिषीय गणनाओं, और ऐतिहासिक परंपराओं पर आधारित है। यह केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और एकता का प्रतीक भी है।

11 कॉरिडोर वाला एकमात्र शहर



प्रयागराज में 11 गलियारा (कॉरिडोर) बनाया गया है। संगम के पास किला स्थित अक्षयवट कॉरिडोर की पौराणिक और धार्मिक मान्यता है। मान्यता है कि भगवान शिव और माता पार्वती ने इस पौधे को अपने हाथों से लगाया था। अक्षयवट के साथ ही महाकुंभ में सरस्वती कूप कॉरिडोर बनाया गया है। सरस्वती कूप के समीप लगाई गई वीणावादिनी की प्रतिमा भी लोगों को आकर्षित कर रही है। संगम के किनारे हनुमान मंदिर कॉरिडोर से महाकुंभ की दिव्यता व भव्यता और बढ़ गई है। लगभग 11,589 वर्ग मीटर के कॉरिडोर में 535 स्क्वायर मीटर में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तरह बड़े हनुमान मंदिर का भव्य गर्भगृह और परिक्रमा पथ बना है। गंगा से सटे दारागंज के उत्तरी छोर पर स्थित नागवासुकि अति प्राचीन मंदिर के गर्भ गृह में नाग-नागिन की 10 वीं सदी की मूर्तियां स्थापित हैं। यहां से गंगा और कुंभ क्षेत्र की अद्भुत तस्वीर दिखाई पड़ती है। इसके अलावा अलोप शंकरी कारिडोर, पंडिला महादेव कॉरिडोर, मनकामेश्वर महादेव कारिडोर, बारह माधव कारिडोर और कोटेश्वर महादेव कारिडोर भी प्रमुख हैं।

ग्राम्य लोक-संस्कृति की परम्परा में भुर्री का महत्व



प्रिया देवांगन

उक्त चरितार्थ पंक्तियों के सम्बंध में कुछ इस तरह की बातें कही जा सकती हैं कि तीन पहर का दिन और चार पहर की रात का सुहाना संगम छत्तीसगढ़ के ग्राम्य अंचलों में दिखता है। यहाँ के लोग पूरे बारहों महीने पसीनेतर कमाई से कभी नहीं घबराते। तप्त ऋतु की भीषण गर्मी हो, पावस की मूसलाधार बारिश हो, चाहे शीत की कड़कड़ाती ठंड हो, सब एक बराबर होते हैं इनके लिए। गर्मी और बारिश का सामना करते हैं और ठंड से वे तनिक नहीं डरते। हर स्थिति में अपने भीतर उष्णता बनाए रखते हैं; चाहे खानपान, पहनावा या फिर चाहे और कोई बाह्य स्रोत जैसे- चुल्हे की आग, गोरसी की खरखराती धीमी आँच या फिर पैरा या झिटका की दहकती आँच अर्थात भुर्री।

भुर्री तापना एक परम्परा :

भुर्री, यहाँ के लोगों के द्वारा आग तापने की परंपरा है। अत्यधिक ठंड पड़ने पर ग्रामीण अँचल के लोग छोटीङ्कछोटी लकड़ियाँ (चिल्फा) इकट्ठा कर गोरसी या चूल्हे में जलाकर धीमीङ्कधीमी आँच से शरीर की सिकाई करते हैं और शरीर में गर्माहट पैदा करते हैं। यह परम्परा प्राचीन काल से चली आ रही है। गाँव में प्रायः बड़े-बुजुर्ग सूर्योदय से पहले ही जब चहुँओर शीत की बूँदें बरसने लगती हैं; सुबह उठ कर चूल्हे या गोरसी में छेना, चिल्फा या फिर कोयला डालकर आग सुलगाते हैं; जलाते हैं। आग सूर्य के रंग जैसा प्रतीत होती है, मानो सूर्य के बीच की चमकती हुई आभा चूल्हे में उतर कर मन को प्रफुल्लित करती हुई देह की सिकाई कर रही हो। आग के अंगारे मद्धमङ्कमद्धम दगते हैं। धीमीङ्कधीमी आँच पड़ने पर बड़ा सुकून मिलता है। ठंड के दिनों में बड़े बुजुर्गों के अलावा बच्चे, युवा व बुजुर्ग सभी साथ में बैठकर भुर्री का आनंद लेते हैं।

भुर्री देती नसीहतें :

गाँव का रहन-सहन देखकर मन आनंदित हो उठता है। यहाँ बात भुर्री की है, तो मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि सिर्फएक परिवार के सदस्य ही नहीं बल्कि पास-पड़ोस के लोग भुर्री का हिस्सा बनते हैं। इससे लोगों में प्रेम-भाव बना रहता है। आज भी लोग गाँव में एकत्रित होते हैं और अपने-अपने जीवन की बातें एक-दूसरे से साझा कर ठहाके लगाते हैं। भुर्री तापते लोगों में भ्रातृत्व दिखता है, एकता नजर आती है। लोग खेत-खलिहान से आकर शाम के समय जल्दी से भोजन कर चौराहे या फिर किसी के घरङ्कआँगन में बैठ भुर्री का आनंद लेते हैं। छोटे-छोटे बच्चे, बड़े बुजुर्गों की बातें कान लगाकर बहुत ध्यान से सुनते हैं और आनंद लेते हैं। लोगों के बीच घर-परिवार एवं खेत-खलिहान की बातें होती हैं। विचारों का आदान-प्रदान होता है। एक-दूसरे का शोर-संदेश मिलता है। भुर्री लोगों में परस्पर सामंजस्य स्थापित करती है।

उक्त बातें कहना ज़रा भी गलत नहीं होगा कि भुर्री लोगों को एकङ्कदूसरे से जोड़ने की सीख देती है। गाँव में कोई भी व्यक्ति अकेले भुर्री का लुत्फउठाते नज़र नहीं आएगा, कम से कम पाँच-छः लोग दिखेंगे ही। बड़े-बुजुर्गों का ख्याल रखते हुए कई बच्चे छोटीङ्कछोटी लकड़ियाँ इकट्ठा करते हैं, ताकि शाम को आग जला कर पास बैठ सकें। भुर्री तापने के लिए बच्चे बहुत ही उतावले होते हैं। होंगे भी क्यों नहीं; आखिर उन्हें साथ बैठने और बातें सुनने का आनंद जो मिलता है।

हमारे छत्तीसगढ़ के देहात-अंचल में गीत , कविता, कहानी-कंथली व लोकोक्ति-मुहावरे इन भुर्री तापते लोगों से सुनने को मिलते हैं। बड़े बुजुर्ग बातों ही बातों में बहुत से मुहावरे वगैरह प्रयोग करते हैं; जिससे बच्चों को आसानी से सीखने को मिलता है। अच्छी-अच्छी सीख घर के बड़े लोगों के पास बैठने से ही मिलती है।कहीं-कहीं लोगों के द्वारा तैयार की गई भुर्री से बेजुबानों को भी लाभ मिल जाता है। आग खपने के बाद जब लोग वहाँ से उठकर चले जाते हैं तब कुत्ते, बिल्ली या गाय आकर बैठ जाते हैं। इससे उन्हें भी ठंडी से राहत मिलती है। हमारे छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में भुर्री के फायदे लोग बहुत अच्छे से जानते हैं। आज भी बहुतायत तो नहीं, लेकिन भुर्री का उपयोग किया ही जाता है। स्वेटर, शॉल की उन्हें ज्यादा जरूरत नहीं पड़ती, शाम और सुबह जरूर भुर्री ताप कर ठंड भगाते हैं।

भुर्री को सहेजने की जरूरत :

आजकल गाँवों में भी लकड़ी, छेना या कोयला सहज सुलभ उपलब्ध नहीं हो पाता। कारण है पेड़ङ्कपौधों की कटाई, पशुपालन का कम होना, खेतों में मकान बनना इत्यादि। इसका असर ज्यादातर ग्रामीण परिवेश में देखने को मिलता है। लोग अब अपनी सुख-सुविधा के चलते शहरों की ओर बढ़ते जा रहे हैं। गाँव-देहात छूटता जा रहा है। कुछ सालों बाद ऐसा होगा कि गाँवों में सिर्फबुजुर्ग ही दिखाई देंगे; युवावर्ग नहीं। जो लोग भुर्री के बारे में जानते हैं, वे शहरों में गोरसी बनाकर इसका उपयोग करते हैं, करेंगे क्यों नहीं; आखिर अपने गाँव की मिट्टी में पले-बढ़े हैं। आजकल

QUIZ TIME

1) हाल ही में स्पेसटेक सेक्टर के लिए भारत का पहला बीमा किसने लॉन्च किया है?

2) किस देश में पहली बार सुअर की किडनी जीवित व्यक्ति में प्रत्यारोपित की गई है?

3) राजस्थान में रियासत काल में सेना के अग्रभाग को क्या कहा जाता था?

4) विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस कब मनाया जाता है?

5) हाल ही में चर्चा में रही नवयुग सुरंग कहाँ स्थित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) टाटा एआईजी (2) अमेरिका (3) हरावल (4) 17 मई (5) जम्मू- कश्मीर

शब्द सागर

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:18, सूर्यास्त : : 05:39, चन्द्रोदयः : 14:51, चन्द्रास्तः :29:53, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुः :? शिशिर, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : मृगशिरा, योग : ब्रह्म, प्रथम करण : बालव (08:21 तक), द्वितीय करण : कौलव (19:25 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : मिथुन (23:55 से), मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), बुध : धनु (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:04 से 12:46, अमृत काल : 09:27 से 10:58, सर्वार्थसिद्धि योग : 07:14 से 12:29, मृत सिद्धि योग : 07:14 से 12:29, विजय मुहूर्त : 14:09 से 14:50, गोधूलि मुहूर्त : 17:33 से 18:01, सायाह्न सन्ध्या : 17:36 से 18:58, निशिता मुहूर्त : 23:58 से 24:52, राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूर्व, यमगण्ड : 13:43 से 15:00, दुर्मुहूर्त : 07:14 से 07:56, होमाहुति : शनि, दिशाशूल : पूर्व, नक्षत्र शूल : पश्चिम (12:29 तक)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन बीते दिनों की तुलना में राहत भरा रहेगा लेकिन मन मे बेचैनी अधिक रहेगी निराशा में जल्दबाजी दिखाएंगे ।

वृषः आज दिन के आधे भाग में सुख शांति कामनापूर्ति तथा आधे भाग में शोक संताप हानि से मन दुविधा में रहेगा दिन के आरम्भ से मध्यान तक परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी।

मिथुनः आज के दिन भी आपको विविध उतार चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा।सार्वजनिक क्षेत्र से सम्मान तो अवश्य मिलेगा।

कर्कः आज भी दिन के आधे भाग तक लाभ के छोटे मोटे अवसर मिलते रहेंगे इसके बाद भी आर्थिक व्यवसायिक दृष्टिकोण से दिन ठीक ही रहेगा।

सिंहः आज के दिन आपको घर एवं कार्य क्षेत्र के कार्य एक साथ आने पर असहजता होगी।

कन्याः आज के दिन आपको सभी सुख सुविधा मिलने पर भी असंतोष की भावना से ग्रस्त रहेंगे। आर्थिक कारणों से आज किसी न किसी से कलह होकर ही रहेगी।

तुलाः आज भी दिन के पहले भाग में सेहत में नरमी रहेगी किसी गंभीर रोग अथवा चोट आशंका चिंता का विषय बनेगी शल्य चिकित्सा होने की सम्भवना है।

वृश्चिकः आज के दिन प्रातः काल से ही मन मे यात्रा की योजना बनेगी लेकिन अंत समय मे किसी न किसी कारण से टालनी पड़ेगी।

धनुः आज के दिन दोपहर तक आपकी दिनचार्य धीमी रहेगी कार्य व्यवसाय की मुश्किलों का कहीं से कोई हल ना मिलने के कारण सोच में डूबे रहेंगे।

मकरः आज का दिन आपको मिला जुला फल देगा। दिन के आरंभ में जिस कार्य मे हानि का भय रहेगा।

कुंभः आज दिन के पूर्वार्ध में आपको परिजनों से खरी खोटी सुनने को मिलेंगी।

मीनः आज दिन के पहले भाग में कल वाली समस्या यथावत रहेगी लाभ कमाने के अवसर मिलेंगे। पापकर्म से दूर रहे आगे परेशानी हो सकती है।

बच्चों की परवरिश के साथ सरकारी नौकरी की मांग

कुसुम प्लांट हादसा में मृत परिवार को 50-50 लाख दें मुआवजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुंगेली जिले के सरगांव स्थित ग्राम पंचायत रामबोड़ के कुसुम प्लांट में 40 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद तीन मजदूरों के शव बरामद होने से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश की लहर दौड़ गई। साइलो हटाने के दौरान हुए इस दर्दनाक हादसे ने न केवल परिवारों को बल्कि पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है।

मृतकों के परिजनों ने 50-50 लाख रुपये मुआवजे, बच्चों की परवरिश की व्यवस्था और एक परिजन को शासकीय नौकरी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। यह हादसा तब हुआ जब मजदूर प्लांट में साइलो हटाने का कार्य कर रहे थे। राखड़ का मलबा गिरने से तीन मजदूर दब गए। प्रशासन, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 40 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। जिला कलेक्टर राहुल देव और एसपी भोजराम पटेल खुद स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। शव बरामद कर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए बिलासपुर सिम्स भेजा गया। घटना के बाद से स्थानीय क्षेत्र में गुस्सा और आक्रोश है। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने भी परिजनों की मांगों का समर्थन किया है। प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं कि प्लांट में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं थे। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि परिजनों की मांगों पर उचित निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल, कलेक्टर ने मुआवजे की प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करने का वादा किया है, लेकिन परिजनों की शासकीय नौकरी और बच्चों की परवरिश की मांग पर अब तक कोई ठोस घोषणा नहीं हुई है।

उद्योग प्रबंधन सुरक्षा के कड़े कदम उठाएं

यह हादसा न केवल मजदूरों की सुरक्षा के प्रति प्रशासन और उद्योगों की लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि यह भी बताता है कि श्रमिकों के जीवन की कीमत पर बड़े प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार और उद्योगों को सुनिश्चित करना चाहिए कि मजदूरों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जाएं और इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। कुसुम प्लांट हादसे ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मुआवजा और सरकारी नौकरी से परे यह घटना इस बात की ओर इशारा करती है कि मजदूरों की सुरक्षा प्राथमिकता बननी चाहिए। प्रशासन और उद्योग प्रबंधन के लिए यह एक चेतावनी है कि विकास और प्रगति के साथ-साथ श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है।

मांग पूरा होने पर लेंगे शव

मृतकों की पहचान जयंत साहू (सरकंडा, बिलासपुर), प्रकाश यादव (अकोली, बलौदाबाजार), और अवधेश कश्यप (तागा, जांजगीर-चांपा) के रूप में हुई। हादसे के बाद गमगीन परिवारों ने प्रशासन के सामने अपनी मांगें रखीं- प्रत्येक मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा। मृतकों के बच्चों की शिक्षा और परवरिश की जिम्मेदारी। परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी। परिजनों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे शवों को स्वीकार नहीं करेंगे।

न्यूज गैलरी

आयुर्वेद अधिकारी संघ की हुई त्रैवार्षिक निर्वाचन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आयुर्वेद अधिकारी संघ जिला शाखा बिलासपुर का त्रैवार्षिक निर्वाचन केन्द्रीय पर्यवेक्षक डॉ अजय नायक एवं डॉ. कुणाल पटेल आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी रायगढ के उपस्थिति में लाला रेस्तरां सरकण्डा में संपन्न हुआ। इस चुनाव मे जिला बिलासपुर के कुल 63 आयुष चिकित्सकों ने भाग लिया। मतदान अत्यंत शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जिसमें जिला शाखाध्यक्ष डॉ अजय कुमार भारती उपाध्यक्ष डॉ आरती गायकवाड़, सचिव डॉ संदीप श्रीवास, जिला कार्यकारिणी सदस्य- डॉ महेन्द्र सिंह कवर, डॉ दीपक अग्रवाल, डॉ वीणा वर्मा, डॉ गुंजन तिवारी, डॉ. गायत्री ध्रुव प्रांतीय प्रतिनिधि- डॉ चंद्रशेखर गौरहा, डॉ कोमल सिंह डोटे, डॉ निशांत कौशिक, डॉ रश्मि जितपुरे, डॉ भारती श्रीवास, डा अनिल सोनी निर्वाचित हुए हैं।

पर्यावरण को स्वच्छ बनाने इको फ्रेंडली बैग का निशुल्क वितरण

बीएनआई बिलासपुर उद्योग एवं व्यापार मेले में शहरवासियों की उमड़ी भीड़

■ सुरक्षा व्यवस्था के लिए आयोजन समिति के सुरक्षागार्ड है तैनात

बिलासपुर/नवप्रदेश। साइंस कॉलेज मैदान में स्थित बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला 2025 में दूसरे दिन आज शहरवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। जहां हजारों की तादात में शहरवासियों ने मेले का परिवार सहित आनंद लिया। और जमकर खरीददारी की। मेले में आयोजन समिति द्वारा व्यवस्था संभाली गई। वहीं सरकंडा पुलिस के द्वारा एक पुलिस सहायता केंद्र भी लगाया गया था। जहां पर लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए और पुलिस के कुछ जवान वहां पर तैनात रहे। मेले में दूसरे दिन शाम होते ही शहरवासियों की भीड़ उमड़ी। लोग परिवार सहित मेले का आनंद लेते रहे झूलों में बच्चों की काफी तादाद में भीड़ रही। इसके साथ ही 400 स्टालों में अलग-अलग वैरायटी के सामानों की खूब बिक्री हुई । फूड कोर्ट में एक अलग से स्टॉल लगाया गया है। जहां पर चाट, पाव भाजी ,चाऊमीन , भेलपुरी, दोसा पिज़्ज़ा सहित आइसक्रीम और अलग-अलग व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए हैं। इस काउंटर में लोग परिवार सहित व्यंजनों का स्वाद उठा रहे हैं। मेले के दूसरे दिन फर्नीचर दुकानों इलेक्ट्रॉनिक दुकानों और बर्तन की दुकानों में भारी संख्या में लोग शॉपिंग के लिए घूमते रहे।

बिल्हा में शहरी हितग्राहियों के मकान का सपना हो रहा पूरा

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत बिल्हा के शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत हितग्राहियों का पक्का मकान का सपना हो रहा है पूरा. नगर पंचायत बिल्हा में छेत्रंतार्गत कुल स्वीकृत आवास 828 में से 720 आवासों का कार्य पूर्ण किया जा चूका हैं शेष आवास प्रगतिरत हैं तथा वह भी जल्द ही पूर्ण कर लिया जायगा... नगर पंचायत बिल्हा के मुख्य नगर अधिकारी प्रवीण सिंह गहलोत उप अभियंता नरेंद्र दुबे, आवास प्रेरक तथा सर्वेयर के द्वारा निरंतर निरक्षण करके हितग्राहियों को अपना पक्का मकान शीघ्र ही पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैप्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बना रहे हितग्राहियों को नगर पंचायत बिल्हा द्वारा आवास निर्माण हेतु किस्तों का भुगतान शीघ्र ही कर दिया जा रहा है साथ में शासन से भी पर्याप्त राशि मिल रही है जिससे लोगों को शासन की महत्वाकांक्षी योजना का सुगमता से फायदा मिल रहा है।

एसईसीएल ने सेवानिवृत कर्मियों के लिए शुरू की पोस्ट रिटायरमेंट बेनीफिट सेल

बिलासपुर/नवप्रदेश। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने सेवानिवृत कर्मियों के हितों का ध्यान रखते हुए पोस्ट रिटायरमेंट बेनेफिट (पीआरबी) सेल की शुरूआत की है। यह पहल एसईसीएल की अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कल्याण और सुविधा को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। पीआरबी सेल, एकल खिड़की के रूप में कार्य करते हुए, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करते हुए, विभिन्न सेवानिवृत्ति के बाद की सेवाओं को एक छत के नीचे प्रदान करेगा जिससे उन्हें पेंशन, भविष्य निधि, चिकित्सा सुविधाओं और अन्य लाभों के लिए विभिन्न विभागों में दौड़-भाग करने के मुक्ति मिलेगी। इससे पहले सेवानिवृत कर्मियों को पोस्ट रिटायरमेंट सेवाओं के लिए विभिन्न विभागों जैसे कार्मिक, वित्त, चिकित्सा आदि विभागों से संपर्क करना पड़ता था जिससे उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ता था एवं लाभ मिलने में देरी भी होती थी। इस सेल के शुरू होने से सेवानिवृत्त कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति के बाद के सभी लाभों और सेवाओं को आसनी से प्राप्त कर पाएंगे। सेल में कार्मिक, वित्त और चिकित्सा सहित प्रमुख विभागों के अधिकारियों की तैनाती की गए है जिससे सेवानिवृत्त कर्मियों को जल्द से जल्द लाभ मिलना सुनिश्चित हो पाएगा।

सभी सेवाओं के लिए एकल खिड़की

पीआरबी सेल सेवानिवृत्त लोगों के लिए एकल खिड़की के रूप में कार्य करेगा, जहाँ वे अब जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और मुद्दों का समाधान कर सकते हैं। सेवानिवृत्ति के बाद की सभी लाभ सेवाएँ एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं, जिससे सेवानिवृत्त लोगों को कई विभागों के साथ समन्वय करने की आवश्यकता नहीं रह गई है। समर्पित कर्मचारी तेजी से प्रतिक्रिया समय और बेहतर सेवा वितरण सुनिश्चित करते हैं। इस अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने कहा, पीआरबी सेल का शुभारंभ हमारे सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कल्याण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

आज हल्की बारिश की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 9.4 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से एक उपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम राजस्थान के ऊपर 1.5 ऊंचाई तक विस्तारित है। इनके संयुक्त प्रभाव से हवा की दिशा में और अधिक परिवर्तन होने की संभावना है, जिसके कारण वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ रही है। परिणामस्वरूप न्यूनतम तापमान में 12 जनवरी को 1-2 डिग्री सेल्सियस के आसपास वृद्धि संभावित है।

अमर अग्रवाल के प्रयासों से नगर विकास के लिए 99.63 लाख की सौगात

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल के सतत प्रयासों के फलस्वरूप शहर के विकास के लिए 99.63 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस निधि से नगरीय क्षेत्र में नाली, सड़क और उद्यान विकास जैसे महत्वपूर्ण कार्य संपन्न किए जाएंगे, जो शहरवासियों की सुविधाओं में अभूतपूर्व सुधार लाएंगे। चांदनी चौक से मिलन चौक तक (बाईं ओर) आरसीसी नाली निर्माण के लिए 19.82 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। सर्किट हाउस से गायत्री मंदिर चौक होते हुए शिव चौक तक नाली निर्माण के लिए 13.94 लाख रुपए आवंटित किए गए हैं। गीतांजलि विहार फेस-2 में खिलावन प्रसाद जांगड़े गली में नाली निर्माण कार्य हेतु 6.98 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। इसके अतिरिक्त, अमलतास कॉलोनी गेट से सनफ्लावर अपार्टमेंट गेट तक नाली निर्माण के लिए 4.65 लाख रुपए और रूक्मिणी विहार में नाली निर्माण हेतु 13.25 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। के.एल. पांडे के घर के सामने नाली निर्माण के लिए 3.18 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। गीतांजलि विहार फेस-2 में सीसी सड़क नवीनीकरण के लिए 5.34 लाख रुपए और डॉ. नरेंद्र पटेल से जातिया तालाब फूड कोर्ट तक सीसी सड़क नवीनीकरण हेतु 5.89 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। संजय अपार्टमेंट में डामरीकरण नवीनीकरण के लिए 13.28 लाख रुपए, कल्पना विहार कॉलोनी में गार्डन उन्नयन के लिए 5.30 लाख रुपए और विवेकानंद उद्यान में स्टोर रूम निर्माण व उन्नयन कार्य हेतु 8 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। यह स्वीकृति बिलासपुर की बुनियादी संरचना को मजबूत करने और नागरिकों की जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। जनसेवा का यह प्रयास अमर अग्रवाल की समाज के प्रति निष्ठा, ईमानदारी और जनहित सोच को दर्शाती है।

रेलवे की कार्यक्षमता में और अधिक बढ़ोत्तरी करने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

हितेंद्र मल्होत्रा सदस्य परिचालन एवं व्यवसाय विकास ने किया रेलवे का दौरा

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक दिवसीय दौरे पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पहुंचे हितेंद्र मल्होत्रा, सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास), रेलवे बोर्ड ने आज बिलासपुर-चांपा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेलवे की संरचना, परिचालन एवं संरक्षा का अवलोकन करते हुए रेलवे की कार्यक्षमता में और अधिक बढ़ोत्तरी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने ट्रेनों की समयपालनता, यात्री सुविधाओं, संरक्षा और सुरक्षा के स्तर पर जोर देते हुए अपने निरीक्षण को प्रभावी बनाया। बिलासपुर स्टेशन पर उन्होंने लोको कॉलोनी स्थित बहुउद्देशीय प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किए। निरीक्षण के पश्चात श्री मल्होत्रा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय के सभागार में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, प्रमुख विभागाध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने रेलवे के विकास कार्यों, संरक्षा परियोजनाओं, यात्री सुविधाओं और मालभाड़ा परिवहन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने रेलवे नेटवर्क के आधुनिकीकरण, तकनीकी उन्नति, और यात्री सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए यात्री सुविधाओं को उच्चतम प्राथमिकता देने और रेल परिचालन को और अधिक कुशल बनाने पर जोर दिया । साथ ही, मालभाड़ा सेवाओं के विस्तार और राजस्व वृद्धि के लिए ठोस रणनीतियों पर काम करने को कहा। उन्होंने पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकियों को अपनाने और ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने पर भी जोर दिया।

एसईसीएल में विश्व हिंदी दिवस पर परिचर्चा, काव्य गोष्ठी आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल मुख्यालय में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर परिचर्चा/काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। एसईसीएल वसंत विहार कॉलोनी स्थित रविन्द्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में विश्व पटल पर हिंदी विषय पर परिचर्चा संपन्न हुई। परिचर्चा के मुख्य वक्ता डॉ संजय अनंत थे। इस अवसर पर डॉ संजय अनंत ने कहा कि यह एक सार्थक व उत्कृष्ट आयोजन था, वैचारिक व प्रबंधन दोनों दृष्टि से देश के विभिन्न प्रांतो में, साहित्य, सांस्कृतिक संगोष्ठी व समारोह में अध्यक्षता करने, एक वक्ता के रूप में अपने विचार रखने का अवसर मिलता रहता है, इसलिए अपने अनुभव के आधार पर कह सकता हूँ की एसईसीएल द्वारा आयोजित संगोष्ठी व कवि सम्मेलन निश्चित ही एक सफल व सार्थक प्रयास था। इसके बाद एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से आए 30 कवि-कवित्रियों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत की। बिलासपुर के कुछ चुने हुए कवियों द्वारा भी रचनाएं पढ़ी गई।

भ्रमण

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने किया निगम के रैन बसेरा का शैक्षणिक भ्रमण

सोशल वर्क डिपार्टमेंट के छात्रों ने रैन बसेरा के बारे में जाना, सुविधाओं को देखा

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सोशल वर्क डिपार्टमेंट के छात्र-छात्राओं ने नगर निगम द्वारा संचालित रैन बसेरा का किया शैक्षणिक भ्रमण। विदित है की नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा दीनदयाल अत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत् जोन के 4 व्यापार विहार में आश्रय स्थल रैन बसेरा का संचालन किया जाता है। वर्तमान में आश्रय स्थल का गुरूघासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी सोशल वर्क डिपार्टमेंट के छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया और आश्रय स्थल के बारे मे सारी जानकारी दी गई। इस अवसर पर नगर निगम बिलासपुर उपायुक्त कु. दीपिका भगत समाज कल्याण अधिकारी/ प्रभारी रेणुका पिंगले. सी.पी श्रीवास्तव सं. परियोजना अधिकारी मिशन मैनेजर समुदायिक संगठक सहायक प्रध्यापक गुरूघासीदास विश्वविद्यालय मोहनी गौतम प्रियदर्शनी क्षेत्रीय संगठक के समस्त महिलाएं उपस्थित रहे।

50 बिस्तर का है रैन बसेरा

50 बिस्तर आश्रय स्थल का संचालन प्रियदर्शनिय क्षेत्र स्तरीय संगठन के द्वारा नेहरू काम्पलेक्स, व्यापार विहार बिलासपुर में संचालित किया जा रहा है। आश्रय स्थल का संचालन 2021 से चालू किया गया है आश्रय स्थल में 50 बिस्तरो कि व्यवस्था है नगर निगम बिलासपुर द्वारा 50 बिस्तर वाला रैनबसेरा (आश्रय स्थल) का संचालन विगत 04 साल से किया जा रहा है, इसमें मुख्यरूप से सार्वजनिक स्थल पर निवासरत व्यक्तियो, भिखारी, बेघर, मानविक रूप से विक्षिप्त एवं विकलांग शहरी आवासहीन लोगो का आश्रय दिया जाता है। इसमें रहने वाले लोगों के लिए प्राधमिक सुविधाए दी जाती है, जिसमें सोने के लिए बिस्तर इसके साथ-साथ पेयजल, पर्याप्त लाईट, हवा दार कमरे, कम्बल, मच्छर दानी, स्नानागार एवं सभी सुविधा उपलब्ध है रात्री कालीन अलाव भी जलाया जाता है ताकी ठहरे हुए लोगो कि ठंड से बचाव हो सके।

न्यूज गैलरी

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने किया नगर का भ्रमण

जगदलपुर/नवप्रदेश। मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में व उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव के मार्गदर्शन में नगर पंचायत खरोरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री होरी सिंह ठाकुर द्वारा प्रतिदिवस प्रातः कालीन नगर का भ्रमण किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से नगर की साफ सफाई, पेयजल, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। जिसमें देखा जा रहा है कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले मिशन क्लीन सिटी की स्वच्छता दीदियों को 7200 रुपए मासिक मानदेय के साथ साथ इनके आय में बढ़ोतरी के लिए घरों से निकलने वाले सूखे कचरे बेचकर एवं गिले कचरे से खाद बनाकर बेचकर सभी स्वच्छता दीदियों की आय में वृद्धि हुई है और समस्त स्वच्छता दीदियों की स्वस्थ्य के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इनका हेल्थ चेकअप हर सप्ताह एमएमयू वाहन के माध्यम से कराई जाती है। इसी क्रम में शासन द्वारा जारी किया गया टोल-फ्री नंबर निदान 1100 में साफ-सफाई, पेयजल एवं मूलभूत सुविधाओं की कमियों को दूर करने के लिए जारी की गई है।

कमिश्नर ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के संभागायुक्त श्री डोमन सिंह ने आज कांकेर प्रवास के दौरान कोमलदेव शासकीय जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा उपलब्ध सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान कमिश्नर ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करते हुए सफाई एवं सुधार कार्य जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री सिंह ने सबसे पहले नवनिर्मित एमआरआई कक्ष का निरीक्षण एवं अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने कंसोल रूम, एक्स-रे कक्ष, सीटी स्केन कक्ष, अंतः रोगी विभाग के तहत स्त्री एवं पुरूष वार्ड, डायलिसिस, आर्थोपेडिक वार्ड, सर्जरी सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया और मेडिकल कॉलेज की डीन को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर ने वार्डों में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली।

सीएम योगी ने सेक्टर-7 में निर्मित उत्तर प्रदेश दर्शन मंडपम का किया उद्घाटन

प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता का दर्शन कराएगा यूपी स्टेट पवेलियन: मुख्यमंत्री

■ पर्यटन, खानपान, हस्तशिल्प और ग्रामीण पर्यटन पर आधारित प्रदर्शनी में दिख रही यूपी की समग्र तस्वीर

महाकुम्भ नगर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ क्षेत्र में बनकर तैयार हुए यूपी स्टेट पवेलियन (उत्तर प्रदेश दर्शन मंडपम) का उद्घाटन किया। उन्होंने यूपी स्टेट पवेलियन को महाकुम्भ आने वाले देश और दुनिया के श्रद्धालुओं को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह यूपी स्टेट पवेलियन श्रद्धालुओं के लिए प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता को जानने और समझने का केंद्र बनेगा। यूपी स्टेट पवेलियन पहुंचने पर प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने सीएम योगी को पर्यटन सर्किट पर आधारित प्रदर्शनी स्थल को दिखाया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सेल्फी प्वॉइंट पर फोटो शूट भी कराया। इसके बाद उन्होंने यहां लोगों के आवागमन के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान बैकग्राउंड में पर्यटन विभाग का महाकुम्भ थीम सांग एक में अनेक हैं...भी बजता रहा।

पर्यटन सर्किट पर आधारित प्रदर्शनी

उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा महाकुम्भ के सेक्टर 7 में पांच एकड़ क्षेत्रफल में तैयार किए गए दर्शन मंडपम में उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों के पर्यटन सर्किट पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त एक जिला एक उत्पाद, उत्तर प्रदेश ग्रामीण पर्यटन परियोजना और रेशम विभाग के स्टाल लगाए गए हैं। दर्शन मंडपम में उत्तर प्रदेश के व्यंजन, भारत के व्यंजन और ऑर्गेनिक व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए हैं। मुख्य मंडप में धार्मिक स्थलों की भव्य झांकी लगाई गई है।

व्यंजनों पर आधारित गैलरी का भी किया गया निर्माण

खानपान से जुड़ी तीन तरह की गैलरियां तैयार की गई हैं। उत्तर प्रदेश के व्यंजनों पर आधारित गैलरी, भारत के व्यंजनों पर आधारित गैलरी और ऑर्गेनिक खानपान पर आधारित गैलरी में खानपान के बहुरंगी स्टाल लगाए गए हैं। यहां ओडीओपी और रेशम के उत्पादों के साथ ही ग्रामीण पर्यटन से जुड़ी गैलरियां तैयार की गई हैं और सभी के स्टाल लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश दर्शन मंडपम में बेहतरीन सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं, जो आगंतुकों को आकर्षित कर रहे हैं।

दिख रही प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता

पर्यटन से संबंधित गैलरी में रामायण सर्किट, कृष्ण-ब्रज सर्किट, महाभारत सर्किट, बुंदेलखंड सर्किट, शक्तिपीठ सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, सूफी कबीर सर्किट, बुद्धिस्ट सर्किट, जैन सर्किट, वाइल्ड लाइफ एवं ईको टूरिज्म सर्किट, क्राफ्ट सर्किट एवं स्वतंत्रता संग्राम सर्किट के माध्यम से उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन महत्व से जुड़े स्थलों को प्रदर्शित किया गया है। इन 12 सर्किट में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता की तस्वीर देखने को मिलती है।

दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक में सियो पोटाई ने उठाया कनेक्टीविटी का मामला

■ ग्रामीण अंचलों में नेटवर्क सही काम नहीं कर रहा



कांकेर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग दूरसंचार सलाहकार समिति की प्रथम बैठक होटल अविनाश इंटरनेशनल जगदलपुर में आयोजित की गयी थी जिसमें बस्तर सांसद सह अध्यक्ष दूरसंचार सलाहकार समिति महेश कश्यप सहित बस्तर संभाग के दूरसंचार सलाहकार समिति के अन्य सदस्य सम्मिलित हुए। कांकेर जिले से दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में श्रीमती सियो पोटाई बैठक में शामिल हुई। बैठक मे स्वागत सत्कार के औपचारिकताओं के बाद दूरसंचार विभाग के महाप्रबंधक एवं सदस्य सचिव दूरसंचार सलाहकार समिति द्वारा बस्तर में दी जा रही दूरसंचार सेवाओं का संक्षिप्त विवरण दिया गया तत् पश्चात मनोनित दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्यों से क्रमवार सुझाव मांगे गये । जिसमें बस्तर संभाग में दूरसंचार सेवाओं की प्रगति एवं क्रियाकलापों पर चर्चा करते हुए दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य सियो पोटाई ने अंचल मे बीएसएनएल के नेटवर्क की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया तथा ग्रामीण अंचलों में इसकी जरूरत को आवश्यक बताते हुए इसे दूर करने का अनुरोध किया।

बीएसएनएल द्वारा दी जा रही वाई फाई सुविधा भी कभी-कभी काम नहीं करती

श्रीमती पोटाई ने आगे कहा कि बीएसएनएल द्वारा दी जा रही वाई फाई सुविधा भी कभी-कभी काम नही करती है। कांकेर शहर के अनेक स्थानों में वाई फाई सुविधा का लाभ लिया जा रहा लेकिन कनेक्टीविटी सही नही होने से नागरिकों को जिससे दिक्कतो का सामना करना पढ़ता है। अतः इस पर विशेष ध्यान दे कर इसे दूर करने के प्रयास किये जाने चाहिए। ध्यातब्य हो कि 31दिसंबर 2024 तक बस्तर संभाग के सात जिलों के 32 विकासखंड में कुल दूरभाष केन्द्रों की संख्या 17 लेंडलाइन फोन कनेक्शन की संख्या 790 प्री पेड, मोबाईल कनेक्शन की संख्या 826291, पोस्ट पेड मोबाइल की संख्या 1598 ब्रांडबेंड की संख्या 208 दूरसंचार सुविधा युक्त गांवो की संख्या 2473 ब्राडबेंड सुविधा वाले गांवों एवं शहरों की संख्या 57 जिसमें 9711 कनेक्शन शामिल है। दूरसंचार विभाग द्वारा फोरजी सेवाओं के विस्तार के लिए चरण बध तरीके से कार्य किया जा रहा है।

ध्यातब्य हो कि 31दिसंबर 2024 तक बस्तर संभाग के सात जिलों के 32 विकासखंड में कुल दूरभाष केन्द्रों की संख्या 17 लेंडलाइन फोन कनेक्शन की संख्या 790 प्री पेड, मोबाईल कनेक्शन की संख्या 826291, पोस्ट पेड मोबाइल की संख्या 1598 ब्रांडबेंड की संख्या 208 दूरसंचार सुविधा युक्त गांवो की संख्या 2473 ब्राडबेंड सुविधा वाले गांवों एवं शहरों की संख्या 57 जिसमें 9711 कनेक्शन शामिल है। दूरसंचार विभाग द्वारा फोरजी सेवाओं के विस्तार के लिए चरण बध तरीके से कार्य किया जा रहा है। बस्तर वाणिज्यिक क्षेत्र में नई सुविधाओं के तहत वाई फाई हॉटस्पॉट, सेटालाइट फोन सेवा सहित एफटीटीएच ग्राहकों के लिए मुक्त आईपीटीवी सेवा शुरू की है जो 400 से अधिक एसडी/एचडी टीवी चैनल प्रदान करती है।बस्तर संभाग में दूरसंचार की बेहतरी के लिए दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्यों के द्वारा निरंतर जनताओं से संपर्क बना कर उनके समस्याओं को बैठक के माध्यम से निराकरण करने के कार्य किया जा रहा है।

हर वर्ग के लोगों को मिल रही सुविधाएं

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से लोगों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाएं



अंतागढ़/नवप्रदेश। मुख्य मंत्री माननीय श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में व उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव जी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य शहरी से लोगों को बेहतर और. निःशुल्क सुविधाएँ मिल रही है। नगर पंचायत अंतागढ़ की मिशन क्लीन सिटी में कार्यरत् स्वच्छता दीदीयों एवं सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं विभिन्न प्रकार के लैब टेस्ट किया गया। माननीय मंत्री जी लोगों के प्रति संवेदनशील सोच से आज प्रदेश के हर वर्ग के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल रही है। प्रदेशभर के लोगों को उनके घर के ही नजदीक निःशुल्क व बढ़िया स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है। जिसमें मरीजों को परीक्षण के उपरांत दवाई वितरण भी किया जा रहा है। नगर पंचायत अंतागढ़ के इस शिविर में मुख्य रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी हंसा ठाकुर, एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर रामेश्वर वर्मा, डॉक्टर सुनील शर्मा, नर्स मनिला शील, लैब टेकनीशियन रंजीत जैन, फॉर्मेशीस्ट नेहा सोनकर, वाहन चालक चंद्रशेखर भुआर्य सहित अन्य सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। जिसमे सभी महिला एवं पुरुष सफाई कर्मियों ने सामूहिक रूप से स्वास्थ्य परिक्षण करवाकर स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए जागरूकता का परिचय दिया। महिला सफाई कर्मियों को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जागरुक कराने में मिशन क्लीन सिटी जिला समन्वयक दिनेश साहू का सराहनीय योगदान रहा है।

जहां तक जाती है नजर...वहां आंखे जाती है ठहर...

■ बाँगो मिनीमाता जलाशय ..सिर्फ पहचान ही नहीं छत्तीसगढ़ की शान है

कोरबा/नवप्रदेश। यह बाँगो जलाशय है...जिसका अधिकृत नाम अविभाजित मध्यप्रदेश में छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद मिनीमाता के नाम पर मिनीमाता हसदेव बाँगो परियोजना है..। प्रकृति के सुरम्य वातावरण के बीच कई ऊंचे पर्वतों के आसपास जलमग्न इस नजारों को देखने यहाँ हर पर्यटकों की आँखों की पलके तब तक नहीं झपकती जब तक वह इस नयनाभिराम नजारों को अंतिम छोर तक नहीं देख लेता, हालांकि दूर-दूर तक कई किलोमीटर में फैला यह जलमग्न दृश्य हर किसी के आँखों में पूरी तरह से कैद नहीं हो पाता...क्योंकि उनकी नजरें जहाँ तक जा पाती है...पानी के ठहराव के बीच देखने वालों की आँखे भी वहीं तक ही ठहर जाती है। कोरबा जिले की पहचान और छत्तीसगढ़ की शान मिनीमाता हसदेव बाँगो जलाशय देखने वालों को रोमांचित ही नहीं करती..उन्हें अचंभित भी कर देती है। यहाँ आना और इन नजारों को करीब से देख पाना किसी सौभाग्य से कम नहीं, क्योंकि यह खूबसूरती की ही नहीं... लाखो लोगो की प्यास बुझाने के साथ किसानों के खेतो को हरा-भरा बनाकर उनके समृद्धि की भी पहचान है..।

कोरबा शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के अंतर्गत मिनीमाता बाँगो जलाशय छत्तीसगढ़ राज्य में सबसे बड़ा जलाशय की पहचान रखता है। जल संसाधन विभाग के मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना अंतर्गत कोरबा जिले में स्थित मिनीमाता बांगो बांध का निर्माण कार्य वर्ष 1992 में पूर्ण हुआ।

स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 सफाई संबंधी शिकायत व निदान हेतु डॉयल करें 1100

कांकेर/नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार नगरपालिका परिषद् कांकेर के अधिकारी एवं कर्मचारियां द्वारा प्रतिदिवस प्रातः कालीन नगर का भ्रमण कर शहर में सफाई का कार्य कराया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहरी 2.0 अंतर्गत शहरी क्षेत्रों के तालाब, नाली, पेयजल, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में लगे स्वच्छता दीदीयों को प्रतिमाह मानदेय के साथ-साथ घरों से निकलने वाले सूखे कचरा एवं गीला कचरा एकत्रित कर सूखे कचरे बेचकर एवं गीले कचरे से खाद बनाकर स्वच्छता दीदीयां की आय में अतिरिक्त वृद्धि भी हो रही है। उन्होंने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था, पेयजल, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण से संबंधित शिकायत दर्ज करने के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा निकाय में निदान 1100 में कॉल कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

हेलमेट पहनने वाले राहगीरों को संभागायुक्त ने किया सम्मानित

■ यातायात सुरक्षा माह के दौरान फूल, शॉल और श्रीफल देकर कहा- जीवन अनमोल है

कांकेर/नवप्रदेश। आज दोपहर 2.40 बजे शासकीय विश्राम गृह के सामने मेन रोड से गुजर रहे ऐसे राहगीर, जिन्होंने हेलमेट लगा रखा था, को सिलसिलेवार सम्मानपूर्वक रोका गया। असमंजस में पड़े राहगीरों को पहले तो कुछ समझ में नहीं आया, फिर उन्हें गुलाब का फूल, शॉल और श्रीफल भेंट किया गया। उनकी जिज्ञासा शांत करते हुए जानकारी दी गई कि उन्हें यह सम्मान बस्तर संभाग के सम्भागायुक्त द्वारा इसलिए किया गया, क्योंकि वे अपने जीवन के प्रति जागरूक और सजग नागरिक हैं। मानव जीवन की कीमत उन्हें पता है और अपने साथ-साथ अपने परिवार के प्रति चिंतित हैं।

बस्तर सम्भाग के सम्भागायुक्त श्री डोमन सिंह ने आज दोपहर को शासकीय विश्राम गृह के सामने मुख्यमार्ग पर यातायात पुलिस की मदद से हेलमेट पहनने वाले दुपहिया वाहन चालकों को आग्रहपूर्वक रूकवाया और उन्हें गुलाब का फूल, शॉल और श्रीफल भेंट किया। साथ ही उन्हें समझाइश दी कि वे अपने साथ-साथ अपने परिवार, पड़ोस, गांव, समाज और सभी लोगों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करें। बाइक से ग्राम माकड़ी जा रहे राहगीर श्री धनीराम नेताम को कमिश्नर श्री सिंह ने रूकवाने का आग्रह किया और मौके पर ही शॉल, श्रीफल और गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया। उन्होंने श्री नेताम से पूछा कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग क्यों करते हैं। इस पर श्री नेताम ने बताया कि वह जब से बाइक चला रहे हैं तब से हेलमेट का उपयोग कर रहे हैं क्योंकि सड़क दुर्घटना में इसकी वजह से जान बच सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि वे बिना हेलमेट के कभी बाइक नहीं चलाते। कमिश्नर ने उनकी सराहना करते हुए औरों को भी प्रेरित करने की सलाह दी। इसके उपरांत नरहरपुर से ड्यूटी कर स्कूटी से वापस आ रहीं डॉ. मंजू सिन्हा को अनुरोध करके रूकवाया गया। पूछे जाने पर उन्होंने भी कहा कि वह पेशे से चिकित्सक हैं और उनके अस्पताल में सड़क हादसे में घायल होकर लोग अक्सर उपचार के लिए आते हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

चट्टानों से बहती धारा अच्छी है...

कोरबा जिले में पर्यटकों के लिए कौतुहल का भाव उत्पन्न करने वाला देवपहरी पर्यटन स्थल लेमरू वनांचल क्षेत्र में मौजूद है। बहुत पहले यहां तक आने के लिए अच्छी सड़के नहीं होने के बावजूद भी देवपहरी की पहचान उभर कर सामने आई। अब जबकि पक्की सड़क है तो यहां अक्सर पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। ठण्ड के मौसम में देवपहरी पर्यटकों का सबसे पसंदीदा जगह है। शहर से लगभग 60 किलोमीटर दूर होने के बावजूद लोग यहां के मनोरम दृश्य को देखने पहुंचते हैं। देवपहरी तक पहुंचने के लिए पर्यटकों को घने जंगलों से गुजरते हुए जाना पड़ता है। इस दौरान घुमावदार रास्ते, रास्तों में दिखाई देने वाले पहाड़, वनांचलो में रहने वाले जनजातीय परिवारों का रहन-सहन, उनके घर, छोटे-छोटे नदी नाले भी देखने को मिलते हैं, जिससे देवपहरी तक का सफर पर्यटकों के लिए रोमांच के साथ और भी कौतुहल बन जाता है।

गंदगी ना करें...

स्थानों पर जाना आपके लिए खतरा बन सकता है। यदि आप छोटे बच्चों को लेकर जा रहे है तो आप स्वयं भी सतर्क रहते हुए बच्चों को अपनी निगरानी में रखे। उन्हें पानी में न उतरने दें। शराब पीकर यहां आना और पत्थरों में चलता बहुत जोखिम के साथ ही जानलेवा भी हो सकता है। बारिश के दिनों में इस जगह पर बिलकुल भी न आएं।

रामायण में सीएम..

के लिए लगातार हमारी सरकार ने काम किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महतारी बंधन, गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास, यह सभी बताते हैं कि हमारी सरकार सुशासन की सरकार है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'छत्तीसगढ़ के रामायण' वीडियो पर सियासत शुरू हो गई है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बयान पर सीएम साय के मीडिया सलाहकार पंकज झा ने कहा है कि इस वीडियो से किसी कथित पीआर टीम का लेना-देना नहीं है। भावना आहत हुई हो तो आप न्यायिक उपचार का सहारा ले सकते हैं. इस सरकार का दरवाजा हर प्रार्थी के लिए सदा खुला हुआ है। भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार करते हुए पंकज झा ने कहा है कि जैसा आपका और आपकी पार्टी का रिकॉर्ड रहा है श्रीमान, वैसे में कोई बड़ी बात नहीं कि सुर्खियां बटोरने के लिए खुद ही बनवाया हो और उसका खुद ही विरोध कर हमेशा की तरह नॉन इशू को इशू बनाने में लगे हो। अगर ऐसा नहीं है तो आम जनता सोशल मीडिया पर अपनी तरह से आजकल रचनात्मक अभिव्यक्ति करती है। इसमें अनावश्यक रूप से किसी 'टीम' पर प्रहार करना आपकी विवशता दिखाता है। अगर यह आपकी टीम ने नहीं किया है तो ऐसी क्रियेटिविटी को अपने विरुद्ध प्राकृतिक न्याय मानकर कृपया सहन कीजिए. भांचा राम आपको सहिष्णु बनाएं।

झा ने पोस्ट पर आगे लिखा है कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के तमाम अपराधों को अगर क्षमा भी कर दिया जाए तो जिस तरह की हरकत आपकी टीम ने अटलजी की स्मृति को बदनाम कर किया था, जिस तरह आप लोगों ने राज्य निर्माता भारत रत्न का अपमान किया था, जिस तरह एक राजनीतिक अभियान के तहत गांवों से एकत्र मिट्टी को आपने सत्ता के अहंकार में अटलजी की अस्थि के रूप में दुष्प्रचारित करने की कोशिश की थी, उसके आगे तो ऐसे लाखों वीडियो कम होंगे। अगर यह आपकी टीम का काम नहीं है तो इसे जनता की ऑर्गेनिक अभिव्यक्ति मानते हुए स्वीकार कीजिए। जैसा आपका और आपकी पार्टी का रिकॉर्ड रहा है श्रीमान, वैसे में कोई बड़ी बात नहीं कि सुर्खियां बटोरने के लिए खुद ही बनवाया हो और उसका खुद ही विरोध कर हमेशा की तरह नॉन इशू को इशू बनाने में लगे हों।

झा ने आगे लिखा है कि जहां तक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का प्रश्न है तो उसी परम पिता का अंश होने के कारण हम सभी राम होते हैं। अगर वचन निभाने की मर्यादा रखते हों तो. रघुकुल की उस रीत के हम सभी उत्तराधिकारी हैं, जहां 'वचन' को प्राण से भी अधिक महत्व का समझा जाता है. ऐसा समझने वाले सभी श्रीराम हैं-ईश्वर अंश जीव अविनाशी, चेतन अमल सहज सुखरासी. इसके उलट वचन भंग के अपराधी को समाज रावण समझता है अगर तुलना करनी हो, प्रेरणा लेना हो तो अपने आराध्य श्रीराम से ही लेंगे न, रावण से थोड़े ही लेंगे?

पहली बार बदले..

न्यायमूर्ति केएम जोसेफ (अब सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सीजेआई को शामिल करते हुए एक पैनल का गठन किया था।इसने कहा था कि जब तक नियुक्तियों पर कानून नहीं बन जाता, तब तक पैनल द्वारा तय कॉलेजियम मान्य रहेगा। बाद में, जब सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) विधेयक लेकर आई, तो उसने सीजेआई की जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल कर दिया, जिसका नाम चयन पैनल में प्रधानमंत्री द्वारा रखा जाएगा। चयन समिति की संरचना में बदलाव को चुनौती दी गई है। मामले को चार फरवरी के लिए स्थगित करते हुए, शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि वह देखेगी कि किसके विचार सर्वोच्च हैं।

टामन के...

थे. इन्हीं आरोपों के आधार पर सीबीआई ने मामला दर्ज किया था. इस केस की जांच जारी है। इस मामले में सीबीआई सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी और बजरंग पावर के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

किरन्दुल में साहू समाज ने धूमधाम से मनाई राजिम माता की जयन्ती

किरंदुल/नवप्रदेश। तहसील साहू समाज किरंदुल के तत्वाधान में मंगलवार राजिम माता जयंती एवं तहसील साहू समाज के नवीन भवन के भूमिपूजन का कार्यक्रम साहू समाज किरंदुल के भवन में भव्यता से किया गया। सर्वप्रथम साहू समाज के भवन में प्रातः सत्यनारायण पूजा अर्चना के बाद राजिम माता की महाआरती की गई एवं समस्त भक्तों को भोग प्रसाद का वितरण किया गया।तत्पश्चात तहसील साहू समाज किरंदुल के लिए एनएमडीसी किरंदुल परियोजना की ओर से बनने वाले नए भवन निर्माण का भूमिपूजन एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही के करकमलों से सम्पन्न हुआ।इस दौरान एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक वर्क्स किशन आहूजा ,महाप्रबंधक उत्पादन राजा कुमार, महाप्रबंधक माइनिंग एस के कोचर ,महाप्रबंधक कॉन्ट्रेक्ट सेल इम्परान, उप महाप्रबंधक कार्मिक बी के माधव, उप महाप्रबंधक कार्मिक के एल नागवेणी, उप महाप्रबंधक सिविल टी एस रामनाथ, सचिव एस के एम एस कार्यकारी अध्यक्ष रोशन मिश्रा, सचिव इंटक ए के सिंह, थाना प्रभारी प्रहलाद साहू अतिथियों के रूप में मौजूद रहे।इस दौरान तहसील साहू समाज के अध्यक्ष टीकम साहू, ओम साहू, जीवन साहू, ओमप्रकाश,अनिल साहू,हेमन्त साहू विशेष रूप से मौजूद रहे।मंच संचालन दिनेश कुमार साहू ने किया।

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय दंतेवाड़ा, जिला द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं महेन्द्र नाग पिता आसमन नाग 37 वर्ष, निवासी ग्राम डेगलरास तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-

1. यह कि मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 9018 1728, 8739 में जिसमें मेरे पुत्र का नाम बालाजी पिता महेन्द्र अंकित है, जो कि गलत एवं त्रुटिपूर्ण है।
2. यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक एवं सही नाम तीरनाथ नाग पिता महेन्द्र नाग है जो उनके नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र एवं स्कूली कागजातों पर अंकित एवं प्रमाणित है।
3. यह कि उक्त आधार कार्ड में अंकित त्रुटिपूर्ण नाम बालाजी पिता महेन्द्र के स्थान पर वास्तविक एवं सही नाम तीरनाथ नाग पिता महेन्द्र नाग सुधार कर अंकित किया जावें।
4. यह कि उक्त शपथ पत्र आधार कार्ड में नाम सुधार करवाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं।

सत्यापन :- मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठा पूर्वक घोषणा करता हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 तक में उल्लेखित समस्त विवरण मेरे स्वतः के ज्ञान से सत्य एवं सही है। यह सत्यापन मैंने आज दिनांक 07.01.2025 को स्थान दंतेवाड़ा में सत्यापित कर हस्ताक्षरित किया।

शपथकर्ता

■ न्यूज गैलरी

पं. राजन की याद में स्मृति सभा

दुर्ग। दार्शनिक संत एवं मां काली के उपासक रहे राजन महाराज पावन संस्मरण सभा 12 जनवरी को दोपहर 2 बजे से स्टेशन रोड स्थित अग्रसेन भवन में गुरुभक्तों द्वारा आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में सांसद लोकसभा विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव एवं राजन महाराज पर आस्था और विश्वास रखने वाले गुरु भक्त परिवार छग के विभिन्न क्षेत्रों से उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के प्रमुख मंगलदास मंगलम एवं अशोक तिवारी ने बताया दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होगा। मौन क्यों कैसे विषय पर जानकारी दी जाएगी। यज्ञ मंत्र जप अनुष्ठान की साधना के साथ ध्यान प्रारंभ होगा। संध्या 4:15 से पावन स्मरण श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि के साथ सभा संचालित होगी। समिति सदस्यों ने सभी गुरुभक्त परिवारों से इस कार्यक्रम में उपस्थित का आह्वान किया है। ओर जप करने हेतु अपने साथ माला ले कर आने का आह्वान किया हे कार्यक्रम में आए गुरु भक्तों के गौतम प्रसाद जी की व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से रखी गई है.

टेबल-टेनिस स्पर्धा विजेता खिलाड़ियों से मिले मुख्य अभियंता

दुर्ग। लखनऊ में आयोजित 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत टेबल-टेनिस स्पर्धा एवं 4 से 7 जनवरी 2025 तक कोरबा पश्चिम क्षेत्र में आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज अन्तरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में दुर्ग रीजन के विजयी खिलाड़ियों ने क्षेत्रीय मुख्यालय में मुख्य अभियंता एसआरबी खंडेलवाल एवं क्रीड़ा परिषद के पदाधिकारियों से सौजन्य भेंट की। मुख्य अभियंता एवं क्रीड़ा परिषद के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का अभिनंदन कर उन्हें बधाई दी। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आयोजित अखिल भारतीय विद्युत टेबल-टेनिस प्रतियोगिता के एकल श्रेणी में दुर्ग रीजन के खिलाड़ी रजनीश ओबेराय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक एवं युगल श्रेणी में श्री ओबेराय एवं रायपुर रीजन के अनुराग शर्मा की जोड़ी ने मिलकर कांस्य पदक अपने नाम किया एवं टीम इवेंट में रजत पदक जीतकर पॉवर कंपनी का नाम रोशन किया। कोरबा पश्चिम क्षेत्र में आयोजित अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में दुर्ग क्षेत्र की टीम बेहतर प्रदर्शन करते हुए टीम इवेंट में उपविजेता रही। एकल श्रेणी में ओबेराय ने उपविजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

संचालक, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार ने भिलाई आईटीआई का किया औचक निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। संचालक, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आज प्रातः 9.30 बजे भिलाई स्थित आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का औचक निरीक्षण किया। संस्थान के प्राचार्य, श्री टी.के. सातपुते, निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाए गए। उपस्थिति पंजी में उनके हस्ताक्षर दर्ज नहीं थे। इसके अतिरिक्त, संस्थान के अन्य कर्मचारियों सुश्री दुर्गा साहू (सहायक वर्ग-3) और श्री विवेक राठौर (सहायक ग्रेड-3) के भी उपस्थिति दर्ज नहीं पाई गई।

महापौर नीरज पाल व आयुक्त राजीव पाण्डेय ने निकाली लाटरी

29 हितग्राहियों को पीएम आवास आवंटित

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोन आस घटक अंतर्गत निगम भिलाई क्षेत्र में मकान निर्माण किया गया है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत किराये के रूप में निवासरत नागरिकों को इस योजना के तहत मकान का आवंटन शासन के नियमानुसार किया जा रहा है। जिसमें वरिष्ठजन, दिव्यांगन एवं सामान्य वर्ग के नागरिक शामिल है। जो पूर्व में आवास हेतु आवेदन प्रस्तुत किये हैं और जो हितग्राही पात्रता की श्रेणी रखते हैं, उन्हें ही यह मकान का आवंटन किया गया है। आज महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अपने हाथों से हितग्राहियों को लॉटरी के माध्यम से मकान आवंटित किए। हितग्राहियों को स्वयं के हाथों से लाटरी निकालवाया गया और जिस यूनिट की पर्ची पर हितग्राही का नाम निकला उन्हें मकान आवंटन कर दिया गया। इन जगहों का मकान हितग्राहियों को आवंटन किया गया है, दिव्यांग एवं वरिष्ठ लोगों को भूतल का चार मकान मिला, सामान्य लोगों को 25 मकान मिला, कुल 29 मकान आवंटित किए गए। जिसमें हितग्राही 10 प्रतिशत राशि जमा किए हैं। शेष पूर्ण राशि जमा करने के बाद उन्हें मकान की चाबी प्रदान कर दी जाएगी। इन क्षेत्रों में मकान आबंटित किया गया है सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया के 4 मकान, कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया के 22 मकान, अविनाश मेट्रोपालिश के 1, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया के 1 एवं आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड के 1 निर्मित मकान का आबंटन हितग्राहियो को आबंटित किया गया है। आबंटन के दौरान एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर गवयी, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, आवास प्रभारी विद्याधर अभियंता दीपक देवांगन, नम्रता ठाकुर, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

नपा अध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

नवप्रदेश संवाददाता

जामुल। नगर पालिका परिषद में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में बड़े स्तर पर विकास कार्य हो रहे है। विकास कार्यो की इस कडी में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने वार्ड 14 में अपने स्वयं की निधि से पांच लाख रूपये के लागत से बनने वाले डोमशेड के लिए भूमिपूजन किया और कहा कि विकास कार्य धरातल में दिखना चाहिये। जामुल नगर में जितने भी कार्य हो रहे है। सभी कार्य आम जनता के सामने है। मैं अपने परिषद के सभी सम्मानीय सदस्यों से सहमति एवं आम जनता के अपेक्षा और मांग के अनुसार विकास कार्यो के लिए सतत प्रयास हूं। आप सबके आशा अनुसार आज आपके वार्ड क्र. 14 में सामाजिक धार्मिक एवं अन्य सार्वजनिक कार्यो हेतु डोम शेड का भूमिपूजन हुआ है और आगे भी अन्य कार्यो के लिए आप लोग प्रेरित करेंगे उनको भी करने का पुरा प्रयास हमेशा रहेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रामदुलार साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी, लल्लन सिंह, विकास सिंह, दिवाकर सिंह, अश्वनी यादव, नागेन्दर सिंह, शेर सिंह, धर्मेन्द्र पंडित, विजय सिंह, आलोक ठाकुर सहित वार्डवासी उपस्थित थें।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज व मुख्यमंत्री साय ने की भगवान पार्श्वनाथ की पूजा-अर्चना

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दुर्ग प्रवास के दौरान ग्राम नगपुरा स्थित 23वें तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ भगवान के प्राचीन व ऐतिहासिक मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों सहित देशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, सांसद विजय बघेल, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मुणत, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, विधायक ललित चंद्राकार उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 23 वें तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ का यह मंदिर लगभग 3000 साल पहले उनके श्रमण काल में इस क्षेत्र में श्रमैन (त्याग के माध्यम से आत्म-प्राप्ति के लिए समर्पित एक भम्रणशील भिक्षुक) के रूप में उनकी पवित्र यात्रा की स्मृति दिलाता है। बिखरे हुए जैन मूर्तिकला के अवशेष, भक्तों की बड़ी संख्या और भगवान के चरण चिन्हों के साथ प्राचीन मंदिर ऐतिहासिक रूप से इस क्षेत्र के लिए भगवान की यात्रा को साबित करते है।

इस प्राचीन मूर्ति के मिलने से लेकर पुनः स्थापित होने तक चमत्कारीक तरीका भी स्पष्ट रूप से उनकी दिव्य कृपा साबित करता है। यह मंदिर पत्थरों पर उत्कीर्ण जैन-भक्ति दर्शन का एक महाकाव्य है। इस तार्थस्थान की यात्रा, यात्रियों को उदार आचरण, आत्म-अनुशासन, तपस्या और समानता को प्रेरित करती है। 1995 में नगपुरा में स्थापित यह एक जैन मंदिर है। परिसर में मंदिर, गेस्ट हाउस, एक बगीचा और प्राकृतिक चिकित्सा व योग केंद्र स्थित हैं।

संगमरमर से बने भगवान पार्श्वनाथ के इस मंदिर का प्रवेश द्वार 30 फीट गेट के माध्यम से है, जिसमें चार स्तंभो जो आध्यात्मिक जीवन के चार आवश्यक तत्वों यथा ज्ञान,आत्म निरीक्षण, अच्छा आचरण और तपस्या का प्रतिनिधित्व करती है पर स्थित भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति है, जिसकी दो हाथियों द्वारा पूजा की जा रही है। मूर्ति से पवित्र जल, अमीया रसता है। तीर्थयात्री पूर्णिमा के दिन दर्शन करने आते हैं।

छत्तीसगढ़ सब्जी और फलों का बनेगा कटोरा

छत्तीसगढ़ आने वाले समय में धान के साथ-साथ सब्जी और फलों का भी कटोरा बनेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी और बागवानी फसलों को बढ़ावा दे रही है। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ग्राम खपरी में आयोजित 3 दिवसीय किसान सम्मेलन के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने इस अवसर पर प्रगतिशील किसान संघ द्वारा निर्मित भवन का लोकार्पण तथा प्रशिक्षण केन्द्र का भूमिपूजन किया साथ ही प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के लिए 200 क्विंटल सब्जी से भरे ट्रक को झंडी दिखाकर रवाना किया। कसानों ने केन्द्रीय कृषि मंत्री को गजमाला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होने कहा कि छग में किसानों को समृद्ध बनाने तथा उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन एवं अनुदान हेतु 203 करोड़ जारी किए गए हैं। उन्होंने किसानों से अरहर, मूंग, उड़द फसलों के उत्पादन करने और प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की अपील की।

प्रदेश में 3.3 लाख पीएम आवास की स्वीकृति

गजेन्द्र ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज व मुख्यमंत्री साय का जताया आभार

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पक्के आवास का सपना देखने वाले गरीब वर्ग के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को प्रदेश में 3.3 लाख पीएम आवास बनाने की स्वीकृति पत्र प्रदान किये। नगपुरा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक गजेन्द्र यादव भी शामिल हुए और मोदी की गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन में संवर रहे छत्तीसगढ़ पर सम्बोधित किये। विधायक ने कहा की प्रदेश के गरीबों और जरूरतमंदों के लिए यह दिन वाकई ऐतिहासिक रहा। पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मोर आवास, मोर अधिकार कार्यक्रम के तहत पीएम आवास की स्वीकृति से छत्तीसगढ़ में विकास की एक नई गाथा लिखी जा रही है। आज दुर्ग जिले के ग्राम नगपुरा में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने न केवल इन आवासों के स्वीकृति पत्र सौंपे, बल्कि आगामी वित्तीय वर्ष में इतने ही और मकानों की स्वीकृति की घोषणा कर गरीबों के जीवन में खुशहाली का संकल्प दोहराया। यह पहल प्रदेश के विकास और गरीबों को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का इस अनुपम कार्य के लिए प्रदेशवासियों की ओर से उन्होंने हार्दिक आभार जताया।

नेहरू नगर भारत माता उद्यान का होगा सौंदर्यीकरण : आयुक्त राजीव

■ **आयुक्त ने उद्यान अधिकारी को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम क्षेत्र में लगभग 150 उद्यान है, इसमें से नेहरू नगर क्षेत्र में 50 से अधिक उद्यान निर्मित किये गये है। जिसकी देखरेख निगम द्वारा किया जा रहा है। निगम का प्रयास है कि जिन उद्यानो का निर्माण हो चुका है। उसका देखरेख सिंचाई, साफ सफाई, खाद डालने का कार्य आदि की व्यवस्था स्थानीय जागरूक नागरिको द्वारा किया जायेगा, तो अच्छा स्वरूप रहेगा। निगम की सीमित संसाधनों के कारण बहुत सारे उद्यानो का देखरेख नियमित नहीं हो पा रहा है। निगम प्रशासन जागरूक समितियां, स्थानीय नागरिको से आव्हान करता है। कि अपने निवास क्षेत्र में स्थित उद्यानों का देखरेख का कार्य स्वयं करे, निगम उनके मध्य अनुबंध करेगा, इसका लाभ सभी लोगो को प्राप्त होगा।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय निगम क्षेत्र के उद्यानो का निरीक्षण करने पहुंचे। जिसमें प्रमुख रूप से भारत माता उद्यान जो नेशनल हाईवे पुलिस यातायात कार्यालय के समीप है। बहुत अच्छा निर्मित है उसका सौंदर्यीकरण करके आकर्षक उद्यान बनाया जाएगा। इस संबंध में आयुक्त पाण्डेय ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

इसके साथ ही शिवाजी पार्क, सांई उद्यान, मिलेनियम पार्क, महाराणा प्रताप उद्यान आदि जगहो का निरीक्षण किये। जिसमें स्थानीय नागरिको द्वारा कुछ आवश्यक सलाह दिये, आयुक्त ने यथा संभव उसको पुरा करने को कहा। लेकिन साथ में एक शर्ते रहेगी, कि निगम द्वारा व्यवस्थित करके एक बार दे दिया जाएगा। उसका देखरेख स्थानीय नागरिको द्वारा समिति बनाकर स्वयं के व्यय से किया जायेगा।निरीक्षण के दौरान जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, भारत विकास परिषद के शिवनारायण मोदी, बीएन पाण्डेय, सत्येन्द्र सिंह, सुषमा झाम, गीता मोदी, एम.एस.ठाकुर, एस.ई.आनंद, उमेश सिंह भंडारकर आदि उपस्थित रहे।

प्रवासी छत्तीसगढ़िया पुस्तक का डॉ. रमन सिंह ने किया विमोचन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह के निवास स्थित सभागार में प्रवासी दिवस के अवसर पर विशिष्ट पुस्तक प्रवासी छत्तीसगढ़िया असम के विशेष सन्दर्भ में का विमोचन डा रमन सिंह ने किया। अशोक तिवारी और आशीष सिंह द्वारा संपादित पुस्तक के विमोचन में दोनों संपादक के साथ प्रकाशक साहित्यकार डा सुधीर शर्मा, लेखक राहुल सिंह तथा समारोह के अध्यक्ष पूर्व कुलपति पाण्डेय मंच पर सादर उपस्थित थे। पुस्तक में छत्तीसगढ़ से आसाम में जाकर अपनी योग्यता का डंका बजाने वाले जांबाज़ों की विजय गाथाएं हैं। विशेष रूप से छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश की पहली महिला सांसद गुरूवाइन दाई मिनी, झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास, डिब्रूगढ़ सांसद रामेश्वर तेली सहित विभिन्न क्षेत्रों के तीन पीढ़ियों के आसामी छत्तीसगढ़ियों पर पुस्तक में उनकी उपलब्धियों के सन्दर्भ में लेखकों ने भाव भरा आलेखन किया। हैं। पुस्तक कोरायपुर के वैभव प्रकाशन ने प्रभावी ढंग से छापा है।

बेसहारों को मिला जीवनदान, ढ़ाई लाख करा चुके हैं स्वास्थ्य परीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 2 लाख 34 हजार से ज्यादा लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया है। कई लोगों को घर पहुंच सेवा के तहत नया जीवन मिला है। खास बात यह है कि लगभग 70 हजार ने पैथोलॉजी जांच रिपोर्ट निशुल्क प्राप्त किया है। निगम की बसाहट आधा गांव और आधा शहर है। स्लम बस्ती में रहने वाले कई परिवार ऐसे है जो अस्पताल जाने में असमर्थ है। कभी संसाधन का अभाव तो कभी माली हालत का ठीक नहीं होना। ऐसे में हर वार्ड तक पहुंच रही मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत चलित चिकित्सा ईकाई सहारा बन चुकी है। जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण से लेकर पैथोलॉजी जांच और निशुल्क दवा वितरण की सुविधा है। एम.एम.यू की क्वाडीनेटर प्रियंका ने बताया कि रिसाली निगम के 40 वार्डो में रोस्टर के हिसाब से चलित चिकित्सा ईकाई पहुंच रही है।

नपा अधिकारी ने किया निरीक्षण

जामुल। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के नेतृत्व में चल रही मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट चल रही है। आम नागरिकों के लिए यह वरदान साबित हो रही है। नगर पालिका परिषद के अंतर्गत चल रही मोबाईल मेडिकल यूनिट में सीमा बख्शी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा निरीक्षण किया और साथ ही साथ अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया।

कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

निविदा सूचना क्रमांक ..05../ व.ले.लि./का.अ./ लो.स्वा.यां.ख./2025 — सूरजपुर, दिनांक 07.01.2025

तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

मुहरबंद निविदायें छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रतिशत दर पर प्रपत्र 'अ' पर प्रतिशत दर में छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छ.ग. रायपुर के द्वारा दिनांक 01.07.2020 को जारी एस.ओ.आर व निविदा आंमत्रण तिथि तक एस.ओ.आर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

समूह क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	जिला सूरजपुर के विकासखण्ड ओड़गी के ग्राम कुदरगढ़ में माँ बागेश्वरी धाम में विजय कुंड से देवी धाम तक में जल प्रदाय कार्य सलंग्न शेड्यूल के अनुसार।	12.34

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथि 20.01.2025 है, एंव निविदा की अन्य शर्ते तथा कार्य की विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

जी-242505277/2

कार्यपालन अभियन्ता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
सूरजपुर

कार्यालय संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक
स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय
संबद्ध चिकित्सालय कोरबा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

क्र./जीएमसी कोरबा/निविदा/2024-25 46 — कोरबा, दिनांक. 09-01-25

निविदा सूचना
वाहन स्टैण्ड संचालन कार्य

निविदा कार्य का नाम	स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय कोरबा छ.ग. में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वाहन स्टैण्ड संचालन कार्य हेतु निजी प्रतिष्ठान से निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा प्रपत्र का मूल्य	500.00 रू. (पांच सौ रू.) का डिमान्ड ड्राफ्ट JT DIR CUM HOS SUPTD GMC KORBA के नाम से देय होगा, जो कि वापसी योग्य नहीं है।
अमानत राशि	100000.00 रू. (एक लाख रूपये) का डिमांड ड्राफ्ट JT DIR CUM HOS SUPTD GMC KORBA के नाम से देय होगा।
निविदा फार्म जारी करने की तिथि	निविदा प्रपत्र स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय कोरबा छ.ग. के क्रय शाखा से कार्यालयीन दिवस पर दिनांक 11.01.2025 से आवेदन पत्र के साथ प्राप्त किया जा सकता है।
निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि	दिनांक 31.01.2025 सायं 05.00 बजे तक
निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 01.02.2025 दोपहर 03.00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से
निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 01.02.2025 सायं 04.00 बजे, स्थान- कार्यालय संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक कोरबा छ.ग.

निविदा प्रपत्र जिले के स्थानीय वेबसाइट sbdmscm.edu.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। उपरोक्तानुसार इच्छुक निविदादाता से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

जी-242505269/4

संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक
शास. चिकि. महा. संबद्ध चिकित्सालय कोरबा (छ.ग)

विधायक कौशिक ने नगर पालिका परिषद बोदरी में किया 3.27 करोड़ से अधिक विकास निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

हर वार्ड के विकास के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही साय सरकार: कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बिल्हा विधानसभा अंतर्गत नगर पालिका परिषद बोदरी मे लगभग 3 करोड़ 26 लाख रु से अधिक के विकास निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसके अंतर्गत अटल परिसर निर्माण एवं प्रतिमा स्थापना लागत 19.95 लाख रु, विभिन्न वार्डों में शासकीय विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 30.98 लाख रु, विभिन्न वार्डों में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (02 कार्य) लागत 10.15 लाख रु, सफाई कार्य हेतु वाहन ट्रैक्टर हेड 03 नग, ट्रैक्टर ट्रॉली 03 नग चैन जे.सी.बी. 01 नग ट्राई, साईकिल 15 नग, मोबाईल टॉयलेट. 02 नग का लगभग 86.22 लाख रु के कार्यों का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही नवीन नगर पालिका कार्यालय भवन निर्माण हेतु लागत-98.82 लाख रु,

माननीय उच्च न्यायालय परिसर के पिछे आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य हेतु 24.79 लाख रु, विभिन्न वार्डो में सी.सी. रोड निर्माण कार्य लागत 23.89 लाख रु, सामुदायिक भवन पचरी (02 नग) आर.सी.सी. शेड, निर्माण शौचालय निर्माण लागत-32.09 लाख रु का भूमिपूजन किया गया है। इस अवसर पर श्री कौशिक ने कार्यक्रम को सबोधित करते हुए क्षेत्र की जनता को क्षेत्र में हो रहे विकास निर्माण कार्य हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि इन विकास निर्माण कार्यो से क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति लाभदायक रहेगा और इन विकास निर्माण कार्यो से बिल्हा विधानसभा और बोदरी क्षेत्र में एक नई चमक दिखेगी। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव की सुशासन की सरकार हर वार्ड के विकास के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि एक वर्ष में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बिल्हा विधानसभा में तेजी से विकास कार्यो का भूमिपूजन कर कार्य प्रारम्भ किए जा रहे हैं।

विकास कार्य के लिए 65.50 लाख स्वीकृत

सामुदायिक भवन निर्माण खोली पारा में 6.50 लाख, ग्राम मंगला पा बढ़ाई पारा से घनश्याम यादव के घर से उत्तरा साहू के घर तक सीसी रोड 10 लाख रुपए, ग्राम बन्नाकडीह में सामुदायिक भवन पिंटू लहरी के घर के पास 8 लाख, ग्राम मोहदा रामायण मंच के पास छत युक्त चबूतरा निर्माण 10 लाख, ग्राम खपरखोल में सामुदायिक भवन 3 लाख, ग्राम अमलडीहा ठाकुर देव के पास सामुदायिक भवन निर्माण 10लाख, ग्राम सावा कोटवार के घर से श्मशान घाट तक सीसी रोड 5 लाख, ग्राम बावली हायर सेकेंडरी स्कूल में शेड निर्माण 3 लाख रुपए, ग्राम सल्फा अश्वनी कौशल के घर से परस कौशल के घर तक सीसी रोड निर्माण 5 लाख, नगर पंचायत पथरिया वार्ड 13 में सामुदायिक भवन 5 लाख रूपये के कार्यों को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया है जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को प्राप्त होगा।

राज्य में मोदी की गारंटी और सुशासन

छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में मोदी की गारंटी और सुशासन लेकर आई है। सभी वार्डों में आज विकास की गंगा बह रही है। शीघ्र ही इन सभी कार्यों का कार्य प्रारम्भ कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सवन्न, मुख्य रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी भारती साहू, मंडल अध्यक्ष लव श्रीवास, कृष्ण कुमार कौशिक, दिनेश पांडेय, पेगन वर्मा,कुशल वर्मा, दीपक वर्मा, लक्ष्मी नारायण मरावी, अनिल बलेचा, सुनील कट्टी, अभिषेक तिवारी, एसडीएम, सीएमओ, नगर पालिका निगम के कर्मचारी, प्रमुख कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

जूना बिलासपुर व्यापारी संघ का नव वर्ष मिलन आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। जूना बिलासपुर व्यापारी संघ का नव वर्ष मिलन का कार्यक्रम 12 जनवरी 2025 दिन रविवार को सायं 7 बजे से पूज्य सिंधी पंचायत जूना बिलासपुर भवन में रखी गई है, जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह पर लकी ड्रा में हेलमेट दिया जाएगा, कार्यक्रम को और आकर्षण बनाने के लिए गीत संगीत एव चुटकुले, मनोरंजक खेल, स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण शिविर का पुरस्कार वितरण, भाग्यशाली ड्रा, नये सदस्य का सम्मान आदि रखा गया है द्य अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने सभी व्यापारी बंधुओं को इस कार्यक्रम में आगे बढ़कर भाग लेने के लिए अनुरोध किया है।

युवाओं की तिलक आरती, पुष्प प्रदान कर अभिनंदन किया

राष्ट्रीय युवा महोत्सव में दिल्ली पहुंचे प्रदेश के सौ युवा, तोखन साहू ने किया स्वागत

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय युवा महोत्सव में दिल्ली पहुंचे छत्तीसगढ़ के एक सौ दस युवाओं का केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने नई दिल्ली में पंथ मार्ग स्थित अपने शासकीय आवास पर स्वागत किया। सभी युवाओं की तिलक आरती कर और पुष्प प्रदान करते हुए अपने गृह में प्रवेश अभिनंदन किया। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में पहुंचे छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल का अभिवादन किये और सभी युवाओं को छत्तीसगढ़ का राष्ट्रीय फलक पर प्रतिनिधित्व करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। तोखन साहू ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस विकसित भारत के लिए एक नया विजन प्रस्तुत करता है। इन युवाओं के माध्यम से विकसित छत्तीसगढ़ -विकसित भारत का सपना अवश्य साकार होगा। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने युवाओं को आशीर्वाद स्वरूप विवेकानंद जी की जीवनी एवं स्मृति चिह्न भेंट किया और उनके परिवारजनों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के पिता बलदाऊ साहू, धर्मपत्नी लीलावती साहू, सुपुत्री सुश्री हिमानी साहू और पुत्र निखिल साहू भी उपस्थिति रहें। भव्य स्वागत, सम्मान और रात्रि भोज से युवा गद-गद थे। युवाओं के प्रतिनिधि मंडल को लेकर पहुंचे अधिकारियों और युवाओं ने इतनी आत्मीयता से मुकालात करने और सस्नेह भोजन करवाने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के प्रति आभार जताया।

छत्तीसगढ़ के युवाओं से किया सीधा संवाद

ज्ञात हो कि नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद (यंग लीडर्स डायलॉग) का आयोजन चल रहा है। यह आयोजन राष्ट्रीय युवा महोत्सव का एक नया रूप है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के एक सौ दस नौजवान जो पूरे प्रदेश भर से चुनकर यहां पहुंचे हैं। वे सभी विभिन्न कार्यक्षेत्रों के प्रभावी और प्रतिभा के धनी हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने प्रत्येक युवाओं से सीधा संवाद किया और उनके विचारों को सुना। साथ ही उनके विचारों का प्रोत्साहन दिया।

70 वार्डों में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनेगा और महापौर भी कांग्रेस का बनेगा : त्रिलोक

त्रिलोक श्रीवास ने महापौर के लिए कांग्रेस भवन में आवेदन जमा किया

बिलासपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास राष्ट्रीय समन्वयक- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, प्रभारी -प्रदेश कांग्रेस कमेटी, उत्तर प्रदेश तथा गुजरात ने आज भारी भीड़ के साथ कांग्रेस भवन में बिलासपुर नगर पालिका निगम हेतु महापौर हेतु उम्मीदवार हेतु अपना आवेदन जमा किया।

इस अवसर पर त्रिलोक श्रीवास के साथ 500 से ज्यादा बिलासपुर नगर पालिका निगम के वरिष्ठ कांग्रेस जन युवा नेता मौजूद थे। इस अवसर पर त्रिलोक श्रीवास ने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी उन पर विश्वास जताएगी, और उनके उम्मीदवार बनने से कांग्रेस का जीत सुनिश्चित होगा। पूरे 70 वार्डों में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनेगा और महापौर भी कांग्रेस का बनेगा।साथ ही साथ अत्यधिक संख्या में कांग्रेस के पार्षद चुनाव जीतकर आएंगे। त्रिलोक श्रीवास समर्थकों ने नेहरू चौक से रैली निकालकर कांग्रेस भवन पहुंचकर नारेबाजी करते हुए भारी उत्साह के साथ आवेदन पत्र जमा किया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला, प्रदेश पदाधिकारी जनप्रतिंनिधिगण सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे। प्रमुख रूप से नवल किशोर शर्मा पवन सिंह ठाकुर मोहन जायसवाल किशोर घोरे अधिवक्ता सुरेश गौतम के.डी. तिवारी रूप सिंह ठाकुर कामरान खान मोहसिन खान बंटी खान मंगल बाजपेई राहुल गोरख मुकेश, कृष्ण आदि मौजूद रहे।

सुंदरम ने किया रोप जंप, महिला बैडमिंटन व पुरुष क्रिकेट पर कब्जा

अमन बने मैन ऑफ द मैच तो पृथ्वीराज बने मैन ऑफ द सीरीज

बिलासपुर/नवप्रदेश। खेल महोत्सव के चौथे दिन आज सुबह बैडमिंटन का फायनल मैच खेला गया बैडमिंटन पुरूष वर्ग का मैच बहुत ही रोमांचक रहा। प्रथम मैच में शिवम के सोमित कश्यप एवम तेज नारायण ने सुन्दरम के प्रदीप उपाध्याय एवम रामगोपाल पटेल को पटखनी दी। इस प्रकार शिवम ने सुंदरम को करारी हार का स्वाद चखाया और पुरूष वर्ग फायनल को अपने निकेतन के नाम कर लिया।तो महिला वर्ग के फाइनल में सुंदरम निकेतन की नैनसी टोप्पो और अल्पना मीत तिग्गा ने शिवम निकेतन की रूकमणी पैंकरा एवं हिमाद्री श्रीवास्तव को लगातार दोनों सेटों में एक तरफा मात देकर खिताब अपने निकेतन के नाम किया। वहीं रोप जंप के फाइनल मुकाबले में सत्यम 169 अंक का ही स्कोर कर पाया वहीं शिवम भी फिसड्डी साबित होते हुए महज 209 अंक ही अर्जित कर पाया जबकि मधुरम 245 अंक अर्जित कर उपविजेता रहा तो सुंदरम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 396 अंक अर्जित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। आज के समस्त खेलों सम्पन्न कराने में व्यायाम निदेशक सुनील राव, अमित तिवारी, सुभाष त्रिपाठी,स्वर्णिम शुक्ला, शबाना खान, स्वर्णिम शुक्ला, अमृता मिश्रा, राकेश बाटवे, साजिद खान, महेश शर्मा, धनीराम यादव एवं खेल समन्वयक करीम खान ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रोप जंप में सुंदरम की बेबी मिरी ने निजी स्कोर 141 अंक अर्जित किया

प्रात: कालीन मैचों में ही क्रिकेट के सेमीफाइनल फाइनल मैच में शिवम निकेतन ने पृथ्वीराज के 85 एवं रविन के 42 रनों की बदौलत मधुरम निकेतन को धूल चटाते हुए फाइनल में प्रवेश किया। किन्तु द्वितीय प्रहर में फाइनल मुकाबले में सुंदरम के अमन भाई की जबरदस्त आलराउंड प्रदर्शन के सामने घुटने टेकने पड़े और क्रिकेट में सुंदरम ने अपनी बादशाहत कायम रखने में सफल रहा तथा खेल महोत्सव के चतुर्थ दिवस को अपने नाम किया।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री राकेश बने दीपका प्रभारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां तेज़ कर दी गयी हैं और इसी क्रम में विभिन्न नगरीय निकायों के लिए प्रदेश नेतृत्व द्वारा निकाय प्रभारियों की सूची जारी कर दी गयी है जिसमे भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री राकेश तिवारी को दीपका नगर पालिका प्रभारी नियुक्त किया है।

सीयू में ग्यारहवें दीक्षांत समारोह की तैयारियों जोरों पर

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल की अध्यक्षता में ग्यारहवें दीक्षांत समारोह की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन दिनांक 10 जनवरी, 2025 को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सभागार में किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय की दीक्षांत समारोह से संबंधित टीम और जिला प्रशासन की ओर से संभागायुक्त महादेव कावरे, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार एवं अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए बैठक में विभिन्न तैयारियों की समीक्षा करते हुए संतोष व्यक्त किया गया साथ ही आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। ग्यारहवां दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले शोध उपाधि धारकों एवं गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए वेशभूषा हेतु विशेष दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। छात्रों के लिए सफेद कुर्ता-पायजामा तथा छात्राओं के लिए कोसा कलर (गोल्डन) की साड़ी जिसमें 3-4 इंच का लाल/कथई बार्डर हो एवं गहरा लाल/कथई रंग का ब्लाउज वेशभूषा निर्धारित की गई है। छात्र-छात्राओं को स्वयं की फिटिंग के अनुसार वस्त्र धारण कर समारोह हेतु उपस्थित होना होगा। विद्यार्थियों को पटका और पगड़ी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाएगी। इस हेतु विद्यार्थियों को अमानत राशि 800 रुपये जमा करने होंगे जो दीक्षांत समारोह के उपरांत उसी दिन पटका और पगड़ी वापस करने पर अमानत राशि लौटा दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि ग्यारहवां दीक्षांत समारोह दिनांक 15 जनवरी, 2025 को अपराह्न 3 बजे आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह की रिहर्सल 14 जनवरी, 2025 को दोपहर 1 बजे आयोजित की जाएगी जिसमें उपस्थिति अनिवार्य है।

सफाई कर्मियों के लिए हेल्थ कैंप, 253 कर्मियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम के सफाईकर्मी,जो शहर को साफ और नागरिकों को स्वस्थ्य रखने में महती जिम्मेदारी निभाते हैं,उनके स्वास्थ्य की जांच के लिए निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर नगर पालिक निगम बिलासपुर हैल्थ कैंप का आयोजन कर रहा है।

जिसके तहत आज एसआरएलएम सेंटर कुंद्रापारा, सकरी, छठघाट और जोन 8 कार्यालय में मेडिकल मोबाइल यूनिट के ज़रिए 253 सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया।इस दौरान 148 सफाईकर्मी ऐसे पाएं गए जिन्हें आवश्यक जांच की जरूरत महसूस की गई,इन सफाई कर्मियों का मेडिकल मोबाइल यूनिट में निःशुल्क लैब टेस्ट किया गया और ऐसे ही 243 सफाईर्मियों को निःशुल्क दवाई का भी वितरण किया गया। 11 जनवरी को बाकी के बचे हुए सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाएगा,इसके लिए देवरीखुर्द और बहतराई के एसआरएलएम सेंटर में मेडिकल मोबाइल यूनिट तैनात किया जाएगा। विदित है की पूरे शहर को स्वच्छ रखने की महती जिम्मेदारी हमारे सफाई मित्र उठाते हैं,उनका स्वास्थ्य बेहतर रहे यही प्राथमिकता है।

बारिश में,ठंड में गर्मी में किसी भी मौसम में सफाई मित्र कचरे और गंदगी के ढेर में अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण करते है,इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन करने वाले कर्मियों के लिए नगर निगम कैंप का आयोजन कर रहा है।

जो हमें रखते है स्वस्थ्य,उनके सेहत की गई जांच

अमृत भारत 2.0 अगले दो वर्षों में 50 ट्रेन: वैष्णव

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल, सूचना और प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) का दौरा किया और अमृत भारत कोचों के नए संस्करण का निरीक्षण किया, जिसमें यात्री सुविधा और सुरक्षा की बेहतर विशेषताएँ हैं। उन्होंने आईसीएफ द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। मंत्री ने पर्यटक विशेष ट्रेन में उपयोग होने वाले वातानुकूलित डाइनिंग कार का भी निरीक्षण किया। आईसीएफ के महाप्रबंधक यू. सुब्बा राव ने अमृत भारत कोचों और डाइनिंग कार की विशेषताओं के बारे में जानकारी दी। मीडिया से बात करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अमृत भारत 2.0 के तहत अगले दो वर्षों में 50 ऐसी ट्रेनें बनाई जाएंगी। यह लंबी दूरी की यात्रा करने वाले लोगों को बहुत किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करेगा, विशेषकर निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के लिए। उन्होंने बताया कि इन ट्रेनों में 12 प्रमुख सुधार किए गए हैं।

हाईकोर्ट

मृत पिता के संस्कार को लेकर पेश याचिका खारिज, हाईकोर्ट ने कहा- पास ही उपलब्ध है मसीही कब्रिस्तान

आम कब्रिस्तान में नहीं मिली अंतिम संस्कार करने की अनुमति

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक ईसाई व्यक्ति की याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी , जिसमें उसने गांव के आम कब्रिस्तान में अपने मृत पिता का अंतिम संस्कार करने की अनुमति और पुलिस सुरक्षा मांगी थी। कोर्ट ने गांव में शांति भंग की आशंका पर विचार करते हुए कहा कि, ईसाई समुदाय का कब्रिस्तान पास के क्षेत्र में उपलब्ध है, इसलिए इस रिट याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा मांगी गई राहत देना उचित नहीं होने पर खारिज किया है। प्रकरण के अनुसार बस्तर के दरभा निवासी याचिकाकर्ता रमेश बघेल के पिता की 7 जनवरी 2025 को वृद्धावस्था में बीमारी से मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के बाद, याचिकाकर्ता और उनके परिवार के सदस्यों का इरादा गांव के आम कब्रिस्तान में ईसाई व्यक्तियों के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र में उनका अंतिम संस्कार करने का था। इस बारे में जानने पर, कुछ ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार पर आक्रामक रूप से आपत्ति जताई और याचिकाकर्ता और उसके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। ग्रामीणों ने दावा किया कि, किसी ईसाई व्यक्ति को उनके गांव में दफनाया नहीं जा सकता, चाहे वह गांव का कब्रिस्तान हो या याचिकाकर्ता की अपनी निजी भूमि,जब ग्रामीण हिंसक हो गए, तो याचिकाकर्ता के परिवार ने पुलिस को रिपोर्ट की। आरोप है कि पुलिस ने याचिकाकर्ता के परिवार पर शव को गांव से बाहर ले जाने के लिए दबाव डाला और धमकी दी कि ऐसा न करने पर याचिकाकर्ता और उसके परिवार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। याचिकाकर्ता ने छिंदवाड़ा गांव के ईसाई दफन क्षेत्र में अपने पिता की शांतिपूर्ण अंत्येष्टि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिवादी अधिकारियों से सुरक्षा और मदद की मांग करते हुए एक आवेदन दिया था। जब याचिकाकर्ता को कोई राहत नहीं मिली, तो उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

छिंदवाड़ा में अलग कब्रिस्तान नहीं

सुनवाई के दौरान उप महाधिवक्ता ने कहा कि ग्राम छिंदवाड़ा में ईसाइयों के लिए कोई अलग कब्रिस्तान नहीं है। हालाँकि, उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि याचिकाकर्ता अपने मृत पिता का अंतिम संस्कार गाँव छिंदवाड़ा से 20-25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित नजदीकी गाँव करकापाल में करता है, जहाँ ईसाईयों का एक अलग कब्रिस्तान है, तो कोई आपत्ति नहीं होगी। न्यायालय ने कहा कि चूंकि ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए 20-25 किलोमीटर की दूरी पर एक अलग कब्रिस्तान उपलब्ध है, इसलिए याचिकाकर्ता अपने मृत पिता का अंतिम संस्कार उसी स्थान पर कर सकता है इस आदेश के साथ ही कोर्ट ने याचिका निराकृत कर दी।

न्यूज गैलरी

170 छात्रों को स्टाफ ने ठंड को देखते हुए स्वेटर वितरण किया

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर पालिका पूर्व माध्यमिक शाला में अध्ययनरत् लगभग 170 छात्रों को स्टाफ के लोगो ने ठंड को देखते हुए स्वेटर वितरण किया। जिसमें प्रमुख रूप से ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहीं। बदलते मौसम को देखते हुए कक्षा छठवीं से लेकर आठवीं तक के बच्चों को नगर पालिका पूर्व माध्यमिक शाला के स्टाफके द्वारा स्वेटर वितरण का कार्यक्रम स्कूल परिसर मे रखा गया था। लगभग 170 छात्रो को स्वेटर वितरण ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रतिभा मण्डरोई के हाथों कराया गया। प्रधान पाठक प्रभाकांत शर्मा, अमरजीत कौर, राजकुमारी देवांगन, मधुमिता शुक्ला, अनुपम कुमार साव, दयाराम साहु, सुशील जांगडे, खेमेन्द्र जांगडे, नेहा शर्मा उपस्थित रहे।

सुरदा में मरार पटेल समाज द्वारा पांच दिवसीय मां शाकम्भरी महोत्सव

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम सुरदा में मरार पटेल समाज द्वारा पांच दिवसीय माँ शाकम्भरी महोत्सव का आयोजन 10 से 15 जनवरी तक किया जा रहा है।



जिसमें प्रथम दिवस 10 जनवरी को कलश यात्रा, मूर्ति स्थापना, 12 जनवरी को सांई म्यूजिकल ग्रुप मुंगेली द्वारा जगराता कार्यक्रम, 13 जनवरी को माँ महामाया पंद्धवानी द्वारा झांकी शाकम्भरी जयंती छेरछेरा, 14 जनवरी को पं. शिवकुमार तिवारी द्वारा जगराता एवं हवन पूजन चढ़ोत्तरी कार्यक्रम, 15 जनवरी को शोभायात्रा एवं विसर्जन किया जायेगा। महोत्सव के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, पूर्व खाद्यमंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पटेल समाज के सदस्यगण जुटे हुए है।

छठवीं में प्रवेश के लिए नवोदय में चयन परीक्षा 18 जनवरी को

मुंगेली/नवप्रदेश। कक्षा छठवी में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 18 जनवरी को जिले के प्रत्येक विकासखंडों में 6-6 परीक्षा केन्द्र कुल 18 परीक्षा केन्द्रों समय सुबह 11.30 से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित होनी है। इस परीक्षा हेतु पूरे मुंगेली जिले से 6339 छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन किया है। नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 के लिए प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट जाकर में ऑनलाईन फार्म भरते समय प्राप्त रजिस्ट्रेशन नंबर एवं बच्चे की जन्मतिथि अंकित कर प्राप्त की जा सकती है। प्रवेश पत्र, ऑनलाईन आवेदन करते समय यदि किसी प्रकार की त्रुटि जैसे नाम, लिंग, वर्ग सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति जन्मतिथि, एरिया ग्रामीण, शहरी, शैक्षणिक सत्र पता इत्यादि में सुधार हेतु प्रधान पाठक, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र कार्यालय, प्राचार्य, पीएमश्री नवोदय विद्यालय, दाबो में जमा करने कहा गया है।

अवैध भंडारण और परिवहन पर प्रशासनिक टीम ने साई ट्रेडर्स सहित श्रीराम और बंसल ट्रेडर्स की दुकानें सील

साईं ट्रेडर्स में 310 क्विंटल फोर्टीफाइड चावल लोड करते पकड़ाया ट्रक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देश पर प्रशासनिक टीम द्वारा फोर्टीफाइड चावल के अवैध भंडारण और परिवहन पर बड़ी कार्यवाही की गई है। फोर्टीफाइड चावल के अवैध भण्डारण और परिवहन पर प्रशासनिक टीम कड़ी नजर रखे हुए है। इसी क्रम में सूचना मिलने पर राजस्व, खाद्य, मंडी और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा खरसिया नाका के पास साईं ट्रेडर्स में दबिश दी गई, जहां ट्रक में पीडीएस प्रणाली के तहत वितरित किए जाने वाला फोर्टीफाइड चावल अवैध रूप से लोड कराया जाना पाया गया। तत्काल एक्शन मोड में आकर राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी बोर्ड की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए ट्रक एवं 310 क्विंटल फोर्टीफाइड चावल को जप्त किया गया। एसडीएम अम्बिकापुर फागेश सिन्हा ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इसी तरह शुक्रवार को खरसिया नाका स्थित श्रीराम ट्रेडर्स और बंसल ट्रेडर्स में भी दबिश दी गई तथा अवैध रूप से भण्डारित चावल जप्त कर लिया गया। जिसमें साईं ट्रेडर्स में आज लगभग 8 क्विंटल चावल, श्रीराम ट्रेडिंग में 130 क्विंटल एवं बंसल ट्रेडर्स में 45 क्विंटल चावल भंडारित पाया गया। प्रशासनिक टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए चावल जप्त कर तीनों दुकानों को सील कर दिया गया है। इस टीम में जिला खाद्य अधिकारी श्री चित्रकांत ध्रुव, तहसीलदार उमेश बाज, नायब तहसीलदार निखिल श्रीवास्तव सहित मंडी एवं पुलिस विभाग टीम शामिल रही।

याचिका की सुनवाई जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच में हुई

तबादला शासन का विशेषाधिकार, अधिकारी के ग्रेड में नहीं कर सकते बदलाव

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीनियर अफसर को जूनियर रैंक में तबादला करने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच में हुई। याचिकाकर्ता ने बताया कि वह एए श्रेणी की अफसर है। उनका तबदला महासमुंद नगरपालिका में सीएमओ के पद पर कर दिया है। नगरपालिका महासमुंद सीएमओ का पद उससे जूनियर रैंक के अफसर की है। राज्य शासन ने अपने ही शर्तों का उल्लंघन कर दिया है। मामले की सुनवाई के बाद सिंगल बेंच ने राज्य शासन द्वारा जारी तबादला आदेश पर रोक लगा दिया है।

नगरीय प्रशासन विभाग में ग्रेड एए अधिकारी कृष्णा खटिक ने अधिवक्ता संदीप दुबे के जरिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर कर राज्य शासन द्वारा ग्रेड डिमोट कर किए गए तबादला आदेश को चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता संदीप दुबे ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता को नगर पालिका परिषद, महासमुंद में मुख्य नगरपालिका अधिकारी ष्टरूह्र के पद पर स्थानांतरित किया गया है। याचिकाकर्ता का ग्रेड एए है। महासमुंद नगरपालिका ग्रेड ए रैंक के अफसर के लिए है।

मसलन ग्रेड ए रैंक के अफसर को सीएमओ के पद पर पदस्थापना दी जा सकती है या फिर इसी रैंक के अफसर को एक से दूसरे निकाय में स्थानांतरण किया जा सकता है। अधिवक्ता दुबे ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता की रैंकिंग ग्रेड एए है। राज्य शासन ने ग्रेड ए में डिमोट करते हुए महासमुंद नगर पालिका सीएमओ के पद पर स्थानांतरण आदेश जारी कर दिया है। राज्य शासन का यह आदेश छत्तीसगढ़ राज्य नगर पालिका (कार्यपालिक/इंजीनियरिंग/स्वास्थ्य) सेवा, भर्ती और सेवा की शर्तें नियम, 2017 के विरुद्ध है। अधिवक्ता दुबे ने कहा कि ग्रेड एए रैंक वाले अफसरों को उन्हीं निकायों में स्थानांतरित किया जा सकता है, उनके रैंक व ग्रेड के अनुरुप पद हो। मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने राज्य शासन द्वारा जारी तबादला आदेश पर रोक लगा दिया है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में इस बात की भी जानकारी दी है कि प्रदेश में एए ग्रेड के चार सीएमओ हैं। इनमें लोकेश्वर साहू प्रभारी सयुंक्त संचालाक,सुदेश सुंदरानी भी सयुंक्त संचालक,राजेंद्र दोहरे डिप्टी सीईओ सूडा हैं। याचिकाकर्ता ने बताया कि वर्तमान में वह डिप्टी कमिश्नर निगम रायपुर के पद पर काबिज है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि प्रदेश में जूनियर ए श्रेणी के 18 सीएमओ ऊंचे पद पर कार्यरत हैं। राज्य सरकार चाहे तो इनमें से किसी भी एक को महासमुंद नगरपालिका सीएमओ के पद पर तबादला किया जा सकता है। इनमें से किसी अफसर को ना भेजकर एए श्रेणी के सीनियर अफसर को महासमुंद सीएमओ बनाकर भेजा जा रहा है जो राज्य शासन द्वारा तय सेवा शर्तों का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता ने कहा कि राज्य शासन के अफसर अपने ही बनाए नियमों और शर्तों को नहीं मान रहे हैं और सीधेतौर पर उल्लंघन कर रहे हैं। मामले की सुनवाई जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच में हुई।

जिला आयुष केन्द्र में संभागीय आयुष अधिकारी ने जांच किया

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला आयुष केन्द्र में संभागीय आयुष अधिकारी के द्वारा रूटीन जांच किया गया। चिकित्सकों को मरीजों को ध्यान में रखते हुए बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह ध्रुव द्वारा जिला आयुष केंद्र का निरीक्षण किया गया। आयुष केंद्र मे हो रहे ईलाज को लेकर उन्होने संतोष व्यक्त किया। आयुष केंद्र में दवाईयों की कमी को पूरा करने मांग पत्र भेजने एवं रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी से अवगत कराने जिला आयुष अधिकारी को दिया। आयुर्वेदिक अस्पताल के अलावा होम्योपैथिक अस्पताल का भी उन्हाने दौरा किया। डॉ. यशपाल सिंह ध्रुव ने बताया कि आयुर्वेद युरानी एवं होम्योपैथी का अपना एक अलग महत्व है। इन पैथी में बीमारी को जड से खत्म करने एवं साईउ ईफेक्ट नही होने की गारंटी रहती है। लोग जल्दबाजी के चक्क में अंग्रेजी दवाईयों का उपयोग तो कर लेते है। किंतु इसमे साईड इफेक्ट होने का खतरा रहता है। डॉ. ध्रुव ने कहा कि जिले में आयुर्वेदिक पद्धति से ईलाज को बढावा देने की बात कही। उन्होने बताया कि जिले में 19 आयुष केंद्र संचालित हो रहे है। उनमें से 17 डॉक्टर पदस्थ है और 2 डॉक्टरों का पद रिक्त है। जिस पर जल्द ही नियुक्ति कर दी जायेगी। इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. प्रगति कौशिक, भेषज्ञ विशेषज्ञ डॉ. एसपीएस सिदार सहित स्टाफ उपस्थित थे।

तीन दिवसीय नाट्य कार्यशाला संपन्न

बलरामपुर रामानुजगंज। कल और साहित्य के अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नाट्य कार्यशाला का समापन समारोह मनाया गया कार्यक्रम में रामानुजगंज के वरिष्ठ समाजसेवी कन्हैयालाल अग्रवाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुनील कुमार गुप्ता ज्ञानेंद्र मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ज्ञानेंद्र बाजपेई ज्ञान यज्ञ परिवार से ज्ञानेंद्र आर्य उपस्थित हुए।कार्यक्रम में पहुंचे कन्हैया लाल अग्रवाल ने कहा कि संस्कार भारती निरंतर कला के क्षेत्र में रामानुजगंज के बच्चों को बढ़ाने का कार्य कर रही है। यह बहुत सराहनीय है समाज में कल का उतना ही महत्व है जितना एक व्यक्ति को जीने के लिए भोजन की जरूरत है।वही ज्ञानेंद्र वाजपेई ने प्रशिक्षण पर है बच्चों को प्रतिदिन सीखे हुए गुण का अभ्यास करने को कहा श्री वाजपेई ने संबोधित करते हुए कहा कि तीन दिनों के प्रशिक्षण में आपकी प्रतिभा को देखकर लग रहा है के जैसे कोई बड़े कला दल की टोली के द्वारा प्रस्तुति की जा रही है। प्रशिक्षण दे रहे डॉक्टर आनंद कुमार मैं सभी बच्चों, सभी विद्यालय प्रबंधकों और अभिभावकों को धन्यवाद किया कि आपने अपना बहुमूल्य समय इस प्रशिक्षण शिविर में आकर बिताया, साथ ही यह कहा कि आप सभी का सहयोग इसी तरह बना रहा तो निरंतर नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।संस्कार भारती के पवन कुमार पाण्डेय बताया कि बहुत ही जल्द क्षेत्रीय कल साधकों के लिए कला मेला का आयोजन किया जाएगा जिसमें नाट्य गायन वादन नृत्य भू अलंकरण चित्रकला और कला के सभी आयामों का प्रदर्शनी मेला लगाया जाएगा। कार्यक्रम में संस्कार भारती के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अंजय मेहता मैं मनसंचालन करते हुए सभी का आभार प्रदर्शन किया।

कैम्प में महिलाओं ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया

मुंगेली/नवप्रदेश। निकाय अंतर्गत मुख्यमंत्री शहरी सलम स्वास्थ्य योजना एमएमयू के द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत गठित महिला स्व सहायता समुहों के सदस्यों का कैम्प करवाकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जिसमें 70 से भी अधिक महिलाओं ने बी.पी., शुगर, सी.बी.सी., एच.बी. इसी तरह 41 प्रकार का टेस्ट डॉक्टर एवं मेडिकल स्टॉफ द्वारा कराकर आवश्यकतानुसार दवाईयां प्राप्त कर निशुल्क स्वास्थ्य जॉच निशुल्क दवाईयों का लाभ उठाया।

32 पथ विक्रेता हुए लाभान्वित, मिला पचास हजार का लोन

सक्ती/नवप्रदेश। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ तिवारी ने बताया कि पं दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत सक्ती निकाय में पथ विक्रेता (स्ट्रीट वेंडर) के लिए शासन के द्वारा महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना (पी.एम.स्वनिधि) योजना का संचालन किया जा रहा है जिसमें शहर में उपलब्ध पथ विक्रेता, रिहाड़ी जैसे चाय ठेला, गुपचुप ठेला, फल ठेला इत्यादि को व्यवसाय हेतु बिना गारंटी के दस हजार रू तक ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें सक्ती शहर के अंतर्गत 364 पथ विक्रेताओं

को ऋण हेतु ऑनलाईन फार्म भरवाया गया है जिसमें 322 पथ विक्रेताओं को दस हजार का लोन उपलब्ध कराया जा चुका है। पथ विक्रेताओं के द्वारा दस हजार ऋण वापसी के पश्चात उन्हे बीस हजार और उसके पश्चात पचास हजार तक ऋण देने का प्रावधान इस योजना के अंतर्गत है जिसमें 75 पथ विक्रेताओं ने बीस हजार के लोन से लाभान्वित हुए है एवं 32 पथ विक्रेताओं ने पचास हजार के लोन से लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना के अंतर्गत सक्ती नगर में पथ विक्रेताओं के द्वारा इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित होकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा रहे हैं।

जरूरतमंदों तक पहुंच रही शासन की योजनाओं का लाभ

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। शासन की हितग्राही मूलक योजनाएं कैसे जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाती है, इसका असर एक मूक-बधिर दंपति के जीवन में दिखाई देता है, अम्बिकापुर नगर निगम क्षेत्र के श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 03 में रहने वाले इस दंपति, जयंती दास और बैकुंठ दास के जीवन में प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान बनाने का सपना साकार हुआ है। जन्म से मूक-बधिर रहे जयंती दास और बैकुंठ दास के जीवन में रोजमर्रा की चीजों के लिए ही काफी मेहनत करनी पड़ती थी, ऐसे में घर बना पाना तो ना मुमकिन ही

था, जिससे उनकी जीवनशैली में बहुत बड़ा सुधार आया है। पहले कच्चे मकान में समस्याओं का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब वे अपने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने नए घर में सुरक्षित और आरामदायक जीवन जी रहे हैं। शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं से मूक-बधिर दंपति का जीवन अब पहले से कहीं आसान कर दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना से न केवल आवास मिला, बल्कि उन्हें प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, वृद्धा पेंशन और निःशुल्क खाद्यान्न जैसी अन्य योजनाओं का भी लाभ मिल रहा है। यह योजना उनके जीवन में एक नया सवेरा लेकर आई है। जिससे आज सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं ने मूक-बधिर दंपति के जीवनशैली में बड़ा बदलाव लाया है। इस दंपति से जब शासन की योजनाओं को लेकर इशारे में सवाल किए गए तो परिवार काफी भावुक हो गया, दोनों हाथ जोड़कर शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के उन्होंने शासन और प्रशासन को धन्यवाद दिया।

खेती-किसानी

सफल बागवानी करने उद्यानिकी विभाग से मिली मदद

पारंपरिक खेती छोड़ परिमल ने शुरू की गेंदे के फूलों की खेती, बंपर उत्पादन से दुगुनी हुई कमाई

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अम्बिकापुर के चठिरमा निवासी परिमल व्यापारी गेंदे के फूलों की खेती कर रहे हैं। पारंपरिक खेती की तुलना में बागवानी या फूलों की खेती किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। उन्नत किसान के रूप में परिमल का जीवन इन फूलों की ही तरह महकने लगा है। परिमल बताते हैं कि वो तीन वर्षों से गेंदे की खेती कर रहें हैं। शुरुआती दो वर्ष में जानकारी के अभाव में उनकी आमदनी कम होती थी, तब उन्होंने उद्यानिकी विभाग से सम्पर्क किया। विभाग के द्वारा उन्हें वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत 1280 पौधे एवं 6400 रुपए की

अनुदान सहायता राशि प्राप्त हुई। इसके बाद विभाग की मदद एवं सलाह से उत्पादन में वृद्धि हुई। उन्होंने बताया कि उन्हें ड्रिप पद्धति से खेती की जानकारी दी गई, समय-समय पर दवा के छिड़काव सहित अन्य उपायों के बारे में भी बताया गया। परिमल बताते हैं कि गेंदे की खेती से महज तीन माह में ही आमदनी मिलनी शुरू हो जाती है। वे एक वर्ष में 2 सीजन में खेती करते हैं, उन्होंने अपने 0.400 एकड़ रकबे में गेंदा लगाया है। पहले प्रति सीजन मात्र 15 से 20 हजार तक होने वाली कमाई अब विभागीय सहायता के कारण 45 से 50 हजार तक हो जा रही है। तीज-त्यौहारों के समय तो मांग बढ़ने से आमदनी और बढ़ जाती है।

इससे पहले वे पारम्परिक खेती करते थे, जिसमें लागत अधिक था। वहीं पानी की खपत भी अधिक थी, बेमौसम बारिश एवं अन्य आपदाओं के कारण नुकसान का डर बना रहता था। फूलों की खेती कम लागत में अधिक मुनाफा देती है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर हम उद्यानिकी विभाग से भी सम्पर्क कर लेते हैं।

सामुदायिक शौचालय का किया भूमिपूजन

लखनपुर/नवप्रदेश। उदयपुर मंडल के ग्राम झिरमिटी यादव भवन मे आज सामुदायिक शौचालय का भूमि पूजन स्काईरिच स्कूल के प्राचार्य राम प्रसाद गुप्ता ने किया । भूमि पूजन के पश्चात् यादव भवन मे संचालित सरस्वती शिशु मंदिर मे बच्चो से स्नेहिल मुलाक़ात भी किया। इस अवसर पर भाजपा नेता सौरभ अग्रवाल इंजीनियर भूषण पटेल देवनारायण यादव दीपक सिंघल रामशंकर मिश्रा झिरमिट्टी के सरपंच मरियम एक्का लवकेश राजवाड़े छतरपाल टेकाम गोलू नीरज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में तहत जिले वाहन चालकों को किया जा रहा

■ भटगांव में यातायात एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का किया गया आयोजन

सूरजपुर/नवप्रदेश।। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं आम जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से जिले में 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत भटगांव में पुलिस विभाग व एसईसीएल के सौजन्य से यातायात एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के मुख्य आतिथ्य एवं एस पी श्री ठाकुर के विशेष आतिथ्य में यातायात एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान साउथ ईस्टर्न कोल्ड फील्ड के जनरल मैनेजर दिलीप उपस्थित थे । इस कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर जयवर्धन ने संबोधित करते हुए लोगों को सुरक्षित रहने के लिए यातायात नियमों का पालन करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चार पहिया चालकों को सीटबेल्ट आवश्यक रूप से लगाने के लिए कहा। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए स्पीड पर नियंत्रण, नशा कर वाहन ना चलाने के लिए कहा।

इसके लिए उन्होंने सभी स्कूलों, महाविद्यालयों सहित सभी लोगों को यातायात के नियमों को लेकर वृहद जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने साइबर ठगों से बचने के लिए सतर्क रहने के लिए कहा। उन्होंने लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने सभी को अपने डिजिटल ट्रांजैक्शन को सावधानी से करने के लिए कहा। उन्होंने ओटीपी को लेकर खास सावधानी बरतने को कहा। साथ ही वर्तमान समय में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फोन करके किए जा रहे ब्लैकमेलिंग को लेकर खास सावधानी बरतने तथा इसकी शिकायत तुरंत करने के लिए कहा।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने भी लोगों को सड़क दुर्घटनाओं और साइबर क्राइम को लेकर लोगों को सचेत किया। उन्होंने साइबर क्राइम से सुरक्षा के लिए स्वयं को संयम बरतने और किसी तरह से फ्रॉड के झांसे में आ जाने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा। उन्होंने यातायात सुरक्षा पर कहते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन करने के लिए कहा। साथ ही इसके लिए व्यापक पैमाने पर जागरूकता की आवश्यकता बताइए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संतोष महतो, एसडीओपी श्री रितेश चौधरी, एस ई सी एल के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

दिव्यांग बच्चों का राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा संचालित ''सक्षम विद्यालय'' संस्था में रहकर अध्ययनरत छात्रों के हौसलों की उड़ान अध्ययन के अलावा खेल गतिविधियों में भी जारी है। इस क्रम में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में सक्षम के दिव्यांग बच्चे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़कर जीवन पथ को सार्थक बनाने के साथ-साथ खेल कूद, संगीत, आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे विधाओं में पारंगत हो रहे हैं। इसके तहत प्राप्त जानकारी अनुसार हाल ही में रायपुर में हुए राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 में सक्षम विद्यालय के छात्र भीमा, योगेश और दिव्यांशु ने 100 मीटर 200 मीटर,400 मीटर दौड़ लम्बी कूद, गोला फेक, बैडमिंटन प्रतियोगिता में 8 गोल्ड 1 ब्रांज मेडल जीतकर जिले का मान बढ़ाया है।

■ ■ न्यूज गैलरी

एमपी व यूपी निर्मित शराब के साथ एक गिरफ्तार

बलरामपुर/नवप्रदेश। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता सरगुजा की टीम ने बलरामपुर जिले के गोंदला निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मध्य प्रदेश और यूपी निर्मित शराब जप्त किया गया है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है। बता दें कि उपायुक्त आबकारी विजय सेन शर्मा के मार्गदर्शन में तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में आबकारी उड़नदस्ता टीम लगातार कार्यवाही कर रही है। शुक्रवार को उड़नदस्ता की टीम जब बलरामपुर जिले के दौरे पर थी इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोंदला निवासी अशरफी लाल गुप्ता अपने घर से अन्य राज्य की शराब का विक्रय कर रहा है। सूचना पर तत्काल उड़नदस्ता की टीम रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में अशरफी लाल गुप्ता के घर छापामार कार्रवाई की। अशरफ ी लाल गुप्ता के घर की तलाशी में मध्य प्रदेश की लेवल लगी 29 पौवा गोवा व्हिस्की तथा उत्तर प्रदेश की लेवल लगी मैकडॉवेल नंबर वन व्हिस्की का 29 पाव कुल 10.44 लीटर अन्य राज्य की मदिरा तथा महुआ शराब 8 लीटर मिला जिसे जप्त कर लिया गया। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)34(2) 36 एवं 59 (क) के तहत अपराध पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय रामानुजगंज में पेश किया गया जहां से जेल दाखिल किया गया। वहीं एक अन्य मामले में थाना त्रिकुंडा अंतर्गत ग्राम डिंडो निवासी गणेश ठाकुर के कब्जे से मध्य प्रदेश निर्मित 20 नग गोवा व्हिस्की पाव जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि बढ़ी

सूरजपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिलक कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक एवं आई.टी.आई आदि के प्राचार्य/संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। इसके साथ ही विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण) 01 से 31 जनवरी तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 01 जनवरी से 15 फरवरी 2025 तक एवं सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने हेतु 01 जनवरी से 28 फरवरी तक तिथियों निर्धारित की गई हैं। इसके पश्चात शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जायेगा तथा ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक तथा सेक्शन आर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे।

राजेश यादव कर रहे लगातार जरूरतमंदों को कंबल वितरण

रामानुजगंज /नवप्रदेश। जिला पंचायत के सभापति राजेश यादव के द्वारा पूरे ठंड के मौसम में साल एवं कंबल का लगातार वितरण कर रहे हैं उनके द्वारा विगत कई वर्षों से कड़ाके के ठंड में कंबल एवं साल का वितरण लगातार किया जा रहा है। जिला पंचायत के सभापति राजेश यादव अपने वाहन में हमेशा कंबल एवं साल भर रहते हैं जहां भी उन्हें जरूरतमंद व्यक्ति दिखाई देता है तत्काल उसे आवश्यकता के अनुसार कंबल एवं साल देते हैम उन्होंने बताया कि विगत कई वर्षों से मेरे द्वारा कंबल एवं साल कड़ाके की ठंड में वितरण करते आ रहा हूं।

कार शहर के एक वार्ड में खड़ी रही, मगर पुलिस को हवा तक नहीं लगी

गोपालराय हत्याकाण्ड : कोरबा पुलिस की पुलिसिंग पर लगा सवालिया निशान

कोरबा/नवप्रदेश। नगर के सराफा कारोबारी गोपालराय सोनी के हत्यारों को पांच दिन बाद भी पुलिस नहीं पकड़ पाई है। पुलिस की इस नाकामी के बाद जिला पुलिस की पुलिसिंग पर सवाल उठने लगे हैं।

सैकड़ों लोगों के नाक के नीचे हत्या

आपको बता दें कि कोरबा शहर के हृदय स्थल ट्रांसपोर्ट नगर से लगे लालूराम कॉलोनी में रविवार की रात 9ण्30 बजे से 10 बजे के बीच सराफा कारोबारी गोपालराय सोनी की हत्या कर दी गई थी। उस समय सर्राफा व्यवसायी गोपाल राय सोनी 65 वर्ष और उनकी पत्नी जो गंभीर रूप से बीमार हैं और बेडरेस्ट पर हैं, घर पर थे। अपराधी घटना के बाद व्यवसायी की गैरेज में खड़ी क्रेटा कार ; क्रमांक श्रभ् 01 ब्ब् 4455ए सफेद रंग को लेकर फरार हो गए थे। यह पूरा वाक्या जब हुआ उस वक्त गोपालराय सोनी के घर के ठीक सामने हॉटल ब्लू डायमंड में एक पार्टी चल रही थीए जिसमें शहर के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

घटना के बाद पुलिस ने कथित रूप से हत्यारों की तलाश में चौतरफा घेराबन्दी की। सायबर सेल, डॉग स्क्वायड और अलग अलग टीम को पतासाजी में लगाया गया, लेकिन हत्यारे तो दूर उनका कोई सुराग भी नहीं तलाशा जा सका। दो दिन बाद मंगलवार को नागरिकों की सूचना पर नया रिसदा से गोपालराय सोनी की कार बरामद हुई। दो दिन तक यह कार शहर के ही एक वार्ड में खड़ी रही, मगर पुलिस को उसकी हवा तक नहीं लगी।

कोरबा पुलिस को पांच दिन बाद भी हत्यारों की गिरफ्तारी में कामयाबी नहीं मिली है। वह अभी भी हवा में हाथ पांव चलाती प्रतीत हो रही है। पांच दिन से एक ही लाईन सुनी जा रही है. श् पुलिस के हाथ लगे अहम सुराग।श् अब कोरबा पुलिस की पुलिसिंग पर ही सवाल उठने लगे हैं। नागरिकों का कहना है कि शहर के हृदय स्थल में रात 10 बजे से पहले घर में घुसकर कारोबारी की हत्या करना दुस्साहस का काम है। वह भी तबए जब कारोबारी के घर के ठीक सामने सड़क पर केवल 20 फिट की दूरी पर पार्टी चल रही थी और मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद थे। इस जघन्य हत्या कांड के दूसरे दिन सुबह सुबह बिलासपुर आई जी संजीव शुक्ला घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके का मुआयना किया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित वरिष्ठ पुलिस अफसरों से घटना को लेकर चर्चा की। आई जी ने नागरिकों की चिंता से इत्तेफाक जाहिर करते हुए हत्याकांड की छानबीन के लिए बिलासपुर की से बेस्ट टीम को तैनात करने की घोषणा की। अब ऐसी किसी टीम की तैनाती हुई है अथवा नहींए यह तो वही जानें या कोरबा का पुलिस महकमा। इस दुस्साहसिक हत्या कांड और पुलिस की शर्मनाक विफलता के बाद शहर का आम आदमी और खासकर व्यापारी वर्ग भारी दहशत में है। कहने के लिए तो जिले में भारी भरकम पुलिस बल पदस्थ हैए परन्तु पुलिसमैन का दीदार करने हो तो वे शहर में कहीं नजर नहीं आएंगेए बल्कि आपको को पुलिस थाना जाना पड़ेगा। पुलिस का मुखबिर तन्त्र पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। आम आदमी से पुलिस का सम्पर्क शून्य हो चुका है। यही वजह है कि किसी भी जटिल मामले में पुलिस को सफलता नहीं मिलती।

शिक्षकों और संकुल समन्वयकों को किया गया सम्मानित

■ विनोबा ऐप्प के माध्यम से स्कूलों में नवाचारी शिक्षा को दिया जा रहा प्रोत्साहन

जशपुर /नवप्रदेश। जिले में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए 6 शिक्षकों और 03 संकुल समन्वयकों को डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा और जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर ने शुक्रवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस संबंध में विनोबा टीम के प्रोजेक्ट ऑफिसर सोमनाथ साहू ने बताया कि जिले के शिक्षकों द्वारा अक्टूबर और नवंबर माह में किये गए शिक्षकीय कार्यों एवं नवाचारी गतिविधियों को विनोबा ऐप्प में अपलोड किया था। गतिविधियों के विश्लेषण के पश्चात उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए शिक्षकों को चयनित किया गया था। उल्लेखनीय है कि विनोबा ऐप्प की टीम जिले में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एफएलएन, जवाहर नवोदय परीक्षा की तैयारी में सहयोग के साथ डाटा कलेक्शन का कार्य यशस्वी जशपुर के समन्वय में कर रही है। यह कार्यक्रम कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के द्वारा संचालित कराया जा रहा है।

इस अवसर पर प्राथमिक शाला पंडरीअम्बा के लोकेश कुमार शड़ंगी, माध्यमिक शाला गमहरिया के ऐलन साहू , प्राथमिक शाला रजौटी की अर्चना यादव, माध्यमिक शाला डुमरटोली के संजीव कुमार यादव, प्राथमिक शाला गर्जियाभटान की माधुरी यादव, कन्या आश्रम कांसाबेल की सुमन रवानी, संकुल समन्वयक डुमरटोली के अजित सिदार, संकुल समन्वयक गम्हरिया के प्रहलाद सिदार , संकुल समन्वयक कोलेंझरिया के जितेंद्र कुमार पैकरा को सम्मानित किया गया। प्राथमिक शाला रजौटी की अर्चना यादव ने बताया कि हम विनोबा ऐप्प में अपने स्कूल की गतिविधियों को अपलोड करते हैं साथ ही दूसरे शिक्षकों एवं विद्यालयों में किये जा रहे उत्कृष्ट प्रयासों एवं शिक्षकीय पाठन सामाग्रियों को देख कर उससे सिखते हैं।

नगर के विकास व जनसुविधाओं की बेहतरी की दिशा में टीम भावना से कार्य करें : कलेक्टर

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं नगर निगम कोरबा के प्रशासक श्री अजीत वसंत ने निगम के अधिकारियों से कहा है कि वे शहर के विकास, जनसुविधाओं की बेहतरी व शासकीय योजनाओं के सफल संचालन की दिशा में टीम भावना के साथ कार्य करते हुए धरातलीय स्तर पर ठोस परिणाम प्राप्त करें। उन्होने कहा कि प्रगतिरत विकास व निर्माण कार्यों में गति लाएं, नवीन कार्यों के प्रस्ताव तैयार करें तथा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल की निर्वाध आपूर्ति, सड़क रोशनी व्यवस्था, शहर सौदर्यीकरण की दिशा में पूरी तत्परता व निष्ठा से कार्य करें। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने निगम प्रशासक का दायित्व संभालने के पश्चात निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय व निगम अधिकारियों की पहली बैठक ली। उन्होने बैठक के दौरान निगम के विकास व निर्माण कार्यो, साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, सड़क रोशनी, उद्यान, स्थापना, राजस्व, संपदा, सम्पत्तिकर, प्रधानमंत्रीआवास योजना, एन.सी.ए.पी., भवनअनुज्ञा, अतिक्रमण, एन.यू.एल.एम., एस.बी.एम., हितग्राहीमूलक योजनाओं, पेंशन व आर्थिक सहायता से जुड़ी योजनाओं सहित विभिन्न विषयों से जुड़े कार्यो की जोनवार व योजनावार समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। विकास कार्यो में गति, निर्माण के नए प्रस्ताव - कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने निगम के विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रगतिरत विकास कार्यो में गति लाएं, कार्यो की गुणवत्ता पर ध्यान रखें तथा समयसीमा में कार्यो को पूरा करें। उन्होने कहा कि शहर के विकास व जनहित से जुड़े नए विकास व निर्माण कार्यो के प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें, साथ ही जनहित से जुड़े ऐसे महत्वपूर्ण विकास कार्य जो निगम से संभव नहीं हो सकते, उन कार्यो का एनुअल प्लान, जिला खनिज न्यास संस्थान मद के अंतर्गत तैयार कराएं। उन्होने एन.सी.ए.पी. मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की भी समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पी.एम.ए.वाई. की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने प्रधानमंत्री आवास योजना की कार्यप्रगति की समीक्षा की।

एक ही परिवार के 3 लोगों की लाश मिलने से मची सनसनी

रायगढ़ /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक ही परिवार के तीन लोगों की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। झोपड़ी में मां-बेटी का शव जला मिला है। पति की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली है। घटना की जानकारी मिलते ही घरघोडा पुलिस मौके पर पहुंची है। यह घटना घरघोड़ा ब्लाक के ग्राम कमतरा की है। एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ।

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नगर पालिका द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन

जशपुरनगर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नगर पालिका परिषद जशपुर के द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन निकाय क्षेत्र के हर वार्ड में जाकर नागरिको का निःशुल्क इलाज किया जा रहा हैं। जिससे नागरिकों को छोटी-छोटी बीमारियों के लिए लोगों को अस्पताल नहीं जाना पड़ता। मोबाइल मेडिकल यूनिट में 41 प्रकार के खून जांच की सुविधा हैं। मेडिकल यूनिट थाइराइड टेस्ट , विटामिन बी12 टेस्ट , यूरिक एसिड , मधुमेह जैसे विभिन्न प्रकार के टेस्ट कर दवाइयां वितरित भी की जा रही है।

मुख्य नगर पालिका श्री योगेशवर उपाध्याय द्वारा समय- समय पर एमएमयू का निरीक्षण किया जाता हैं। मुख्य नगर पालिका ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट लोगो के लिए बहुत लाभ दायक हैं योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद जशपुर में अब तक कुल 505 शिविर लगाकर 36034 नागरिको का इलाज किया जा चुका हैं।

मुंगेली हादसा : कुसुम स्टील प्लांट में लगातार जारी है रेस्क्यू ऑपरेशन

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली जिले के रामबोड़ स्थित कुसुम स्टील प्लांट में गुरुवार को हुए हादसे के बाद लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। 24 घंटे के बाद भी 3 से 4 मजदूर के दबे होने की आशंका है। वहीं मृतक मजदूर के परिजनों के शिकायत पर पुलिस ने प्लांट के मैनेजर, प्रबंधक, इंचार्ज के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

बता दें कि मुंगेली के कुसुम स्मेल्टर्स प्राईवेट लिमिटेड पॉवर प्लांट में गुरुवार को दोपहर करीब 1:09 बजे भारी साइलो (भंडारण टैंक) अचानक गिर गया। इस हादसे में 4 मजदूर साइलो टैंक की चपेट में आने से नीचे दब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस की टीम ने रेस्क्यू कर एक व्यक्ति को बाहर निकाला तथा अस्पताल में भर्ती कराया था जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में अब कुसुम प्लांट का ऑपरेशन मैनेजर अनिल प्रसाद, इंचार्ज अमित केडिया और अन्य प्रबंधक के विरुद्ध धारा 106(1),289,3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। वहीं इस हादसे के बाद से लगातार साइलो टैंक के निचे फंसे हुए मजदूरों को निकालने रेस्क्यु ऑपरेशन चलाया जा रहा है। टैंक के अंदर गर्म साइल होने से राहत दल के द्वारा गैस कटर से टैंक को काटकर जेसीबी पोकलेन के माध्यम से गर्म साइल को बाहर निकाला गया, टैंक को उठाने के लिए बाहर से हाईड्रो क्रेन मंगाया गया है। रेस्क्यू हेतु क्रेन, जेसीबी, फायर ब्रिगेड राहत के उपकरण संसाधन लाए गए हैं। संभावना है कि शीघ्र ही रेस्क्यू ऑपरेशन कर फंसे हुए मजदूरों को निकाल लिया जायेगा। मौके पर जिला कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल व जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय के द्वारा लगातार घटना रेस्क्यु के लिए नजर बनाए हुए हैं। मौके पर जिला प्रशासन व पुलिस टीम, एनडीआरफकी टीम सभी राहत कार्य में जुटे हैं।

एक्शन मोड में पुलिस | **एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में मादक पदार्थों पर पूर्णत: अंकुश लगाने की कार्रवाही**

चार तस्करों तथा दो खरीददार सहित 6 गिरफ्तार, 111 किलोग्राम गांजा

रायगढ़ /नवप्रदेश। जिला पुलिस ने गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 111 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से 4 कार तथा 64 हजार रूपये से अधिक नगद रकम बरामद किया है।

बता दें कि पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, बिलासपुर डॉ. संजीव शुक्ला के दिशा निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने लगातार कार्रवाही जारी है । पुलिस अधीक्षक द्वारा सीमावर्ती प्रांत ओड़िसा से अवैध शराब और गांजा की सप्लाई पर विशेष निगरानी के निर्देश दिये गये हैं, जिस पर कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस को लगाये मुखबीरों से शहर में गांजा की अवैध खरीदी-बिक्री की सूचना मिली थी कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा सर्किट हाउस रोड पर घेराबंदी कर एक स्वीफ्ट डिजायर कार में दो आरोपी महेन्दर सिंह निवासी चांदमारी रायगढ़ और किशन कश्यप रेवती निवासी सम्बलपुर ओडिसा को पकड़ा गया और कार की तलाशी ली गई तो कार के अंदर 13 पैकेट गांजा मिला। आरोपी महेन्दर सिंह से पूछताछ पर उसके किराये के मकान में दबिश दी गई। मकान के सामने आरोपी हरजीत सिंह निवासी चांदमारी रायगढ़ तथा मौके पर 03 कार से भारी मात्रा में गांजा की जप्ती की गई। हिरासत में लिये गये तीनों आरोपियों से विस्तृत पूछताछ पर तीनों आरोपियों के साथ मिलकर अवैध रूप से गांजा बिक्री करने की जानकारी मिली और आरोपियों से मिली जानकारी पर आरोपियों से गांजा खरीदी करने आये दो आरोपी शेख बाबू और महिला मधु चौधरी को पुलिस टीम द्वारा रेल्वे स्टेशन के पास हिरासत में लिया गया। आरोपियों से मिली जानकारी पर एक टीम ओड़िसा रवाना होकर आरोपी गोपाल भोय निवासी दयाडेरा थाना रेंगाली ओडिसा को गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया है । इस प्रकार आरोपियों से कुल 111 किलो ग्राम गांजा, 04 चार पहिया वाहन, 05 मोबाइल, 64480 रूपये नकद कुल 68.40 लाख की सम्पत्ति की बरामदगी की गई है । 06 आरोपियों पर थाना कोतवाली में अप.क्र- 18/2025 धारा 20 बी, 29 एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई किया गया है ।

रेलवे स्टेशन में पकड़ाया 10 किलोग्राम गांजा,एक गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। जिले की बोधघाट पुलिस ने रेलवे स्टेशन में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से दो किलोग्राम गांजा तेल तथा 10 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ एडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना बोधघाट जगदलपुर को सूचना प्राप्त मिली थी कि एक व्यक्ति काले रंग का हुडी पहने हुए काफी देर से रेलवे स्टेशन में अकेला बैठा है जो अपने पास एक प्लास्टिक की बोरी रखा हुआ है से गांजा जैसा गंध आ रही है कि सूचना पर टीम गठित कर, कार्यवाही हेतु टीम रवाना किया गया था जो तत्काल बोधघाट टीम के द्वारा रेलवे स्टेशन जगदलपुर में पहुंचकर घेराबंदी कर, संदेह के आधार पर बताये हुलिया तथा स्थान पर व्यक्ति को पकड़कर, पूछताछ किया गया जिसने अपना नाम रामा पांगी पिता मोहन पांगी, उम्र 42, कोरापुट, उड़ीसा का होना बताया।

न्यूज गैलरी

वैश्विक स्तर पर महंगाई में कमी जारी रहेगी, कीमतों में राहत पर बोलीं आईएमएफ प्रमुख

नई दिल्ली। शुक्रवार को वार्षिक मीडिया गोलमेज बैठक में आईएमएफ एमडी ने कहा कि 2025 में वैश्विक विकास स्थिर रहने की उम्मीद है, लेकिन क्षेत्रीय भिन्नता के साथ। जॉर्जीवा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था थोड़ी कमजोर होगी। हालांकि, उन्होंने इस बारे में और कुछ नहीं बताया। वर्ल्ड इकोनॉमी आउटलुक अपडेट वीक में इसके बारे में ज्यादा जानकारी दी जाएगी। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा के अनुसार वर्ष 2025 में भी वैश्विक स्तर पर कीमतों में नरमी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि महंगाई से लड़ने के लिए जरूरी ऊंची ब्याज दरों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को मंदी में नहीं धकेला। जॉर्जीवा के अनुसार यह राहत की बात है और इससे कीमतों में नरमी दिखी है। ऊंची ब्याज दरों ने वांछित परिणाम दिए हैं। उभरते बाजारों की तुलना में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में हेडलाइन मुद्रास्फीति जल्दी ही लक्ष्य के भीतर वापस आ रही है। आईएमएफ प्रमुख के अनुसार स्थिर वैश्विक वृद्धि के बावजूद 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था थोड़ी कमजोर रह सकती है। जॉर्जीवा ने यह भी कहा कि उन्हें इस वर्ष दुनिया में काफी अनिश्चितता की आशंका है, मुख्यतः अमेरिका की व्यापार नीति को लेकर। शुक्रवार को वार्षिक मीडिया गोलमेज बैठक में आईएमएफ एमडी ने कहा कि 2025 में वैश्विक विकास स्थिर रहने की उम्मीद है, लेकिन क्षेत्रीय भिन्नता के साथ। जॉर्जीवा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था थोड़ी कमजोर होगी। हालांकि, उन्होंने इस बारे में और कुछ नहीं बताया। वर्ल्ड इकोनॉमी आउटलुक अपडेट वीक में इसके बारे में ज्यादा जानकारी दी जाएगी।

इस साल भारतीय अर्थव्यवस्था रह सकती है थोड़ी सुस्त

वॉशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा का कहना है कि स्थिर वैश्विक वृद्धि के बावजूद इस साल भारतीय अर्थव्यवस्था थोड़ी कमजोर रह सकती है। उन्होंने इस बात भी जोर दिया कि उन्हें इस वर्ष विश्व में काफी अनिश्चितता की आशंका है, खासकर अमेरिका की व्यापार नीति को लेकर। जॉर्जीवा ने शुक्रवार को पत्रकारों के एक समूह के साथ अपनी वार्षिक मीडिया बैठक में कहा कि 2025 में वैश्विक वृद्धि स्थिर रहने की उम्मीद है, लेकिन इसमें क्षेत्रीय भिन्नताएं होंगी। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2025 में थोड़ा कमजोर होगी, हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। उन्होंने कहा, अमेरिका की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन कर रही है, जबकि यूरोपीय संघ में विकास धीमा हो रहा है। चीन में महंगाई कम हो रही है और घरेलू मांग भी कम है। ब्राजील महंगाई का सामना कर रहा है और कम आय वाले देशों के लिए नई आर्थिक समस्याएं आ सकती हैं। वहीं, भारत भी थोड़ा कमजोर हुआ है। हमें उम्मीद है कि 2025 में काफी अनिश्चितता होगी, खासकर अमेरिका की व्यापार नीतियों को लेकर। आश्चर्य की बात नहीं है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था के आकार और भूमिका को देखते हुए, आने वाले प्रशासन की नीति दिशाओं में वैश्विक स्तर पर गहरी दिलचस्पी है, खासकर टैरिफ, कर, विनियमन और सरकारी दक्षता पर। उन्होंने कहा, यह अनिश्चितता आगे चलकर व्यापार नीति के मार्ग के बारे में विशेष रूप से अधिक है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने आने वाली चुनौतियों को और बढ़ा रही है, खासकर उन देशों और क्षेत्रों के लिए जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं, मध्यम आकार की अर्थव्यवस्थाओं और एक क्षेत्र के रूप में एशिया में अधिक एकीकृत हैं। आईएमएफ के प्रबंध निदेशक ने कहा कि यह अनिश्चितता वास्तव में वैश्विक स्तर पर उच्च दीर्घकालिक ब्याज दरों के माध्यम से व्यक्त की जाती है, भले ही अल्पकालिक ब्याज दरें कम हो गई हों।

यह लक्ष्य बहुत महत्वाकांक्षी नहीं है क्योंकि उद्योगों को 14-15 प्रतिशत की संयुक्त दर से बढ़ने की जरूरत है

5 साल में एफएंडबी, कृषि और समुद्री उत्पादों में 100 बिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को कर सकता है हासिल

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत में अगले पांच वर्षों में खाद्य एवं पेय पदार्थ (फूड एंड बेवरेज), कृषि और समुद्री उत्पाद उद्योगों में संयुक्त निर्यात 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की क्षमता है। इंडसफूड 2025 के दौरान एफएंडबी (फूड एंड बेवरेज) इंडस्ट्री के हितधारकों संग बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह लक्ष्य बहुत महत्वाकांक्षी नहीं है क्योंकि उद्योगों को 14-15 प्रतिशत की संयुक्त दर से बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने पिछले साल भारत से 50 बिलियन डॉलर के सामान निर्यात में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) और समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को लेकर सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार ने एफएंडबी सेक्टर में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति दी है, इसके अलावा सरकार उन लोगों के लिए आसानी से वर्क परमिट भी देती है जो भारत में काम करना या व्यवसाय स्थापित करना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने भारतीय कंपनियों से इनोवेशन, बेहतर पैकेजिंग, सस्टेनेबिलिटी में निवेश करने और अपनी प्रक्रियाओं को अधिक स्वच्छ बनाने के लिए मैकेनाइज करने का आग्रह किया। उन्होंने उपस्थित हितधारकों को पोषण पर उच्च मूल्य वाले उत्पाद लाने के लिए प्रोत्साहित किया, जिनका उपयोग

सरकार देश में अपने खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए कर सकती है।

फूड इंडस्ट्री में सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने पर केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार खेती की प्रक्रियाओं को सस्टेनेबल बनाने को प्राथमिकता दे रही है और ऑर्गेनिक फार्मिंग और फूड प्रोडक्ट को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि ऑर्गेनिक फार्मिंग में जबरदस्त विकास की संभावना है।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने यह भी कहा कि सरकार पूरे देश में फूड टेस्टिंग लैब्स का विस्तार करना चाहती है और हाई-क्वालिटी टेस्टिंग लैब सुविधाओं की स्थापना के लिए जरूरी इक्विपमेंट और प्रक्रियाओं पर सुझावों का स्वागत करेगी।

केंद्रीय मंत्री ने हितधारकों से भारत के दूसरे हिस्सों की यात्रा करने का आग्रह किया, ताकि देश में उपलब्ध अलग-अलग स्वादों और जायकों के बारे में विचार प्राप्त किए जा सकें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारतीय एफएंडबी इंडस्ट्री और उसके साझेदार इनोवेशन पर ध्यान देते रहेंगे और देश में वैश्विक मानक लाएंगे साथ ही भारतीय उत्पादों को दुनिया भर में ले जाएंगे।

विनिर्माण साझेदार के रूप में एआईपीसी और वैश्विक अग्रणी कंपनी एमएसआई के साथ

पीएम मोदी का लक्ष्य भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का केंद्र बनाना है : अश्विनी वैष्णव

चेन्नई। केंद्रीय रेल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का केंद्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बड़े दृष्टिकोण का हिस्सा बनकर बहुत खुश हैं। सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी लिमिटेड और एमएसआई की लैपटॉप असेंबली लाइन का उद्घाटन करते हुए मंत्री ने कहा कि इस प्लांट से उन्हें बहुत खुशी हुई, खासकर युवा महिलाओं को असेंबली लाइन पर काम करते देखकर। मंत्री ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा, इन हाई-टेक मशीनों पर काम करने से उन्हें जो संतुष्टि मिलती है, जो प्रशिक्षण उन्हें मिला है और जिस फोकस के साथ वे काम करते हैं वह प्रेरणादायक है। उनमें से कई आसपास के गांवों से हैं और उनकी प्रतिभा देखकर खुशी हुई।

इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सिरमा एसजीएस ने घरेलू बाजार के लिए लैपटॉप बनाने के लिए भारत में विनिर्माण साझेदार के रूप में एआईपीसी और गेमिंग क्षेत्र की वैश्विक अग्रणी कंपनी एमएसआई के साथ समझौता किया है। इस रणनीतिक सहयोग के माध्यम से सिरमा एसजीएस अपनी अत्याधुनिक चेन्नई में एमएसआई के लिए लैपटॉप असेंबल करेगा। एमएसआई के इंडिया एनबी महाप्रबंधक जॉन हंग के अनुसार, भारत हमेशा एमएसआई के लिए एक प्रमुख बाजार रहा है और जैसा कि हम यहां अपनी उपस्थिति का विस्तार करना जारी रखते हैं, हमारे उत्पादों के लिए स्थानीय रूप से उत्पादित होने के साथ-साथ विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बने रहना महत्वपूर्ण है।

हंग ने कहा, यह सहयोग नवाचार, गुणवत्ता और भारत के विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम अपने ग्राहकों को हाई-टेक उत्पाद देने और भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान देने के लिए उत्साहित हैं। सिरमा एसजीएस के सीईओ सतेंद्र सिंह ने कहा कि यह सहयोग न केवल हमारे आईटी हार्डवेयर विनिर्माण पोर्टफोलियो को मजबूत करेगा, बल्कि एमएसआई जैसे वैश्विक नेताओं की जरूरतों को पूरा करने वाले उच्च गुणवत्ता वाले, अभिनव समाधान प्रदान करने की हमारी क्षमता को भी रेखांकित करेगा। सिरमा एसजीएस एक आईटी हार्डवेयर पीएलआई-अनुमोदित निर्माता है और मेक इन इंडिया पहल में योगदान देने वाली एक प्रमुख कंपनी है।

2025 भारत में आईपीओ के लिए एक और रिकॉर्ड तोड़ने वाला साल हो सकता है साबित

नई दिल्ली। एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत बुनियादी बातों और लचीली अर्थव्यवस्था की वजह से भारतीय इक्विटी बाजारों में आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए एक और रिकॉर्ड तोड़ने वाला साल देखने को मिल सकता है।देश में अब तक सभी क्षेत्रों में फंडराइजिंग एक्टिविटी व्यापक रही हैं।कोटक इन्वेस्टमेंट बैंकिंग की रिपोर्ट के अनुसार, भू-राजनीतिक जोखिमों और बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू निवेश ने लचीलापन प्रदान किया।निवेश बैंक के अनुसार, पिछले साल 500 मिलियन डॉलर के 30 से अधिक सौदों के साथ, अलग-अलग उत्पादों में सौदों का आकार लगातार बढ़ रहा है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां (एमएनसी) अपनी सहायक कंपनियों को भारतीय शेयर बाजारों में पहली बार लिस्ट कर भारत को लिस्टिंग डेस्टिनेशन के रूप में पसंद करती हैं।पिछले साल कम से कम 91 कंपनियों ने सार्वजनिक रूप से लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपये जुटाए। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल आईपीओ, फॉलो-ऑन ऑफर और क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) सहित कुल मिलाकर, फर्मों ने इक्विटी बाजार से 3.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक जुटाए। पिछले साल हुंडई के मेगा 3.3 बिलियन डॉलर आईपीओ के बाद, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स अब 1.3 बिलियन डॉलर आईपीओ की योजना के साथ भारत की बाजार क्षमता पर नज़र गड़ाए हुए है।एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ चो जू-वान ने कहा है कि भारतीय बाजार में अपार व्यावसायिक संभावना के कारण ही कंपनी ने देश में आईपीओ लाने का फैसला किया है।दक्षिण कोरियाई कंपनी ने दिसंबर की शुरुआत में अपनी भारतीय यूनिट एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के आईपीओ के लिए भारतीय शेयर बाजार संचालक के पास एक ड्राफ्ट दाखिल किया।

क्या बजट में कर मुक्त आय का दायरा बढ़ाकर 10 लाख रुपये किया जाएगा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने बजट पूर्व चर्चाओं के दौरान बड़े बदलावों की मांग की है। संगठन ने मौजूदा छूटों को बरकरार रखते हुए कर-मुक्त आय सीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने का प्रस्ताव रखा है। अगर सरकार यह फैसला लेती है, तो देश में बड़े तबके को इसका वित्तीय लाभ मिलेगा। केंद्रीय बजट 2025 नजदीक आ रहा है। महत्वपूर्ण कर सुधारों और आर्थिक राहत से जुड़े उपायों की उम्मीद भी बढ़ती जा रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी, 2025 को बजट करेंगी। मध्यम वर्ग इस बजट से अन्य प्रस्तावों के अलावा कर-मुक्त आय सीमा में इजाफे की उम्मीद कर रहा है। बजट से पहले कई संगठनों ने सरकार से इस बारे में फैसला लेने की अपील की है। ऐसे में सरकार बजट



2025 में इससे जुड़ा कोई बड़ा एलान कर दे तो, आश्चर्य नहीं होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने बजट पूर्व चर्चाओं के दौरान बड़े बदलावों की मांग की है। संगठन ने मौजूदा छूटों को बरकरार रखते हुए कर-मुक्त आय सीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने का प्रस्ताव रखा है। इसके अतिरिक्त, बीएमएस ने सरकार से 8वें वेतन आयोग का गठन करने और पेंशनभोगियों को पेंशन पर आयकर से छूट देने का आग्रह किया।

अदाणी ग्रुप ने विल्मर में 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 4,850 करोड़ रुपये जुटाए

अहमदाबाद। अदाणी ग्रुप ने विल्मर में अपनी 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर करीब 4,850 करोड़ रुपये जुटाए। ग्रुप ने पिछले महीने विल्मर से बाहर निकलने की घोषणा करने के साथ ही अपनी अधिकांश हिस्सेदारी एक जॉइंट वेंचर पार्टनर को बेच दी थी।

एक स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में जानकारी दी गई थी कि कंपनी में 17.54 करोड़ शेयर (13.50 प्रतिशत इक्विटी) गैर-खुदरा निवेशकों को बेचा जा रहा है। इसके अलावा, कंपनी 13 जनवरी को कंपनी खुदरा निवेशकों को 275 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर बेचेगी। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की सहायक कंपनी अदाणी कमोडिटीज एलएलपी ने शुक्रवार को विल्मर में 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए गैर-खुदरा निवेशकों को बिक्री का प्रस्ताव (ओएफएस) पूरा किया। बिक्री के लिए प्रस्ताव (ओएफएस) में 8.44 करोड़ शेयर या 6.50 प्रतिशत इक्विटी तक एडिशनल सेल का विकल्प शामिल था। अदाणी कमोडिटीज एलएलपी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, हम स्टॉक एक्सचेंजों को 1,96,29,910 इक्विटी शेयरों (कंपनी के कुल जारी और पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी का 1.51 प्रतिशत) की सीमा तक ऑफर में ओवरसब्सक्रिप्शन ऑप्शन का इस्तेमाल करने के अपने इरादे से अवगत करवाना चाहते हैं। इसके अलावा 17,54,56,612 इक्विटी शेयर (कंपनी के कुल जारी और पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी का 13.50 प्रतिशत) बेस ऑफर साइज का हिस्सा है। इसके अनुसार, ऑफर शेयरों की कुल संख्या 19,50,86,522 इक्विटी शेयर (कंपनी के कुल जारी और पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी का 15.01 प्रतिशत) तक होगी, जिसमें से 1,95,08,653 इक्विटी शेयर (कंपनी के कुल जारी और पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी का 1.50 प्रतिशत) टी प्लस वन डे पर ऑफर के हिस्से के रूप में उपलब्ध होगा।

यह लेन-देन अदाणी ग्रुप की क्षमता को दर्शाता है कि ग्रुप बाजार की परिस्थितियों से स्वतंत्र रूप से सफलतापूर्वक पूंजी (ऋण और इक्विटी) जुटाना जारी रख सकता है। इस लेन-देन के साथ, अदाणी ग्रुप ने इस वित्त वर्ष में कुल 3.15 बिलियन डॉलर की इक्विटी पूंजी जुटाई है। विल्मर ने अब न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) मानदंडों के अनुपालन के लिए अपना कार्यक्रम पूरा कर लिया है, जिसमें प्रमोटरों की हिस्सेदारी 74.37 प्रतिशत है, और शेष 25.63 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारकों के पास है।

खेल

सुपर जायंट्स ने आखिरी गेंद पर रोमांचक मुकाबले में कैपिटल्स को दो रन से हराया

डरबन। एसए20 लीग के तीसरे सीजन में डरबन सुपर जायंट्स ने किंग्समीड में खेले गए रोमांचक मैच में प्रिटोरिया कैपिटल्स को आखिरी गेंद पर मात्र दो रन से हराकर रोमांचक जीत हासिल की। रहमानुल्लाह गुरबाज की विस्फोटक 89 रन की पारी और विल जैक्स के साथ 154 रन की शानदार ओपनिंग साझेदारी के बावजूद, कैपिटल्स 210 रन के लक्ष्य से चूक गए और उनकी पारी 207/6 पर समाप्त हुई।

सुपर जायंट्स ने न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन (नाबाद 60) और वियान मुल्डर (19 गेंदों पर नाबाद 45) के योगदान की बदौलत 209/4 का स्कोर बनाया था। प्रिटोरिया कैपिटल्स ने अच्छी बल्लेबाजी की। 16वें ओवर तक

कैपिटल्स ने चार विकेट खोकर 183 रन बना लिए थे। अब महज 4 ओवर में बाकी के रन बनाने थे। ऐसा लग रहा था कि कैपिटल्स आसानी से जीत हासिल कर लेगी। लेकिन अफगानिस्तान के नूर अहमद और नवीन-उल-हक की शानदार गेंदबाजी के आगे कैपिटल्स दबाव में आई। कैपिटल्स को आखिरी ओवर में 14 रन बनाने थे। जिससे बनाने से वे दो रनों से चूक गए। नूर अहमद ने 34 रन देकर दो विकेट लिए और नवीन-उल-हक ने 35 रन देकर एक विकेट झटका। नूर ने रहमानुल्लाह गुरबाज और विल जैक्स का विकेट लिया तो वहीं केशव महाराज ने भी खतरनाक लियाम लिविंगस्टोन को पवेलियन का रास्ता दिखाया। नवीन-उल-हक के अंतिम ओवर में 14 रन कैपिटल्स को बनाने थे और उनके युवा खिलाड़ी स्टीव स्टोक स्ट्राइक पर थे। इस रोमांचक ओवर में आखिरी गेंद पर चार रन की जरूरत थी। लेकिन नवीन ने अंतिम गेंद पर केवल लेग बाई दी और अपनी टीम को मैच जिताने में भूमिका अदा की। गुरबाज और विल जैक्स के बीच 154 रनों की विस्फोटक ओपनिंग साझेदारी के कारण कैपिटल्स का रन-चेज सही दिशा में आगे बढ़ता दिख रहा था। जैक्स ने पिछले दो सीजन में अपने शानदार स्ट्रोक-प्ले से एसए20 दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। इस लिस्ट में अफगानिस्तान के बल्लेबाज गुरबाज भी शामिल हुए। उन्होंने तेज गेंदबाजों और स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ समान रूप से अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स पर आक्रमण किया, फिर डीएसजी के कप्तान केशव महाराज के खिलाफ स्वीप शॉट खेलकर अपना इरादा जाहिर कर दिया।

एशेज में ऑस्ट्रेलिया पर हावी रहेगी इंग्लैंड की युवा टीम : ग्रेग चैपल

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ग्रेग चैपल ने बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के परिवर्तनकारी नेतृत्व में इंग्लैंड के उल्कापिंड उदय पर चर्चा की, और अगली एशेज श्रृंखला से पहले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सामने आने वाली स्थिरता और संरचनात्मक चुनौतियों के साथ इसकी तुलना की। इंग्लैंड का बदलाव असाधारण से कम नहीं रहा है। बेन स्टोक्स की कप्तानी और ब्रेंडन मैकुलम की अभिनव कोचिंग के तहत, टीम ने क्रिकेट के एक निडर ब्रांड को अपनाया है जो सावधानी से ज़्यादा अभिव्यक्ति को प्राथमिकता देता है। चैपल ने इस बदलाव की प्रशंसा की, और इस बात पर प्रकाश डाला कि इंग्लैंड अब प्रतिस्पर्धा से संतुष्ट नहीं है; उनका लक्ष्य हावी होना है। चैपल ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के लिए अपने कॉलम में लिखा, बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम के साहसिक और परिवर्तनकारी नेतृत्व में

इंग्लैंड न केवल पुनर्निर्माण कर रहा है, बल्कि वे एक ऐसी टीम के साथ आगे बढ़ रहे हैं जो एक पीढ़ी के लिए हावी होने के लिए तैयार दिखती है। इस पुनरुत्थान की कुंजी युवा प्रतिभा में उनका विश्वास है, जिसका प्रतीक हैरी ब्रूक हैं, जिनकी तुलना चैपल ने महान सचिन तेंदुलकर से की है। महज 25 साल की उम्र में ब्रूक एक बेहतरीन बल्लेबाज के रूप में उभरे हैं। उनका तरीका- सरल लेकिन विनाशकारी- तेंदुलकर के शुरुआती वर्षों की याद दिलाता है। ब्रूक की कम से कम हरकत के साथ विकेट के पार रन बनाने की क्षमता और दबाव में पनपने की उनकी आदत ने उन्हें इंग्लैंड के भविष्य का आधार बना दिया है। चैपल ने आंकड़ों की ओर ध्यान आकर्षित किया: अपने पहले 15 टेस्ट मैचों में, तेंदुलकर ने दो शतकों के साथ 40 से कम की औसत से 837 रन बनाए, जबकि ब्रूक ने पहले ही पांच शतकों के साथ लगभग 60 की औसत से 1,378 रन बना लिए हैं। उम्र के अंतर को स्वीकार करते हुए- तेंदुलकर इस चरण के दौरान किशोर थे- चैपल ने ब्रूक की आक्रामकता को निरंतरता के साथ जोड़ने की क्षमता पर जोर दिया।

श्रम मंत्री ने दर्री को दी 44 लाख के विकास कार्यों दी सौगात

उद्योग मंत्री दर्री और कोसाबाड़ी जोन के वार्डों में विभिन्न लोकार्पण और भूमि पूजन कार्यक्रम में हुए सम्मिलित

रायपुर । वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन कोरबा नगर निगम क्षेत्र के दर्री जोन के वॉर्ड क्रमांक 47 में आयोजित भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में 44 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी। मंत्री श्री देवांगन ने कोरबा नगर निगम क्षेत्र के दर्री जोन के वॉर्ड क्रमांक 47 गोपालपुर शिव मंदिर के समीप प्रभारी मद के 15 लाख की लागत से से भारिया समाज सामुदायिक भवन के पास नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण के साथदृसाथ अधोसंरचना मद और जिला खनिज न्यास मद से निम्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। इसके साथ ही वार्ड 45 रामनगर में सामुदायिक भवन के पास किचन शेड निर्माण कार्य 4 लाख, वार्ड 47 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सामुदायिक गवन निर्माण कार्य लागत 10 लाख, वार्ड के 48 सलिहाभाठा सुमेधा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 10 लाख, वार्ड 53 नदियाखार पुलिया के पास मुक्तिधाम निर्माण कार्य 5 लाख कुल 29 लाख के कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मंत्री देवांगन का भारिया समाज के लोगों ने आभार और अभिनंदन किया। समाज के प्रमुख जनों की मांग पर सामुदायिक भवन के बाउंड्रीवाल और चेका टाइल्स के लिए मंत्री ने 15 लाख की स्वीकृति की सहर्ष घोषणा की। इसी तरह कोरबा नगर निगम आवसीय

कॉलोनी परिसर स्थित शिव मंदिर में विधायक मद, प्रभारी मद से वार्ड क्र. 22 नगर पालिक निगम आवासीय कालोनी कोरबा में न.पा.नि. कोरबा द्वारा निर्मित पंडाल मे शेड एवं हाल का निर्माण 10 लाख, वार्ड क्र. 22 नगर पालिक निगम आवासीय परिसर के सार्वजनिक परिसर में पंडाल का निर्माण कार्य 7 लाख का लोकार्पण किया। साथ ही वार्ड क. 22 न.पा.नि. कोरबा आवासीय परिसर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 6 लाख, वार्ड 33 रामपुर उद्यान का विकास कार्य लागत 20 लाख के कार्यों के भूमिपूजन व शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि विष्णु सरकार में विकास कार्यों की गति का आप अंदाजा लगा सकते हैं जिन कार्यों की स्वीकृति जून में मिली थी उन कार्यों का भूमिपूजन किया गया था, आज उनका लोकार्पण कर आम जन मानस को समर्पित किया जा रहा है। आने वाले दिनों में बहुत सारी उपलब्धियां हमारे शहर के साथ वार्ड के साथ जुड़ेंगी। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि 10 जनवरी के बाद कोरबा नगर निगम का मौजूदा कार्यकाल समाप्त हो चुका है। इसी के साथ कोरबा नगर निगम की बदहाली के कार्यकाल का अवधि भी समाप्त हो चुका है। आने वाले दिनों में आप सभी के आशीर्वाद और समर्थन के साथ कोरबा नगर निगम में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी।

खबरों के गलियारे से...

दूसरे की जमीन को अपना बताकर 1 करोड़ 21 लाख की ठगी, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। माना कैंप रोड रायपुर में दूसरे की जमीन को अपना बताकर 1 करोड़ 21 लाख रुपए में बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया प्रवीण अग्रवाल 49 वर्ष शंकर नगर खम्हारडीह की रहने वाली है। प्रार्थिया ने मंदिरहसौद थाना में शिकायत किया कि आरोपी देवंतीन वर्मा अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर माना रोड स्थित 5 एकड़ दूसरे की जमीन को अपना बताकर प्रार्थिया से सौदा तय कर लिया और फर्जी इकरारनामा तैयार कर 1 करोड़ 21 लाख रुपए में बेच दिया। शिकायत मंदिरहसौद थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पत्नी को उतारा मौत के घाट, आरोपी फरार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम कोटनी में एक युवक ने अपनी पत्नी के सिर पर लोढ़ा से हमला कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के पति के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका दुर्गा यादव 34 वर्ष ग्राम कोटनी के रहने वाली थी। बताया जाता है कि आरोपी पति संतोष यादव ने पारिवारिक विवाद को लेकर अपनी पत्नी दुर्गा यादव पर सील लोढ़ा से सिर पर मारकर चोट पहुंचाया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति फरार हो गया। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक के खाते से 1 लाख 75 हजार पार

रायपुर/नवप्रदेश। शिवनगर में क्रेडिट कार्ड के वालेट में केश देने का झांसा देकर 1 लाख 75 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। विजेन्द्र चंद्राकर 40 वर्ष शिवनगर हांडीपारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने आजाद चौक थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर 90358-55936 से कॉल आया और उक्त व्यक्ति ने अपने आप को डीबीएस कंपनी का कर्मचारी बताकर प्रार्थी से कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड में वॉलेट केश डालना है उसके लिए ओटीपी बताओं जिससे प्रार्थी के ओटीपी बताने पर अज्ञात आरोपी ने उसके खाते से दो बार में 1 लाख 75 हजार रुपए आहरण कर लिया।

हायर सेकेण्डरी स्कूल फिंगेश्वर के संस्था प्रमुख को तत्काल हटाने के निर्देश

36 स्कूल के संस्था प्रमुखों को कारण बताओ नोटिस एवं दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

- फिंगेश्वर के बीईओ एवं बीआरसीसी को कारण बताओ नोटिस
- अद्र्धवार्षिक परीक्षा में खराब परिणाम वाले स्कूलों पर जताई गहरी नाराजगी

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज जिला पंचायत के सभागार में गौरव गरियाबंद अभियान अंतर्गत जिले के सभी हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के अद्र्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के संबंध में सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्यो, बीआरसीसी की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में स्कूलवार अद्र्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम की समीक्षा की। कलेक्टर ने खराब परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों के प्राचार्यो पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने टीडी हायर सेकेण्डरी स्कूल फिंगेश्वर के संस्था प्रमुख को तत्काल हटाने के निर्देश दिये। साथ ही 36 स्कूलों के संस्था प्रमुखों को कारण बताओ नोटिस एवं दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के भी निर्देश दिये। मॉनिटरिंग में गंभीरता नहीं बरतने वाले फिंगेश्वर के बीईओ एवं बीआरसी को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल करने एवं उच्च शिक्षा गुणवत्ता के उद्देश्य से गौरव गरियाबंद अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के शत प्रतिशत सफलता हासिल करने के लिए विशेष कार्य योजना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में और अधिक मेहनत करते हुए सभी स्कूलों में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल करने के लिए प्राचार्य एवं शिक्षक गंभीरतापूर्वक अधिक प्रयास करें। बोर्ड परीक्षा में अच्छे रिजल्ट के लिए बीईओं, बीआरसी तथा प्राचार्य शिक्षक एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें।

खराब परिणाम पर शिक्षकों पर होगी सख्त कारवाई

कलेक्टर ने स्कूली विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने के लिए संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों को मुख्यालय में निवास करने एवं निर्धारित समय में स्कूल आने के निर्देश दिये। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जिन विषय शिक्षकों का परीक्षा परिणाम खराब आयेगा, ऐसे शिक्षकों को चिन्हांकित कर उनके विरूद्ध सख्ती के साथ कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह जिन स्कूलों के रिजल्ट खराब आयेगा, ऐसे संस्था प्रमुखों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही करने के लिए शासन को पत्र भेजा जायेगा।

कमजोर बच्चों के लिए विशेष क्लास लगाकर पढ़ाये

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की परीक्षा मार्च के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ होगी। इसके लिए पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षकों द्वारा बच्चों को निरंतर मार्गदर्शन करे एवं जिले में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करे। जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षा के बेहतर परिणाम लाने के लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा प्रश्न बैंक का ब्लूप्रिंट तैयार कर सभी प्राचार्य को प्रश्न बैंक दिया गया है। जिसके आधार पर विषय शिक्षक बच्चों को तैयारी कराएं। जिससे प्री बोर्ड की तैयारी आसानी से किया जा सकता है। स्कूल में कमजोर बच्चों के लिए विशेष क्लास लगाकर पढ़ाये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के अद्र्धवार्षिक परीक्षा में जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम डी ग्रेड रहा। ऐसे 36 स्कूलों के प्राचार्यो को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये है।

12 से 14 जनवरी तक राज्य युवा महोत्सव का आयोजन

- युवाओं के लिए मंच और संवाद का अवसर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य युवा महोत्सव का आयोजन 12 से 14 जनवरी 2025 तक रायपुर में किया जाएगा। यह आयोजन प्रदेश के 33 जिलों से लगभग 3500 युवा कलाकारों को मंच प्रदान करने जा रहा है और राज्य सरकार के लिए यह एक प्रतिष्ठा का विषय है। राज्य युवा महोत्सव का आयोजन रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान (खेल संचालनालय परिसर) में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह 12 जनवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मुख्य आतिथ्य में और माननीय विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रदेश के युवाओं से संवाद करेंगे और देश एवं प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्रीराम मंदिर निर्माण के संबंध में मैं अयोध्या हूं नाटक मंचन होगा, साथ ही लेजर शो के माध्यम से भारत के विकास में एक दशक की यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा। 13 जनवरी को 'सुपर 30' फेम आनंद कुमार सर के साथ युवाओं का संवाद होगा, साथ ही 'ऐसा जादू है मेरे बस्तर में' फेम दायरा बैण्ड का प्रदर्शन भी होगा। महोत्सव के तीनों दिन प्रदेश भर से आए युवा कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक, बौद्धिक विकास, पारंपरिक विधाओं जैसे लोकनृत्य, लोकगीत, कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्वकला, कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाइल, कृषि उत्पाद और रॉक बैण्ड का प्रदर्शन किया जाएगा। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर राज्यपाल द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे, और कार्यक्रम का समापन सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास और स्थानीय कवियों के साथ 'युवा कवि सम्मेलन' के आयोजन से होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654